दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 11 | जयपुर | मंगलवार , 13 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## बिना पर्यावरण मंजूरी के 23 हजार खदानें हो सकेंगी संचालित
### सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी की समय सीमा 31 मार्च तक बढ़ाई, लेकिन आवेदन तीन सप्ताह में करना होगा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश की 23 हजार खदानों को राज्यस्तरीय पर्यावरण मंजूरी जारी करने की समय सीमा को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बैंच ने यह आदेश राज्य सरकार की अपील को स्वीकार करते हुए दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि प्रदेश की इन खानों को आदेश की तारीख के तीन सप्ताह के भीतर राज्य पर्यावरणीय प्राधिकरण (एसईआईएए) के यहां पर्यावरणीय मंजूरी के लिए आवेदन करना होगा। दरअसल, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जिला स्तरीय पर्यावण मंजूरी प्राप्त खानों को 7 नवम्बर तक राज्य स्तर पर पर्यावरणीय मंजूरी लेने के लिए कहा था। मंजूरी नहीं मिलने पर इन खानों के बंद होने का संकट खड़ा हो गया था। इसके बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। 8 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट से सरकार को अंतरिम राहत मिल गई थी।

#### सरकार ने मांगा था 12 महीने का समय

प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपील में कहा था कि अगर यह खाने बंद हो जाती हैं। राज्य में बेरोजगारी, सामाजिक अशांति और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे प्रदेश में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य भी प्रभावित होंगे। वहीं, इन खदानों में काम करने वाले करीब 15 लाख श्रमिकों की नौकरी पर भी संकट आ जाएगा। ऐसे में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की राज्य पर्यावरणीय प्राधिकरण द्वारा आवेदनों के पुन मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक वर्ष का समय बढ़ाया जाए। क्योंकि एसईआईएए में सीमित ढांचा और स्टॉफ होने के कारण वह इस समय सीमा में उसे पूरा करना संभव नहीं है। प्राधिकरण द्वारा अब तक प्राप्त आवेदनों में से कुछ का ही मूल्यांकन किया गया है। ऐसे में समय सीमा बढ़ाई जानी चाहिए।

## पंजाब में उपराष्ट्रपति के फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग
### विजिबिलिटी कम होने के कारण 1 घंटा आसमान में घूमता रहा विमान, अमृतसर में लैंड करवाया



बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** पंजाब में धुंध के कारण कम विजिबिलिटी होने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की फ्लाइट लुधियाना में लैंड नहीं हो पाई। उनकी फ्लाइट करीब एक घंटे तक आसमान में उड़ती रही। इसके बाद अमृतसर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। मंगलवार को उपराष्ट्रपति को लुधियाना में स्थित पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में पहुंचना था। जहां इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इसमें पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भगवंत मान भी पहुंचे थे, लेकिन उपराष्ट्रपति का विमान लुधियाना में लैंड नहीं हो पाया।

ऐसे में उनके विमान को अमृतसर में लैंड करवाने का फैसला लिया। एयरपोर्ट पर उतरने से पहले इसकी सूचना अमृतसर डीसी ऑफिस को दी गई। जिसके बाद डीसी अमृतसर साक्षी साहनी और पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। वीआईपी मूवमेंट के कारण रनवे को खाली कराया गया और उनके विमान को अमृतसर में उतारा गया। उपराष्ट्रपति ने अधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक की। इस दौरान यहां विमान में ईंधन भरा गया। जिसके बाद विमान फिर इंदौर के लिए रवाना हो गया।

वहीं उपराष्ट्रपति के न आने पर राज्यपाल और सीएम ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक इंटरनेशनल स्कॉलर पहुंचे थे।

# 10 राज्यों की 31 विधानसभा, 1 लोकसभा सीट पर उपचुनाव आज
### वायनाड में प्रियंका के खिलाफ भाजपा की नव्या; सिक्किम की 2 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हुआ



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** झारखंड में पहले फेज की 43 सीटों के साथ ही 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव होंगे। सिक्किम की 2 सीटों पर 30 अक्टूबर को ही सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के दोनों प्रत्याशियों को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया था। वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव राहुल गांधी के इस सीट को छोड़कर रायबरेली सीट चुनने की वजह से हो रहा है। उन्होंने रायबरेली और वायनाड दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीते थे। यहां से उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस प्रत्याशी हैं। कांग्रेस का राज्य में डीएफ गठबंधन है। भाजपा की ओर से नव्या हरिदास और लेफ्ट गठबंधन एलडीएफ से सत्यन मोकेरी चुनावी मैदान में हैं। 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों में से 28 विधायकों के लोकसभा चुनाव में सांसद बनने, 2 के निधन और 1 के दलबदल से उपचुनाव हो रहे हैं।

इनमें 4 सीटें सुप्रीम कोर्ट और 6 सीटें एसटी के लिए आरक्षित हैं। 31 में से 18 सीटें विपक्ष ने जीती थीं। इनमें अकेले कांग्रेस के पास 9 सीटें थीं। वहीं, एनडीए ने 11 सीटें जीती थीं। इनमें से 7 विधायक भाजपा के थे। 2 विधायक अन्य दलों के थे।

## राजस्थान में 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की वोटिंग आज
### पांच सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला



**जयपुर।** राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर बुधवार को उपचुनाव होगा। सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी। सलूंबर,चौरासी, झुंझुनूं, रामगढ़, खींवसर, दौसा और देवली-उनियारा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। सातों सीटों पर हो रहे उपचुनाव सरकार और विपक्ष दोनों के सियासी नरेटिव को तय करेगा। उपचुनाव सियासी प्रशिक्षण के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए बेहद अहम है। इन चुनावों का सरकार का पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा, लेकिन नेताओं की सियासी सेहत पर जरूर असर होगा। सीएम भजनलाल शर्मा की सियासी प्रतिष्ठा जुड़ी है। जिन सात सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास केवल सलूंबर सीट थी। बाकी 6 सीटों पर अन्य पार्टियों के उम्मीदवार जीते थे। इस उपचुनाव में बीजेपी एक से ज्यादा सीट जीतती है तो भी उसे फायदा होगा। इसे सरकार के काम पर जनता की मुहर के तौर पर पेश किया जाएगा।

## तत्काल लिस्टिंग-सुनवाई मौखिक नहीं होगी : सीजेआई खन्ना
### वकीलों को ऐसे मामलों में लेटर भेजना होगा, अर्जेंट हियरिंग की वजह बतानी होगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट में वकील अब किसी मामले की तत्काल लिस्टिंग और सुनवाई ओरली (मौखिक) नहीं करा सकेंगे। नए सीजेआई संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि वकीलों से इसके लिए ईमेल या रिटन लेटर भेजा होगा। दरअसल, सीजेआई ने ज्यूडिशियल रिफोर्म के लिए सिटिजन सेंट्रिक एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है। सीजेआई खन्ना ने कहा- तत्काल सुनवाई के लिए अब तक वकील सीजेआई की अगुवाई वाली बेंच के सामने मौखिक अपील कर रहे हैं, यह अब नहीं होगा। वकीलों को ईमेल भेजकर या पत्र देकर यह बताना होगा कि केस की अर्जेंट लिस्टिंग और हियरिंग क्यों जरूरी है। जस्टिस संजीव खन्ना ने 11 नवंबर को देश के 51वें चीफ जस्टिस की शपथ ली थी। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई थी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर्ड हो चुके हैं।

6 महीने का होगा जस्टिस खन्ना का कार्यकाल जस्टिस खन्ना का सीजेआई के रूप में कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा। 64 साल के जस्टिस खन्ना 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर जस्टिस खन्ना ने 65 फैसले लिखे हैं। इस दौरान वे करीब 275 बेंचों का हिस्सा रहे हैं।

जस्टिस संजीव के चाचा जस्टिस हंसराज खन्ना भी सुप्रीम कोर्ट में जज थे। हालांकि, इंदिरा सरकार के इमरजेंसी का विरोध करने पर उन्हें सीनियर होने के बावजूद चीफ जस्टिस नहीं बनाया गया। उनकी जगह जस्टिस एमएच बेग को सीजेआई बना दिया गया। जस्टिस हंसराज ने इसका विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट जज से इस्तीफा दे दिया था।

## अक्टूबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 6.21 प्रतिशत पर पहुंची
### ये 14 महीनों में सबसे ज्यादा; सब्जी, फल और मीट के दाम बढ़े

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** खाने-पीने की चीजें महंगी होने से अक्टूबर में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 6.21% पर पहुंच गई है। ये महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर है। अगस्त 2023 में महंगाई दर 6.83% रही थी। वहीं अक्टूबर से एक महीने पहले सितंबर में भी सब्जियां महंगी होने से ये दर 5.49% पर पहुंच गई थी। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.24% से बढ़कर 10.87% हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 5.87% से बढ़कर 6.68% और शहरी महंगाई 5.05% से बढ़कर 5.62% हो गई है।



#### महंगाई कैसे प्रभावित करती है?

महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी।

#### महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है?

महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है।

सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

#### सीपीआई से तय होती है महंगाई


एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर रिटेल महंगाई का रेट तय होता है।




## राहुल के खिलाफ भाजपा की चुनाव आयोग से शिकायत
### कहा- राहुल बोलते हैं कि भाजपा संविधान को कुचलना चाहती है, यह आरोप बेबुनियाद

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र चुनाव की वोटिंग से 9 दिन पहले भाजपा ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को कहा- राहुल गांधी महाराष्ट्र की रैलियों में भाजपा के खिलाफ झूठा प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल ने 6 नवंबर की रैली में कहा था कि भाजपा संविधान को कुचलना चाहती है। यह आरोप बेबुनियाद है। राहुल राज्यों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने संविधान की धज्जियां उड़ाईं। हमने चुनाव आयोग से कहा है कि इसे रोका जाना चाहिए। राहुल गांधी ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाने के आदी हैं। चेतावनी और नोटिस के बावजूद वे ऐसा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के खिलाफ बीएनएस की धारा 353 के तहत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।



#### राहुल के 4 और बयान... जिनके खिलाफ भाजपा चुनाव आयोग पहुंची

तमाम उद्योगों और नौकरियों में देखें तो वहां पर एससी - एसटी समुदाय के लोग और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग नजर नहीं आते हैं। गरीब तबके से आने वाले लोगों को भी जगह नहीं मिलती है। अगर आपको कहीं नौकरी पानी है तो आरएसएस की मेंबरशिप ले लीजिए। इस मेंबरशिप से आपको कहीं पर भी नौकरी मिल जाएगी। वहां पर यह भी नहीं देखा जाएगा की आपकी योग्यता क्या है या फिर आपको क्या कुछ आता है। जिन फैक्ट्री में युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए था वह आपसे छीन लिए गए, आपकी जमीन है आपसे छीनी जा रही है। ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम करता है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समस्त तैयारियां सुनिश्चित करें अधिकारी : जिला कलक्टर

## डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले के सभी उपखण्ड अधिकारियों को युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समस्त तैयारियां दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया। मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी कहा कि पंचायत, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले इस युवा महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाशाली युवा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं इसके लिए अधिकारी कार्ययोजना का बेहतर रूप से क्रियान्वयन करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी कुर्रेजात, सीमाज्ञान, नामांतरण, पत्थरगढ़ी एवं भू-रूपांतरण सहित राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के लंबित राजस्व वादों में नियमानुसार कमी लाने के लिए नियमित रूप से कोर्ट लें एवं राजस्व वादों का प्रभावी एवं समयबद्ध

### लंबित राजस्व प्रकरणों में कमी लाने के लिए किया निर्देशित



निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करें। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्ररकणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तरण करने, नियमित जनसुनवाई करने, राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों, छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं अधिक से अधिक रात्रि चौपाल कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आगामी सर्द ऋतु के मद्देनजर क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में रैन बसेरे संचालित करने एवं रैन बसेरों में साफ-सफाई, साफ बिस्तर सहित अन्य इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को मर्ज किये गए राजकीय विद्यालयों के भवनों में वर्तमान में किराये के भवन में संचालित आंगनबाड़ी अथवा स्वास्थ्य केन्द्र अथवा अन्य राजकीय कार्यालय संचालित करने की कार्यवाही अमल में लाने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री सहायता कोष से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग सुधार के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को अपने क्षेत्र में गोद लिये गए पार्कों का गुणवत्तापूर्ण विकास करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) सुमन पंवार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद शेर सिंह लुहाड़िया सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्या एवं अधिकारिता विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, समस्तर उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधीशासी अधिकारी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।

# यूएनएफपीए एवं राजस्थान पुलिस अकादमी का अन्तर्विभागीय संवाद सेमिनार

## जेंडर आधारित हिंसा की प्रभावी रोकथाम एवं विधि प्रवर्तन उपायों पर हुआ मंथन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान पुलिस अकादमी एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के संयुक्त तत्वावधान में जेंडर आधारित हिंसा और इसकी हार्मफुल प्रेक्टिसेज की समस्या के परिवर्तनकारी समाधान, प्रभावी निष्पादन, रोकथाम के उपाय आदि को लेकर मंगलवार को राजस्थान पुलिस अकादमी के सभागार में एक दिवसीय अंतर्विभागीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ज्ञान प्रबंधन उत्पादों के रूप में ''एन इनफॉर्मेटिव बुकलेट ऑन एड्रेसिंग टेक्नोलॉजी-फैसिलिटेटेड जेंडर बेस्ड वायोलेंस'' पुस्तिका का विमोचन किया गया, वहीं ''बेटा-बेटी एक समान, दोनों को मिले अवसर समान'' तथा पीसीपीएनडीटी तथा कम्युनिटी पुलिसिंग से संबंधित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने यूएनएफपीए को भारत में कार्य करते हुए 50 वर्ष पूर्ण होने पर वर्षगांठ की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूएनएफपीए के अधिकारी, प्रशिक्षु पुलिस अधिकारी, जोधपुर विधि विश्वविद्यालय से आए अकादमिक अध्येता, सुरक्षा सखी, निर्भया स्कवॉड में कार्यरत पुलिसकर्मी, विभिन्न अधिकारी एवं कार्मिक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सभी के मध्य जेण्डर आधारित संवेदनशील एवं महत्त्वपूर्ण विषयक मुद्दे पर आयोजित की जा रही सेमिनार वर्तमान समय में काफी अहम एवं प्रासंगिक है। डीजीपी डॉ मेहरड़ा ने कहा कि ''यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते, रमन्ते तत्र देवता'' जैसी मूल भावना हमारी भारतीय संस्कृति एवं समृद्ध परम्परा की थाती है। नारी को सर्वोच्च आदर्श मानकर हमने सदैव उन्हें ज्ञान, धन और शक्ति की देवियों के रूप में सर्वोच्च आराध्य आदर्श मानकर प्रतिष्ठापित किया है। पुलिस के साथ अन्य सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर एकरूपता, समता, समानता, सार्वभौमिकता, जागरूकता और सामूहिक प्रयासों व कानूनों के कड़े व प्रभावी प्रवर्तन के माध्यम से हम लिंग आधारित हिंसा को धाराशायी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल फुटप्रिंट अमिट प्रकृति के होते हैं, जिन्हें अपराधी अवांछित उपयोग के लिए विकसित कर सकते हैं। इनका सावधानीपूर्वक उपयोग व दुरुपयोग से बचाव के लिए पूर्ण जागरूकता अपरिहार्य है।

**समाज की मानसिकता में बदलाव जरूरी :** एंड्रिया एम. वॉज्नार यूएनएफपीए की भारत की प्रतिनिधि एवं कन्ट्री डायरेक्टर, भूटान एण्ड्रिया एम. वॉज्नार ने अपने उद्बोधन की नमस्कार से शुरूआत करते हुए कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि राजस्थान पुलिस का नेतृत्व एवं अधिकारीगण जेण्डर इश्यूज़ जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सक्रिय रहकर कार्य कर रहे है जो कि सबके लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रशंसा करते हुए इनके सकारात्मक परिणामों की आशा जताई और कहा कि शिक्षा एवं जागरूकता की कमी को दूर कर आर्थिक विषमता के बावजूद भी लैंगिक परिस्थितियों को नॉलेज एवं एटीट्यूड के जरिए परिवर्तित किया जा सकता है। इसके लिए जनमानस, नागरिकों व परिवेश में माइंडसेट चेंज की आवश्यकता है। आईटी एक्ट 2000 के 43, 66-सी, 67, 67-बी आदि उपबंधों के तहत 3 वर्ष की सजा एवं 1 लाख जुर्माना, साइबर ग्रुमिंग, स्टॉकिंग, मॉब, जेन्डर ट्रॉलिंग, डिजिटल अरेस्ट, भारतीय न्याय संहिता के सेक्षन 319, आईटी एक्ट 2020 की धारा 66 डी आदि पर गहन चर्चा की गई और पुलिस थाना नम्बर-100, हैल्पडेस्क नम्बर-104, साइबर क्राइम हैल्पलाइन नम्बर-1930, वीमन हैल्पलाइन नम्बर-181 एवं 1090 आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान लैंगिक समानता से संबंधित समन्वित व सकारात्मक प्रयासां के लिए सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व पुलिस वॉलियन्टर्स को सम्मानित किया गया।

# एसीबी की कार्रवाई से महिला थाने में मचा हड़कंप

## पन्द्रह बंद लिफाफों में मिले लाखों रुपए, सभी पर लिखे थे केस के नम्बर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भरतपुर में स्थित महिला थाने में उस वक्त हड़कम्प मच गया,जब भ्रष्टचार निरोधक ब्यूरों ने कार्रवाई करते हुए थाना परिसर से पन्द्रह बंद लिफाफे बरामद किए। एसीबी को पन्द्रह लिफाफों से लाखों रुपए की नकदी बरामद हुई है। इस मामले में एसीबी ने नकदी बरामद कर थाना प्रभारी भंवर सिंह और रीडर जय सिंह से पूछताछ शुरु कर दी है। एडिशनल एसपी अमित सिंह चौधरी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को भरतपुर स्थित महिला थाने पर छापेमारी की गई। जांच पड़ताल के दौरान एसीबी को थाने में पन्द्रह बंद लिफाफे मिले। जिसमें चार लाख तीस हजार रुपए बरामद हुए। एंट्री करप्शन ब्यूरो की टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना परिसर में मौजूद अलमारी और अन्य सामान की तलाशी ली। जिसमें करीब पन्द्रह बंद लिफाफे बरामद हुए। इन्हे खोल कर देखा तो लिफाफों से कुल चार लाख तीस हजार रुपए मिले। नकदी बरामद करने के बाद एसीबी ने थाना प्रभारी व उसके रीडर से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है प्रत्येक लिफाफे पर मुकदमा नंबर लिखा हुआ था। एसीबी ने लिफाफे बरामद कर जांच शुरु कर दी है। बताया जा रहा है सूचना मिलने के बाद एसीबी की टीम महिला थाने पहुंची और अलमारियों की तलाशी में मिले लिफाफों अंदर नकदी व केस नंबर मिलने के बाद एसीबी ने सभी फाइलों को जब्त कर लिया। एसीबी इस मामले में थाना परिसर में मौजूद स्टाफ से भी पूछताछ करने में जुटी है।

# चाबी बनाने के बहाने घर में आया एक युवक बीस लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले भागा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जवाहर नगर थाना इलाके में चाबी बनाने के बहाने घर में आया एक युवक बीस लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर संदिग्ध की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी शेषनारायण ने बताया कि जवाहर नगर सेक्टर 6 निवासी ललित शर्मा (55) ने मामला दर्ज करवाया है कि सोमवार दोपहर एक व्यक्ति साइकिल पर चाबी बनवाने के लिए आवाज लगा रहा था।

उस दौरान वह कॉलोनी में घर के बाहर खड़े होकर ठेले से सब्जी खरीद रहा था। पूछने के बाद व्यक्ति को अलमारी की चाबी बनाने के लिए अपने घर के अंदर लेकर गया। वह लोहे की अलमारी की चाबी बनाने लग गया। व्यक्ति ने आधे घंटे तक कोशिश की,लेकिन अलमारी की चाबी तैयार नहीं हो पाई। इसके बाद आरोपित व्यक्ति ने पीड़ित ललित शर्मा को तेल लाने के लिए कहा। ललित तेल लेने के लिए किचन में चला गया।

# 'महाप्रबंधक की मण्डल रेल प्रबंधको के साथ कार्य प्रगति एव समीक्षा बैठक आयोजित

## कार्यनिष्पादन, निर्माण कार्यों, पूंजीगत व्यय, आय तथा संरक्षा कार्यों पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** उत्तर पश्चिम रेल महाप्रबंधक अमिताभ की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में मंगलवार को उत्तर पश्चिम रेलवे पर कार्य समीक्षा एवं कार्य प्रगति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्य निष्पादन, निर्माण कार्य, पूंजीगत आय, रेलवे ट्रैक की फेंसिग, समपार फाटक को बंद करने, यात्री सुविधाएं तथा आय बढ़ाने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक और सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में महाप्रबंधक आमिताभ अपने सम्बोधन में कहा कि इस वित्त वर्ष के प्रथम 6 माह में उत्तर पश्चिम रेलवे का कार्य निष्पादन उत्कृष्ट रहा है और सामंजस्य और समन्वय के साथ कार्य कर सभी कार्यों को लक्ष्यानुसार करने पर ध्यान देना है। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करना है। उन्होंने संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए सतर्कता और सजगता से कार्य करने पर बल दिया एवं सर्दियों के मौसम में रेल संचालन पर विषेष ध्यान केन्द्रित करने की बात कही। साथ ही स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की भी समीक्षा की और कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधको ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से मण्डल की प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान की तथा प्रगति पर चल रहे कार्यों के बारे में अवगत करवाया। इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के कार्यों जैसे नई लाइनों के निर्माण, दोहरीकरण,

### स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की प्रगति व कार्य योजना को लेकर विचार विमर्श किया




विद्युतीकरण के साथ-साथ स्टेशनों के पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं से जुडे कार्यों और संरक्षा के प्रमुख मदों रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज, सिगनल कार्यों पर प्रमुखता के साथ चर्चा की गई।

बैठक में स्टेशन पुनर्विकास के उपरांत उपलब्ध वाणिज्यिक स्थान को लीज पर देने की प्रक्रिया का निर्धारण करने, गैर किराया राजस्व को बढाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सेफ्टी फेंसिंग के प्रगति, समपार फाटक को बंद करने व अप्रोच रोड को सुधारने पर चर्चा की गई। बैठक में यातायात सुविधाओं में विस्तार के लिए नये मेगा टर्मिनल, कोचिंग टर्मिनल, पिट लाइन, प्लेटफॉर्म से सम्बंधित कार्यों के लिए डीपीआर और मास्टर प्लान पर भी चर्चा की गई। बैठक में महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों को कार्य निष्पादन को निर्धारित लक्ष्यानुसार पूरा करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए ताकि समयानुसार रेल उपभोक्ताओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके तथा आश्वस्त किया कि मुख्यालय स्तर पर अनुमोदित होने वाले कार्यों के निष्पादन में पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्य प्रगति व समीक्षा बैठक में अशोक माहेश्वरी, अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, विकास पुरवार मण्डल रेल प्रबंधक-जयपुर, आलोक अग्रवाल, मण्डल रेल प्रबंधक-अजमेर पंकज कुमार सिंह, मण्डल रेल प्रबंधक-जोधपुर व डा. आशीष कुमार, मण्डल रेल प्रबंधक-बीकानेर उपस्थित थे।

# विक्रांत मैसी ने जयपुर में किया 'द साबरमती रिपोर्ट' का प्रमोशन, उठाया राजस्थानी थाली का लुत्फ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर जारी हो चुका है और ये सच्चे मायनों में सनसनी पैदा कर रहा है। इसमें भारत की एक बेहद दर्दनाक घटना की झलक दिखाई गई है, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था। जहां दर्शक इस अनकही घटना के बारे में जानने को उत्सुक हैं, वहीं विक्रांत मैसी ने आज जयपुर में फिल्म का प्रमोशनल टूर करते हुए मीडिया और फैंस से मुलाकात की है। इतना ही नहीं एक्टर ने इस दौरान राजस्थानी थाली का लुफ्त भी उठाया। बता दें कि एक्टर के इस विजिट ने फिल्म के रिलीज को लेकर देखी जा रही बेसब्री को और बढ़ा दिया है। फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत मैसी ने अपने जयपुर दौरे से सभी को चौंका दिया। उनकी एक्टिंग स्किल्स की सराहना तो पहले से ही होती रही है, और उनके द्वारा चुनी गई कहानियां भी खास और गहरी होती हैं। इस फिल्म की कहानी साबरमती एक्सप्रेस में 27 फरवरी, 2002 को गोधरा स्टेशन के पास हुए एक हादसे पर आधारित है। विक्रांत फिल्म में एक पत्रकार को भूमिका में हैं, जिसे सिल्वर स्क्रीन पर देखना अपने आप में खास होने वाला है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रेजेंट, 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं, जो धीरज सरना द्वारा डायरेक्टेड और शोभा कपूर, एकता आर ऋ कपूर, अमूल वी मोहन औरअंशुल मोहन द्वारा प्रोड्यूस है, जिसे दुनिया भर में ज़ी स्टूडियोज द्वारा रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 15 नवंबर2024 को रिलीज होगी।

# नगर निगम हैरिटेज का स्वास्थ्य निरीक्षक छह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर नगर-प्रथम टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए नगर निगम हेरिटेज जयपुर जोन-आदर्श नगर के स्वास्थ्य निरीक्षक देव कुमार को परिवादी से छह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर-प्रथम टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिता की हाजिरी माफी और सफाई कार्य में राहत देने की एवज में नगर निगम हैरिटेज जयपुर जोन-आदर्शनगर के स्वास्थ्य निरीक्षक देव कुमार द्वारा प्रतिमाह ती हजार रुपये के हिसाब



से छह हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी की जयपुर नगर-प्रथम टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक देव कुमार को छह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

### बाल विवाह रोकथाम थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

# बाल विवाह रोकथाम हेतु वृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया

## आमजन एवं बच्चों पर बाल विवाह के नकारात्मक प्रभावों की भी जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा राजकीय विद्यालय, आमेर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, आमेर के सहयोग से आज दिनांक 12 नवंबर को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर टाबर स्वयं सेवी संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक की थीम बाल विवाह रोकथाम रहा। कार्यक्रम के दौरान पल्लवी शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु वृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन एवं बाल विवाह रोकथाम के विशेष निर्देश प्रदान किए है। जिसके अन्तर्गत माह नवंबर, 2024 से फरवरी 2025 तक विशेष बाल विवाह रोकथाम अभियान आयोजित किया जाना है। अभियान में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ ही विशेष नुक्कड नाटक एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इसी क्रम में राजकीय विद्यालय में नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से बाल विवाह से विवाहित बच्चों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को दिखाते हुए इसके समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को बताया गया। श्रीमती शर्मा ने बताया कि उक्त नुक्कड़ नाटक का आयोजन बाल विवाह रोकथाम के साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न



आयामों से आमजन को अवगत कराना रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्कीम्स के माध्यम से आमजन को समय-समय पर विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किए जाते रहे हैं, साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सबके लिए की अवधारणा पर कार्यरत है।

कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के सफल संचालन के क्रम में श्री धर्मवीर सिंह रोलानिया, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नं. 08, आमेर, श्री वैभव सोनी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नं. 09, आमेर श्रीमती स्नेहलता यादव, वाईस प्रिंसिपल, श्रीमती कविता अवस्थी, व्याख्याता, श्री जीनेश पटेल, कोर्डिनेटर, टाबर स्वयं सेवी संस्थान, श्री बब्बन मिश्रा, कार्यकर्ता, टाबर स्वयं सेवी संस्थान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ श्री पुरण मीणा एवं देवेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सुओमोटो के तहत सड़क सीमाओं से हटाए अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05 में सुओमोटों के तहत दुर्गापुरा रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज से षिप्रा पथ तक दोनो तरफ करीब 01 कि.मी. तक से रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही जाने-7 में धावास में चोरडिया सिटी व बालाजी एन्कलेव के मध्य सड़क सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाष चन्द्र विष्णोई ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दुर्गापुरा रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज से षिप्रा पथ तक करीब 01 कि.मी. तक रोड़ सीमा के दोनो तरफ करीब 100 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से अत्यधिक लम्बाई में बनाये गये चबुतरें, सीढ़ियां, रैम्प, लोहे के एंगल, टीनषेड, थड़ी, ठेलें, होडिंग साइन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोटो के तहत नोटिस जारी कर मुनादी की गई एवं अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान का आयोजन कर आज दिनांकः 12.11.2024 को जोन-05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

# चाकसू के शक्करखावदा में बघेरे का हमला 3 लोगों को किया घायल

## पुलिस व वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लिए पगमार्क

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (नि.स.)।** चाकसू इलाके के शक्करखावदा गांव में बघेरे के हमला करने से टिकरिया ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर बैरवा सहित तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें चाकसू के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर बैरवा को जयपुर के लिए रैफर कर दिया। जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बघेरे ने आज सुबह 3 लोगों पर हमला कर दिया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची गई हैं। और घायलों को चाकसू के अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। वनपाल नाथूलाल ने बताया कि क्षेत्र में बघेरे की तलाश की जा रही है। मूवमेंट की जगह से पगमार्क लिए गए है जो पेंथर व आईना की तरह लगते हैं। हालांकि वन कर्मियों का कहना है कि ग्रामीण बघेरा बता रहे हैं लेकिन अभी तक हमें बघेरा नहीं मिला है तलाश करने के बाद ही पता चलेगा बघेरा है या कोई जंगली जानवर है। सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर बैरवा ने बताया कि मंगलवार सुबह राजेंद्र प्रजापत पुत्र लालाराम प्रजापत जंगल में सोच के लिए गया था इसी दौरान बघेरे ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर बघेरा मौके से भाग गया। इसके बाद गांव वालों ने मुझे सूचना दी तो में गांव वालों के साथ मौके पर पहुंच कर बघेरे की तलाश करने लगे तो बघेरे ने अचानक मुझ पर हमला कर घायल कर दिया। हमले में बाबूलाल मीणा भी बघेरे के हमले में घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने मौके से बघेरे के पगमार्क के नमूने एकत्रित किए हैं। हालांकि, वनकर्मी पेंथर व आईना (जरख)के होने की बात कह रहे हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में बघेरे के मूवमेंट की बात कह रहे हैं। पुलिस व वन विभाग द्वारा बघेरे व जंगली जानवर की तलाश की जा रही हैं हालांकि खबर लिखे जाने तक कामयाबी नहीं मिली हैं ।



# शार्ड सेन्टर फॉर इनोवेशन शुरू, बच्चों को मिलेगी एआई रोबोटिक सहित आधुनिक तकनीक की मिलगी कोचिंग



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** सौ फीट रोड़ नोखा रोड़ स्थित महावीर नगर में मंगलवार को शार्ड सेन्टर फॉर इनोवेशन का वर्द्धमान खुला वि.वि. की निदेशक डॉ. रश्मि बोहरा ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्रीमती बोहरा ने कहा कि प्रकार के कोचिंग सेन्टर पर अध्ययन करने से बच्चों का भविष्य सुनहरा होगा,इसमें कोई अतिश्योक्ति नही है। इससे पूर्व सौरभ पाण्डे ने बताया कि शार्ड सेन्टर फॉर इनोवेशन स्कील बेस एजुकेशन पर काम करते हैं। गुजरात में हम पहले से ही काम कर रहे हैं। राजस्थान उदयपुर में यह हमारा पहला सेन्टर है। जतिन भाई पटेल ने बताया कि मुख्यत: यह सेन्टर कक्षा 2 से 10 तक के बच्चों की एजुकेशन के लिए है। इसमें हमारा मकसद है कि बच्चों को नई तकनीक और रोबोटिक एजुकेशन में अपटेड करना है। यह एजुकेशन दूसरी क्लास से लेकर दसवीं क्लास तक कोर्स करवाते हैं। यहां बच्चों के सोचने के तरीकों को विकसित किया जायेगा। यह बच्चों का लर्निंग सेन्टर है। यहां पर बच्चों में इलेक्ट्रॉनिक कोर्स के साथ स्कील डेवलपमेंट पर ज्यादा फोकस रहेगा। यहां से कोचिंग करने के बाद बच्चों के पास जॉब प्राप्त करनें का बहुत बड़ा अवसर रहेगा। यहां से बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जोयगा। हमारे पास प्रोफेशनल कोर्स भी है वह उनके जॉब में भी काम आएगा। रितेश महेता ने बताया कि हम प्लेसमेंट स्पोर्ट्स भी सौ फीसदी देने का प्रयास करते हैं। इण्डस्ट्री की डिमांड के अनुसार हम एजुकेशन भी देते हैं। इसके अलावा बच्चे अपना खुद का भी अपना इनोवेशन कर सकता है ऐसी एजुकेशन भी हम देते हैं। क्लास एज ग्रुप के हिसाब से होगी।

कार्यक्रम में सृष्टि मेहता सुराणा ने बताया कि हम विजन को महत्व देते हैं और विजन डवलप का कार्य करते हैं। यहां पर बच्चों को मशीन लर्निंग, थ्री डी प्रिन्टिंग,ड्रोन टेक्नोलोजी ,डिजाईन थिकिंग,इन्टरनेट ऑफ थिंग्स की कोचिंग दी जायेगी।

# दिव्यांगजनों को अंग उपकरण उपलब्ध कराने हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की और से लगेगें शिविर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विशाल सिंह सोलंकनी ने एक आदेश जारी कर आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा की पालना में विशेष योग्यजनों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से दिव्यांगजनों को राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 20 हजार रुपये तक के आर्टिफिशियल लिम्बस/इक्यूपमेन्टस आदि उपलब्ध कराना प्रस्तावित है। इस हेतु आगामी दिनांक 18 नवम्बर 2024 को ब्यावर जिले के समस्त ब्लॉकों पर शिविरों का आयोजित किये जायेगें। श्री सोलंकी ने बताया कि उक्त आयोजनों के तहत दिव्यांगजनों को अंग/उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु आवेदन प्राप्त किये जाने तथा निदेशालय विशेष योग्यजन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में भी आवेदन करवाकर लाभ दिलवाये जाने हेतु निम्नानुसार शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सभी दिव्यांगजन जिनको भी अंग उपकरण की आवश्यकता है अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, दिव्यांगता दर्शाती हुई 02 फोटो एवं पेंशन पीपीओ की कॉपी लेकर अपने संबंधित ब्लॉक के निम्न स्थानों पर प्रात: दस बजे पहुँचकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं। श्री सोलंकी ने बताया कि मसूदा एवं विजयनगर के लिए राजकीय अम्बेडकर छात्रावास मसूदा में, जवाजा एवं ब्यावर के लिए राजकीय अम्बेडकर छात्रावास ब्यावर में, जैतारण के लिए राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, जैतारण, रायपुर के लिए राजकीय अम्बेडकर छात्रावास रायपुर में, बदनौर के लिए राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, बदनौर में उपकरण दिये जायेगें।


# जिला कलेक्टर के निर्देश पर 05 वर्ष तक के बच्चों की हो रही है सांस अभियान के तहत स्क्रीनिंग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** जिला कलेक्टर डॉ महेन्द्र खडगावत के निर्देशानुसार डॉ संजय गहलोत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि 12 नवंबर से 28 फरवरी तक सांस अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में 0-5 वर्ष तक के छोटे बच्चों में स्क्रीनिंग की जाएगी जिसमें निमोनिया के लक्षणों जैसे खांसी, बुखार, तेज सांस आना तथा इस लक्षणों के साथ स्तनपान नहीं करना या तरल न पी पाना, उल्टी आना दौरे आना जैसे लक्षणों के आधार पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सर्वे कर निमोनिया एवं गंभीर निमोनिया में वर्गीकृत कर उचित प्रबंधन किया जाना है। उन्होंने बताया कि यह सर्वे फिल्ड वर्कर आशा, ए एन एम, सी एच ओ द्वारा अपने अपने क्षेत्र में किया जाएगा। संभावित मरीजों का नियमानुसार उपचार गंभीरता के आधार पर किया जाएगा । गंभीर निमोनिया से ग्रसित बच्चों को समय पूर्व उच्च संस्थानों पर रेफर किया जाना है जिससे निमोनिया से होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके। निमोनिया से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव भी हर स्तर पर दिए जाने है। निमोनिया से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले टीकों से वंचित रहे बच्चों का टीकाकरण भी किया जाएगा । डॉ संजय गहलोत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इस अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सचेत रहकर निमोनिया से ग्रसित बच्चों को उचित उपचार एवं सुविधा मिले इसके लिए निर्देशित किया एवं सभी चिकित्सा संस्थान प्रभारियों को अपने-अपने स्तर पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ओपीडी में निमोनिया से ग्रसित बच्चों को त्वरित एवं उचित उपचार मिल सके एवं इससे संबंधित आवश्यक उपकरण ठीक रहे इसके लिए भी निर्देश दिए।



# इंटरकॉलेज एथलेटिक्स टूर्नामेंट में ऐश्वर्या कॉलेज उपविजेता




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कला महाविद्यालय द्वारा आयोजित इंटरकॉलेज एथलेटिक्स टूर्नामेंट में 40 से अधिक कॉलेजों ने भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में ऐश्वर्या कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर अप चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रितु पालीवाल ने बताया की ऐश्वर्या कॉलेज के छात्र अरिहंत जाट ने 110 मीटर हर्डल रेस में स्वर्ण पदक, पवन चौधरी ने दो स्वर्ण पदक हैमर थ्रो व डिस्कस थ्रो में और रजत पदक शॉटपुट में जीता। छात्र किशोर चौधरी ने स्वर्ण पदक शॉटपुट में और दो रजत पदक हैमर थ्रो एवं डिस्कस थ्रो में जीते। छात्र मनीष ने 400 मीटर हर्डल रेस में स्वर्ण पदक जीता। छात्रा एंजल कनौजिया ने 400 मीटर में दौड़ में स्वर्ण पदक, 200 मीटर दौड़ में रजत पदक, और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पालीवाल द्वारा सभी विजेता छात्रों को बधाई दी।

# आरटीआई वीक प्रारम्भ, पहले दिन 500 स्कूली छात्रों को स्टेशनरी वितरीत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** राउंड टेबल इंडिया और लेडीज़ सर्कल इंडिया द्वारा आईटीआई वीक का शुभारम्भ किया गया। जिसके तहत प्रथम दिन उदयपुर के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुखेर में 'अच्छे और बुरे स्पर्श' पर एक महत्वपूर्ण शिक्षा सत्र का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले समारोहों के पहले दिन इस सत्र के बाद 500 स्टेशनरी किट्स का वितरण किया गया, जिससे बच्चों को न केवल शिक्षा बल्कि व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों में सुरक्षा और आत्म-सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और इस महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एएसटी, एरिया 12 अनिश चौधरी, चेयरमैन यूएमआरटी 349 अनुभव चौधरी, चेयरमैन, यूएलआरटी 206 मोहित अग्रवाल, चेयरमैन यूयूआरटी 234 सौरभ बापना, आदित्य सोमानी, दिक्षांत मेहता, अंगद छाबड़ा, अमित अग्रवाल, अनिशा सोमानी चेयरपर्सन यूयूएलसी 171, तबस्सुम पठान चेयरपर्सन एरिया 12,स्वाति श्रीमाली, स्वाति जैन, नेहा टाया और साक्षी जैन उपस्थित थे।

इस सप्ताह के दौरान और भी कई आयोजन और कार्यक्रम होंगे, जो बच्चों के विकास, सुरक्षा और शिक्षा को प्रोत्साहित करेंगे। यह पहल बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे अगली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक ज्ञान और साधन प्राप्त हो सकें।




# नगर परिषद ब्यावर ने अनाधिकृत निर्माण पर सीज कार्यवाही कर निर्माण कार्य को रुकवाया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** नगर परिषद ब्यावर ने शीतला माता गली में अनाधिकृत निर्माण पर सीज कार्यवाही कर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। निर्माण को लेकर पार्षद तथा क्षैत्रवासी लम्बे समय से शिकायत कर रहे थे। नगर परिषद की अतिक्रमण शाखा के अधिकारी व पुलिस जाब्ता ने मौके पर पहुँचकर बन रहे भवन को सीज किया और निर्माण कार्य को बीच में रुकवा दिया।

# रोटरी क्लब उदयपुर के दीपावली स्नेहमिलन में गूंजे संगीत के तराने

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा आज रोटरी बजाज भवन मे 'दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गय। जिसमें संगीत के तरानों की गूंज रही। क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने बताया कि रोटरी भवन एवं परिसर को रोशनी एवं दीपक से सजाया गया। छाजेड़ ने दीपावली के शुभ अवसर पर सभी का स्वागत किया। पूर्वाध्यक्ष रो. पदम दूगड़ ने ईश वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत आलोक स्कूल के संगीत टीचर मनमोहन भटनागर ने गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात् पूर्वाध्यक्ष रो. डॉ. प्रदीप कुमावत ने दीपावली के अवसर पर विशिष्ट गीत प्रस्तुत किया। पूर्वाध्यक्ष रो. यू.एस. चौहान ने ग़ज़ल प्रस्तुत की। श्रीमती संगीता छाजेड़ एवं अन्य रोटरीएन्स द्वारा संचालित किया गया। हाऊजी एवं विभिन्न मनोरंजक गेम्स का आयोजन कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। रोटरी में नये सदस्य के रूप में नलिन गुप्ता को को पूर्व प्रांतपाल रो. निर्मल सिंघवी ने सदस्यता की शपथ दिलाई। सदस्य का परिचय रो. अनिल छाजेड़ ने दिया।

# टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के तहत तंबाकू मुक्त विद्यालय बनाने एवं तम्बाकू मुक्त होने पर बच्चों को दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत के निर्देश पर जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं मगरा मेवाड़ विकास संस्था जवाजा संयुक्त तत्वावधान में संचालित टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के तहत मंगलवार को जिले की पंचायत समिति जवाजा की ग्राम पंचायत लोटियाना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तंबाकू मुक्त जीवन के महत्व पर विद्यार्थियों का आमुखीकरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमंत कुमार शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस सभा में मगरा मेवाड़ विकास संस्था के मुख्य कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्पष्ट किया कि तंबाकू मुक्त युवा पीढ़ी व तम्बाकू मुक्त विद्यालय बनाने की आवश्यकता है, जिसकी पूर्ति आप सब के सहयोग से ही संभव होगी। उन्होंने बताया कि जीवन में कभी भी मीठी सुपारी, गुटखा ,जर्दा, खैनी ,बीड़ी सिगरेट, शराब आदि का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए जबरदस्त खतरनाक है। यह जानलेवा भी हो सकता है। उन्होंने तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी।

श्री अग्रवाल ने तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने एवं टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के तहत जिले में होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अंत में सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को श्री अग्रवाल ने तंबाकू सेवन से दूर रहने संबंधी शपथ भी ग्रहण करवाई। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ से मिले सहयोग के प्रति उन्होंने धन्यवाद एवं आभार भी व्यक्त किया।



# महाराजा सवाई जय सिंह (द्वितीय) की जयन्ती समारोह के पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (नि.स.)।** चाकसू जनसंपर्क कर महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय की जयन्ती समारोह का आयोजन आगामी 17 नवम्बर रविवार श्री राजपूत सभा जगतपुरा छात्रावास में किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय जयंती समारोह पोस्टर का विमोचन श्री हनुमत हॉस्टल राजपूत छात्रावास में किया गया। इस दौरान एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया,सज्जन कंवर खारिया अध्यक्ष विरासत संरक्षण धर्माथ ट्रस्ट राजस्थान, लोकेंद्र सिंह,महावीर सिंह , दयाल सिंह, और श्री हनुमत राजपूत छात्रावास कुचामन के छात्र मौजूद रहे। इस दौरान सज्जन कंवर खारिया के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में जयपुर जगतपुरा राजपूत छात्रावास पहुंचने की अपील की गई। छात्रों को महाराजा सवाई जयसिंह जयंती के पोस्टर और बैनर दिए गए और गांव गांव ढाणी ढाणी तक इसका प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया गया ।

pnb
शाखा कार्यालय : सर्किल रिकवरी सेन्टर (डी.नं. 826800)
9ए, इण्डस्ट्रीयल एरिया, DIC सेन्टर के पास, कोटा
फोन : 6378860602, ई-मेल : cs8268@pnb.co.in

परिशिष्ट-IV [देखें नियम 8 (1)]

**कब्जे की सूचना**

यत: "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13 के अधीन पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने मांग नोटिस दिनांक 21.08.2024 को जारी करते हुए ऋणी/बंधककर्ता- 1. श्री इमरान एवं श्रीमती शाहिदा, खाता सं. 0872009300016240, शाखा टोंक (087200) को बकाया राशि रुपये 9,36,323.90 (रुपये नो लाख छत्तीस हजार तीन सौ तेईस एवं नब्बे पैसे मात्र) एवं आगे के ब्याज व खर्च अतिरिक्त के भुगतान, नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर, करने की मांग की थी।

ऋणी/बंधककर्ता द्वारा सम्पूर्ण राशि के भुगतान करने में असफल होने पर, ऋणी/बंधककर्ता एवं आमजन को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) व नियम 8 के अधीन, अधोहस्ताक्षरी ने आज दिनांक 07 माह नवम्बर वर्ष 2024 को निम्नलिखित सम्पत्ति को अपने कब्जे में ले लिया है। ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ हेतु अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को विशेष रुप से एवं आमजन को सामान्यतया सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई व्यवहार नहीं करें और किये गए व्यवहार पर पंजाब नैशनल बैंक के रुपये 9,57,733.96 (रुपये नो लाख सतावन हजार सात सौ तैंतीस एवं छियानबे पैसे मात्र) दिनांक 06.11.2024 तक एवं दिनांक 01.11.2024 से आगे का ब्याज व खर्च अतिरिक्त की राशि का भार होगा।

**बंधक अचल सम्पत्ति का विवरण**

आवासीय संपत्ति का पूरा हिस्सा, जिसका पंजीकृत लीज डीड (राज्य अनुदान अधिनियम 1961 के तहत) संख्या 369 दिनांक 08.11.2021 है, बड़वाली हवाली के सामने, पुरानी टोंक, टोंक में स्थित है। वर्गगज 168.53 वर्ग गज, श्री इमरान मोहम्मद पुत्र श्री मोहम्मद इस्माइल और श्रीमती शादिदा पत्नी इमरान मोहम्मद से संबंधित है।

फ्लेट की सीमाएँ : पूर्व: गली रास्ता और मोहम्मद इस्माइल का घर, पश्चिम: रसीदुन्निसा का घर, कुल क्षेत्रफल 168.53 वर्ग गज, उत्तर: अलादीन भाई का घर, दक्षिण: रसीदुन्निसा का घर

दिनांक : 07.11.2024, स्थान : टोंक — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

# 11 वी कक्षा के छात्र ने की 80 लाख रुपए की साइबर ठगी, अजमेर पुलिस के हत्थे चढ़ा , लग्जरी कार से स्कूल जाता था आरोपी



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (नि.स.)।** 11वी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र द्वारा पैसे डबल करने का लालच देकर आनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। ,इन्वेस्टमेंट स्कीम के जरिए लोगों को ठगने वाले 11 वीं के स्टूडेंट्स से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। वह लग्जरी कार में स्कूल जाता था और घर लौटने से पहले उसे छिपा देता था। जिसकी शिकायत टीचर्स ने उसके पिता से की थी। पूछताछ में अब तक 80 लाख की ठगी का खुलासा हुआ है, जिसमें से 20 लाख तो ठग अपनी लग्जरी लाइफ पर खर्च कर चुका है। पुलिस ने उसके पास से रुपए गिनने की मशीन भी बरामद की है। मामला अजमेर के साइबर थाने का है। सोमवार को पुलिस ने नसीराबाद निवासी कासिफ मिर्जा (19) को गिरफ्तार कर 2 दिन की रिमांड पर लिया था। एसआई मनीष चारण ने बताया- ठगी का शिकार उषा राठौड़ और माला पथरिया ने नसीराबाद के सिटी थाने में 21 मार्च 2024 को मामला दर्ज करवाया था। आरोपी सोशल मीडिया यूजर्स को मुनाफे का लालच देकर इन्वेस्टमेंट स्कीम बताता था। मुनाफे का लालच देकर आरोपी ने 2 महिलाओं से करीब 42 लाख रुपए ठग लिए।

**ये था स्कीम में शामिल होने का मेन्यू कार्ड :** पूछताछ में सामने आया शुरुआत में 3,999 रुपए 4 सप्ताह तक जमा करवाने पर मैच्योर राशि 2,200 रुपए लाभ के साथ 6,199 रुपए की स्कीम चलाई थी। इसके अलावा 9,999 रुपए के 6 सप्ताह में 15,499, 19,999 के 8 सप्ताह में 29,999 रुपए, 99,999 के 13 सप्ताह में 1,39,999 रुपए और 1,99,999 के 16 सप्ताह में 2,79,999 रुपए लौटाने जैसी स्कीमों का झांसा दिया था।

## सम्पादकीय

### व्यापार समझौतों का पुर्नपरीक्षण

गत सप्ताह नई दिल्ली में एक औद्योगिक संस्था के मंच से बोलते हुए सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मुख्य कार्याधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने इस बात की हिमायत की कि भारत को बहुपक्षीय व्यापार समझौतों में शामिल होने पर विचार करना चाहिए। वह क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसेप) और प्रशांत पार साझेदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते (सीपीटीपीपी) का जिक्र कर रहे थे। यह बात अतिरिक्त महत्त्व की है क्योंकि सुब्रमण्यम पहले वाणिज्य सचिव रह चुके हैं। यह उम्मीद की जा सकती है कि इस वक्तव्य का संदेश यह है कि देश आरसेप और सीपीटीपीपी जैसे बड़े व्यापारिक समझौतों के लाभ को लेकर नए सिरे से विचार कर रहा है।

सुब्रमण्यम की दलील एकदम साधारण है। ऐसे बड़े कारोबारी धड़े का हिस्सा बनना महत्त्वपूर्ण है। सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों के लिए तो यह खास महत्त्व रखता है जो देश के निर्यात में 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हैं। उन्होंने संकेत किया कि भारत में स्थित बड़े कॉरपोरेट हाउस निर्यात के मोर्चे पर कमजोर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से यह देखा गया है कि छोटी कंपनियों का सामना जब बड़े बाजार से होता है तो उनका प्रदर्शन बेहतर रहता है। ऐसा इसलिए कि वे नए प्रकार की मांग से समायोजन को लेकर बेहतर स्थिति में होती हैं। वास्तव में ऐसा व्यापार खुलापन अक्सर जरूरी होता है ताकि उनका विकास हो और वे स्थिर कारोबारी ढांचे में प्रवेश कर सकें जहां बड़ी घरेलू कंपनियों का दबदबा है। जब घरेलू बाजार भारत जैसा बड़ा और मुनाफे वाला हो तो प्रभाव काफी बढ़ जाता है।

कंपनियां अपने बाजार तक पहुंच कम करने के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं, बजाय कि विदेशों में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के। यह उनके निजी हित में हो सकता है लेकिन इससे व्यापक कल्याण में इजाफा नहीं होता है और न ही घरेलू मूल्यवर्धन और वृद्धि होती है। वैश्विक मूल्य श्रृंखला में शामिल होने के लिए ऐसे व्यापार समझौतों का हिस्सा बनना जरूरी हो चला है। भारतीय कंपनियों के लिए अवसरों का दायरा बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है। आरसेप और सीपीटीपीपी में प्रवेश की दो बाधाएं क्रमशः चीन और घरेलू सुधार हैं। आरसेप में कई ऐसे देश शामिल हैं जिनके साथ भारत पहले ही मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है, इनके अलावा चीन भी इसमें शामिल है। भारतीय नीति निर्माताओं के मन में उचित ही यह भय है कि इससे भारतीय बाजार चीन के निर्यात से पट जाएंगे। परंतु नीति निर्णय के इससे भयभीत नहीं होने की दो वजह हैं। पहली, आरसेप पहले से मौजूद है और आरसेप में शामिल देशों से भारत में होने वाले आयात में बड़ी संख्या में चीनी वस्तुएं भारत आती हैं। फिर चाहे वे दक्षिण पूर्वी एशिया के देश हों या कोरिया। दूसरी वजह यह है कि आरसेप के देश भी अन्य सदस्य देशों के खिलाफ कार्रवाई करने में सक्षम हैं। हाल के वर्षों में व्यापक भूराजनीतिक विवाद के रूप में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध चीन की एकपक्षीय कार्रवाई इसका उदाहरण है। सीपीटीपीपी का प्रश्न ज्यादा जटिल हो सकता है। यह व्यापार समझौता एक 'स्वर्णिम मानक' है क्योंकि इसमें 'सीमा से परे' नियामकीय सुसंगतता बतौर सिद्धांत शामिल है। दूसरे शब्दों में यह मामला न केवल टैरिफ का है बल्कि गैर टैरिफ गतिरोधों में कमी का भी है।

# पहला महाकुंभ जिसमें नेविगेशन के लिए अस्थायी टेंट सिटी गूगल मैप्स पर दिखाई देगी

## महाकुंभ की महा तैयारी, संगम नगरी में जुटेंगे लगभग 45 करोड़ श्रद्धालु

**उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के मुताबिक 4,000 हेक्टेयर में हो रहे महाकुंभ में लगभग 40-45 करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इस आयोजन का अनुमानित बजट लगभग 6,382 करोड़ रुपये है,जिसमें से 5,600 करोड़ रुपये से ज्यादा पहले ही आयोजन और संबंधित परियोजनाओं के लिए अलग रखे जा चुके हैं। सपा सरकार में 2012 में हुए कार्यक्रम बजट 1,152 करोड़ रुपये था, जिसमें लगभग 12 करोड़ लोग शामिल हुए थे।**



**संजुला सिंह**



गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी के संगम तट पर 13 जनवरी 2025 में विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक मेले का आयोजन होने जा रहा है।संगम नगरी सांस्कृतिक जश्न का केंद्र बनने जा रही है। महाकुंभ पूरे 45 दिन का होगा,जो 14 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। 2012 में हुए महाकुंभ से इस बार महाकुंभ लगभग तीन गुना बड़ा होने वाला है।महाकुंभ की तैयारी जोर-शोर से चल रही हैं।योगी सरकार ने 15 से ज्यादा विभागों को तैयारी के प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी सौंपी है।तैयारी में 500 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स पूरा करने का टारगेट रखा गया है।

### महाकुंभ के लिए जोरदार तैयारी

उत्तर प्रदेश जल निगम मेला क्षेत्रों में पीने योग्य पानी की आपूर्ति के लिए 1,249 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाएगा। इसके अलावा 200 वाटर एटीएम और 85 वाटर पंप लगाया जाएगा।राज्य सड़क विभाग प्रयागराज से जुड़ने वाले तमाम राजमार्गों पर 7,000 बसें चलाई जाएंगी।प्रयागराज से मेले वाली जगह तक लगभग 550 शटल बसें भी चलाई जाएंगी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने 15 लाख वर्ग फीट में फैली सार्वजनिक दीवारों और इमारतों पर चित्र बनाने के लिए आठ अलग-अलग एजेंसियों को हायर किया है।प्रयागराज एयरपोर्ट का नवीनीकरण एक नए टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण और विमानों के पार्क होने वाले एप्रन एरिया का विस्तार करके किया जाना है। इंडियन रेलवे भी अपने स्तर पर तैयारियों में जुट गया है।ट्रेन सफर को और ज्यादा बेहतर बनाने के मकसद से एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रयागराज रेलवे डिवीजन प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर होने वाले ऐलानों को कई भाषाओं मे शुरू करने जा रहा है।इससे पूरे हिंदुस्तान से आने वाले अलग-अलग भाषाओं वाले यात्रियों को अपनी मातृभाषा में ट्रेन से संबंधित जानकारी मिलेगी,जिससे उनका सफर का एक्सपीरिएंस बेहतर होगा और जानकारी समझ में आएगी।

### रोजगार और टूरिज्म

करोड़ों लोगों के इस मेले में लगभग 45,000 से अधिक परिवारों को रोजगार मिलेगा।इसके अलावा इससे न केवल प्रयागराज बल्कि बनारस,अयोध्या,मथुरा और विंध्यवासिनी धाम में भी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि इन स्थानों पर सुविधाओं और सुरक्षा उपायों की लगातार समीक्षा की जाए और उन्हें बेहतर बनाया जाए, जिससे राज्य को इस आयोजन से फायदा मिल सके और श्रद्धालु अच्छा एक्सपीरिएंस लेकर जा सकें।समीक्षा बैठक में सीएम ने इस बात पर जोर दिया कि महाकुंभ सूबे के लिए एक बड़ा मौका है।

### श्रृद्धालुओ को बेहतर सुविधाओं हेतु सर्विस प्रोवाइडर्स को ट्रेनिंग

राज्य पर्यटन विभाग मौजूदा समय में कई सर्विस प्रोवाइडर्स को ट्रेनिंग दे रहा है,जिसमें टूर गाइड,नाविक,स्ट्रीट वेंडर और ड्राइवर शामिल हैं।इनकी सेवाएं महाकुंभ के दौरान दी जाएंगी। ट्रेनिंग लखनऊ के मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन एजेंसी और प्रयागराज में चल रही है।यह यूपी की 2022 की पर्यटन नीति द्वारा पर्यटन को दिए गए प्रोत्साहन का हिस्सा है।नीति का उद्देश्य 10 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराना और इस क्षेत्र में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करना है।

### लोकल मैपिंग के लिए गूगल के साथ समझौता

यह पहला महाकुंभ होगा,जिसमें नेविगेशन के लिए अस्थायी टेंट सिटी गूगल मैप्स पर दिखाई देगी।हाल ही में गूगल के प्रतिनिधियों और महाकुंभ मेला प्राधिकरण के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

**वृष**
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

**मिथुन**
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

**कर्क**
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा।

**सिंह**
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

**कन्या**
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है। बीमारी में राहत महसूस होगी।

**तुला**
आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

**धनु**
शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा।

**मकर**
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

**कुंभ**
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

**मीन**
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**


नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वन विभाग के शानदार व जाँबाज अधिकारी शंकर सिंह शेखावत जोकि सरिस्का बफर रेंज के रेंजर हैं। अलवर में टाईगर विलुप्त होने के बाद अलवर की बाघविहीन भूमि को बाघों की दहाड़ व दर्शन से सुशोभित करने वाले एक मात्र वन्यजीवों के संरक्षण व वन संरक्षण में अपनी अलग पहचान बनाने वाले एक मात्र अधिकारी के रूप में नजर आते हैं। कब पैदा हुए कहां हुए इनके लिए इससे अधिक ये क्या कर रहे हैं या फिर क्या किया है ये मायने रखता हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से इस अधिकारी को जानता हूँ। अब चाहे वन्य जीव या वनस्पति के संरक्षण व संवर्धन की बात हो रेंजर शंकर सिंह पूर्णत्या समर्पित हैं इनके लिए। आज अलवर शहर से मात्र पाँच किलोमीटर की दूरी पर बाघ नजर आ रहे हैं ये किसी भी सूरत में वन्यजीव प्रमियों के लिए सपने से कम नहीं। अलवर के बालाकिला क्षेत्र को समाजकंटकों से बचाने व क्षेत्र में बाघों की संख्या बढ़ाए जाने व उनके विचरण के लिए सारा श्रेय इस शानदार अधिकारी को जाता है। अलवर शहर में तीन बार बघेरा आ जाने से उन्हें ट्रक्यूलाईज कर उनकी जान बचाने का श्रेय भी इन्हीं को जाता है। यही नहीं जहां भी जंगली या हिंसक वन्यजीवों के ट्रक्यूलाईज करने का मामला आया वहां इन्हीं के द्वारा उनकी रक्षा कर उन्हें सुरक्षित वन्यक्षेत्र में छोड़ा जाता है। वन को समर्पित इस शख्स का शानदार व्यक्तित्व की इन्हें शख्सियत बनाती है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



शंकर सिंह शेखावत
( रेंजर बफर जॉन, सरिस्का )

**रूपक शर्मा**

## सबरी या शबरी



राम भक्ता शबरी का जिक्र तो सभी ग्रंथों में सभी धार्मिक आयोजनों में होता है। हम उनका भजन भी शायद कहीं ना कहीं और कभी ना कभी गुनगुना भी लेते हैं 'रामा रामा रटते-रटते बीती रे ऊमरीया..' लेकिन क्या कभी शबरी के जीवन दर्शन को जानने का प्रयास किया है। भीतर से आवाज आऐगी,नहीं..

मेरा अपना विचार है कि इस भील जाति की महिला का नाम शबरी नहीं था इसका नाम को आदिवासी प्रथा के अनुसार बाई वगैहरा होना चाहिए था। शबरी इनका नाम नहीं बल्कि इनका गुण ही इनका नाम बन गया होगा। लम्बे समय तक प्रभु के आ जाने का सबर किया , शायद इसलिए ही नाम सबरी पड़ गया होगा। इनके गुरू ऋषि मतंग ने गौधाम जाने से पूर्व कहा कि बिटिया तू कहीं जाना मत,यहीं आश्रम में ही रहना, कंदमूल फल खाना और पम्पा सरोवर का जल पीना। तुझे खोजते हुए खुद राम यहीं तेरी कुटिया पर चलकर आऐंगे। देखिये शबरी का जीवन दर्शन उसने गुरू पर आस्था जताई,श्रृद्धा जताई,निष्ठा जताई। उसने गुरू से ये प्रश्न नहीं किया कि कब आऐंगे। गुरू ने कहा है आऐंगे तो बस आऐंगे। सबरी ने लगभग 6 दशकों तक सबर रखा कि आज नहीं आए तो कोई बात नहीं कल तो जरूर आऐंगे और दूसरे दिन पहले दिन से अधिक प्रेम,भाव-भक्ति व वात्सल्यता पैदा करती गई। उम्र के साथ शरीर साथ दे ना दे पर आत्मा और विश्वास इतना साथ दे रहा था कि ईश्वर के प्रति विश्वास ओर बढ़ता गया। हमारा बिलकुल उल्टा है। मान लीजिए आज हमारे गुरू यदि ये कह दें,पहली बार तो कहेंगे ही नहीं फिर भी यदि गुरूजी कह दें कि तुम्हे अलवर छोड़कर जाने की जरूरत नहीं भगवान खुद अलवर आऐंगे तो हमारा दूसरा प्रश्न यही होगा कि कब आऐंगे गुरूजी ? मित्रों बात थोड़ी अटपटी जरूर है पर सत्य हमेश कड़वा ही होता है। हमें सबर नहीं है इसलिए हम कभी भी सबरी बन ही नहीं सकते। हमें तो गुरू भी हाईटेक चाहिए जो इधर तो गुरू मंत्र दे उधर दूसरे दिन से ही कुबेर रोज डायरी लेकर खड़े नजर आएं कि बताओं वत्स आज क्या-क्या आईटम चाहिए। हम सबरी जैसा सबर जीवन में नहीं कर सकते क्योंकि 80 साल भगवान के इंतजार की क्या बात कहें हम तो सिरदर्द में भी नुकसान भले ही करे लेकिन दर्दनिवारक अंग्रेजी दवा इसलिए ले लेते हैं कि आयुर्वेद दवा का असर थोडी देर से होता है। हमें सबर ही नहीं है, तो हम सबरी के जीवन दर्शन को ना तो समझ सकते हैं ना ही उसे जी सकते हैं।

**रूपक शर्मा**
**दैनिक बढ़ता राजस्थान,**
**अलवर संस्करण**

## सामान्य झगड़े में हो रहे हत्या जैसे जघन्य अपराध

हत्या जैसे जघन्य अपराध को लेकर आम धारणा यही होती है कि इसके पीछे कोई बड़ा कारण होगा। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह बेहद मामूली बातों पर भी लोगों में आक्रामकता देखी जाने लगी है, झगड़े होने लगे हैं और कई बार गुस्से में उपजी हिंसा का अंत किसी की हत्या तक के साथ होने लगा है, वह हैरान करता है। यह बहुत धीमी रफ्तार से विकास की कोशिश करते समाज के लिए बेहद चिंताजनक है कि जिन बातों को सामान्य बातचीत से सुलझाया जा सकता है, उसमें नाहक ही किसी की जान तक चली जाती है। कुछ दिन पहले दिल्ली के ज्वाला नगर इलाके में एक व्यक्ति ने अपने एक साथी की पत्थर से हमला कर सिर्फ इसलिए हत्या कर दी कि उसने उससे बीड़ी मांगी थी और इस पर झगड़ा हो गया। प्रथम दृष्टया ऐसी वजह से एक जघन्य अपराध के घटित होने पर विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। मगर हाल के वर्षों में बहुत सारे लोगों में एक विचित्र किस्म की आक्रामकता देखी जाने लगी है, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं होता। निश्चित रूप से यह समाज में बढ़ती हताशा और उससे उपजे गुस्से का उदाहरण है, जिस पर देश और समाज के कर्ताधर्ताओं को सोचने की जरूरत है। अब यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर में से एक बड़ा तबका गायब रहता है, जो कई तरह की आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक स्तर पर चुपचाप पसरते संकटों का शिकार होता है।

## विशेष आलेख

### कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाती नमो ड्रोन दीदी योजना

नमो ड्रोन दीदी योजना, पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने का एक अग्रणी प्रयास है। यह पहल महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करती है, जिससे वे ड्रोन संचालित करने और स्थानीय किसानों को आवश्यक कृषि सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम हो जाती हैं। कृषि आधुनिकीकरण के साथ महिला सशक्तिकरण को जोड़कर, यह योजना सामाजिक प्रगति और आर्थिक विकास दोनों को बढ़ावा देती है। इस योजना में भाग लेने वाली महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित किया जाता है, जहाँ वे हवाई सर्वेक्षण, सटीक कृषि तकनीक और कीटनाशक छिड़काव सहित ड्रोन संचालन में कौशल हासिल करती हैं। ये ऑपरेशन न केवल फसल की पैदावार में सुधार करते हैं, बल्कि महिलाओं को एक स्थायी आय भी प्रदान करते हैं, लैंगिक समानता को बढ़ावा देते हैं और उनकी वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ाते हैं। जैसे-जैसे ये महिलाएँ ड्रोन तकनीक को अपनाती हैं, वे बढ़ते कृषि-तकनीक क्षेत्र में सक्रिय योगदानकर्ता बन जाती हैं।

**प्रियंका सौरभ**



नमो ड्रोन दीदी सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन में योगदान दे सकती है। भारत का कृषि क्षेत्र प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के एकीकरण के साथ परिवर्तन के शिखर पर है। ड्रोन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने वाली नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाएँ सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने की क्षमता प्रदान करती हैं, जो कृषि में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करती हैं। ड्रोन उर्वरकों और कीटनाशकों के सटीक अनुप्रयोग को सक्षम करते हैं, अपव्यय को कम करते हैं और समान वितरण सुनिश्चित करते हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन रासायनिक उपयोग में 30त्न तक की कमी सुनिश्चित करते हैं। ड्रोन फसलों की वास्तविक समय की निगरानी की अनुमति देते हैं, फ़सल के स्वास्थ्य, मिट्टी की स्थिति और समय पर हस्तक्षेप के लिए प्रारंभिक रोग का पता लगाने पर डेटा प्रदान करते हैं। आंध्र प्रदेश में, ड्रोन ने कीटों के हमलों का समय पर पता लगाने के कारण फ़सल के नुक़सान को 20त्न तक कम करने में मदद की। ड्रोन फ़सल के विकास पैटर्न, मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज के अनुमान पर सटीक डेटा प्रदान करते हैं, जिससे खेत प्रबंधन और निर्णय लेने में सुधार होता है। वैश्विक स्तर पर, ड्रोन तकनीक ने कृषि सहित कई उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, ड्रोन में अपार संभावनाएं हैं- वे बड़े क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सकते हैं, फसलों की निगरानी कर सकते हैं, बीमारियों या कीटों का पहले से पता लगा सकते हैं, और कीटनाशकों और उर्वरकों के सटीक उपयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। यह सटीक खेती का तरीका पारंपरिक खेती के तरीकों से जुड़ी लागत और बर्बादी को कम करते हुए फसल की पैदावार को बढ़ाता है। हालांकि, भारतीय कृषि में ड्रोन को अपनाना धीमा रहा है। उच्च लागत, सीमित जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में अपर्याप्त तकनीकी बुनियादी ढांचे ने व्यापक कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न की है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, नमो ड्रोन दीदी योजना न केवल ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देती है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त भी बनाती है। महाराष्ट्र में तैनात ड्रोन ने किसानों को पैदावार का बेहतर अनुमान लगाने और उत्पादकता बढ़ाने में सक्षम बनाया। ड्रोन पोषक तत्वों जैसे इनपुट के परिवर्तनीय दर अनुप्रयोग की अनुमति देते हैं, विशिष्ट क्षेत्र की ज़रूरतों के अनुसार समायोजन करते हैं, इनपुट दक्षता को अधिकतम करते हैं। उत्तर प्रदेश में, ड्रोन-सहायता प्राप्त खेती ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता भिन्नताओं के आधार पर उर्वरकों को सटीक रूप से लागू करने में सक्षम बनाया, जिससे पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता में वृद्धि हुई। ड्रोन तकनीक में स्वचालन कीटनाशकों या उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मानवीय त्रुटि को कम करता है, जिससे अधिक प्रभावी संचालन होता है। मध्य प्रदेश में एक पायलट परियोजना ने कीटनाशक छिड़काव में कम त्रुटियों को दिखाया, जिससे फ़सल की उपज में 15त्न सुधार हुआ। ड्रोन मिट्टी में नमी के स्तर का आकलन करने में मदद करते हैं, जिससे सटीक सिंचाई की सुविधा मिलती है, जिससे पानी का संरक्षण होता है और यह सुनिश्चित होता है कि केवल आवश्यक क्षेत्रों में ही पानी मिले। ड्रोन-सहायता प्राप्त सिंचाई ने गुजरात के जल-दुर्लभ क्षेत्रों में पानी के उपयोग को 15त्न तक कम कर दिया। इनपुट लागत में कमी- उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे इनपुट के सटीक उपयोग से, किसान लागत बचाते हैं, जिससे बेहतर संसाधन प्रबंधन में योगदान मिलता है। पंजाब में स्वयं सहायता समूह ने नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन का उपयोग करके इनपुट पर 20त्न लागत बचत की सूचना दी। ड्रोन कीटनाशकों और उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मैनुअल श्रम की आवश्यकता को कम करते हैं, जिससे किसानों को श्रम लागत में कटौती करने और परिचालन दक्षता में सुधार करने में मदद मिलती है। नमो ड्रोन दीदी के तहत ड्रोन सेवाओं को अपनाने के बाद हरियाणा के किसानों ने श्रम व्यय में 25त्न तक की कमी का अनुभव किया। ड्रोन तकनीक बड़े खेतों में छिड़काव और निगरानी जैसे कार्यों के लिए आवश्यक समय को काफ़ी कम कर देती है, जिससे समग्र कृषि उत्पादकता में सुधार होता है। राजस्थान में, ड्रोन की सहायता से कीटनाशक के छिड़काव ने संचालन में लगने वाले समय को 7 दिनों से घटाकर 2 दिन कर दिया, जिससे उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ड्रोन सटीक कीट प्रबंधन में मदद करते हैं, कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कम करते हैं, जिससे दीर्घकालिक मिट्टी और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में सुधार होता है। तमिलनाडु के किसानों ने ड्रोन-सहायता प्राप्त कीट प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग करके फ़सल की गुणवत्ता में 10त्न सुधार की सूचना दी। नमो ड्रोन दीदी योजना खेती को आधुनिक बनाने, सटीक कृषि को बढ़ाने और इष्टतम संसाधन उपयोग सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी-आधारित कृषि की अपार क्षमता को प्रदर्शित करती है। उचित कार्यान्वयन और समर्थन के साथ, ऐसी पहल भारत के कृषि क्षेत्र को स्थिरता और बढ़ी हुई उत्पादकता की ओर ले जा सकती हैं। हालाँकि भारत कृषि में ड्रोन को एकीकृत करने वाला पहला देश नहीं है, लेकिन तकनीक के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने पर इसका ध्यान अद्वितीय है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराएं : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत बुधवार, 13 नवंबर को होने वाले मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिये मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक से मतदान दल अपने गंतव्य स्थल की ओर रवाना हुए। इससे पूर्व महाविद्यालय परिसर में अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान कर्मियों को ईवीएम, वीवीपैट एवं अन्य आवश्यक मतदान सामग्री उपलब्ध कराई गई। बुधवार को विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा के 307 पोलिंग बूथों पर 3 लाख 2 हजार 743 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 55 हजार 958 पुरुष, 1 लाख 46 हजार 784 महिला एवं एक ट्रांसजेंडर मतदाता अपना वोट डालेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने प्रशिक्षण ले रहे मतदान कर्मियों से कहा कि चुनाव एक महत्वपूर्ण कार्य है। जिसका जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान दिवस पर मतदाताओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जाएं। मतदान केंद्र पर पीने के पानी, व्हील चेयर, फर्नीचर, बैठने की कुर्सियां, विद्युत समेत अन्य व्यवस्थाएं सुनियोजित रहे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान दलों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया गया है। सभी मतदान दल भली प्रकार से





स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में मतदान का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को अपने निर्धारित रूट के अनुसार अपने आवंटित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करवाने की तैयारी करनी है। साथ ही, आवंटित मतदान केंद्र पर रहकर अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में भी मतदान दलों के ठहरने तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। चुनाव में लगे अधिकारी, कर्मचारी किसी प्रकार का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे। चुनाव कार्य निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। सभी अधिकारी, कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय के अनुसार मतदान की सूचना समय-समय पर निर्धारित प्रपत्रों में प्रेषित करनी जरूरी है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जायेगा।

**मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र के साथ ही 12 प्रकार के दस्तावेज मान्य :** बुधवार, 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान में निर्वाचन फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता के अभाव में भी मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे। वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र और राज्य सरकार, लोक उपक्रम, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

### पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा का मामला

# राजकाज हो रहे प्रभावित, अब तो घर लौट आओ....

## तीन कार्मिक जयपुर प्रतिनियुक्ति पर

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** राज्य में तबादलों पर प्रतिबंध होने के बावजूद किस प्रकार 'कथित स्थानांतरण' की गली निकाली जाती है, शायद चंद लोग ही इसमें माहिर होते हैं। ऐसा ही ऐसा ही एक मामला सवाई माधोपुर जिले की चौथ का बरवाड़ा पंचायत समिति में सामने आया है जहां तीन महिला कार्मिकों को पंचायती राज विभाग, जयपुर ने प्रतिनियुक्ति पर लगाया हुआ है लेकिन शायद विभाग यह भूल गया जिस पंचायत समिति से इन महिला कार्मिकों को जयपुर लगाया गया है, वहां के राजकाज कैसे होंगे यह भगवान भरोसे छोड़ दिया है। अब स्थिति यह है कि विकास अधिकारी पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा ने विभाग को लिखित में पत्र भेज कर तीनों कर्मियों को अविलंब कार्य मुक्त करने का आग्रह किया है, लेकिन विभाग में अभी तक इस पर कोई गंभीरता से विचार नहीं किया है। यह है मामला पंचायती राज विभाग जयपुर के शासन सचिव के राजकाज रेफरेंस नम्बर 48 19752 दिनांक 3.10. 2023 की पालना में पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा में कार्यरत कनिष्ठ सहायक अनीता जैन को कार्य व्यवस्थार्थ हेतु जयपुर प्रतिनियुक्ति पर लगाया गया था। इस कार्मिक के जाते ही विभाग ने राजकाज रेफरेंस नंबर 4456 253 दिनांक 04.08.2023 अंतर्गत पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा में कार्यरत एक अन्य महिला कर में कोमल नवारिया को भी बतौर प्रतिनियुक्ति जयपुर बुलवा लिया। कुछ समय बाद ही विभाग ने राजकाज रेफरेंस नंबर 10077 148 दिनांक 29.8.2024 के अंतर्गत पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा में कार्यरत कनिष्ठ सहायक कंचन सैनी को भी कार्य व्यवस्थार्थ की आड़ में पंचायत समिति आमेर (जयपुर) बतौर प्रतिनियुक्ति बुलवा लिया। अब स्थिति है कि तीन कार्मिकों के जाने से पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा में राजकाज काफी प्रभावित हो रहे हैं। इस मामले को लेकर पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की तत्कालीन विकास अधिकारी श्रीमती हेमश्री प्रद्युम्न ने पत्र क्रमांक 929 दिनांक 02.09. 2024 भेजकर विभाग के उपायुक्त एवं संयुक्त सचिव (द्वितीय) से तीनों कार्मिकों को अविलंब प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा में भेजने का आग्रह किया, लेकिन विभाग ने अभी तक इस बारे में किसी प्रकार के कोई कार्रवाई नहीं की है! इस बारे में विभाग के शासन सचिव से बातचीत करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बातचीत संभव नहीं हो सकी।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ना, लिखना, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां अत्यावश्यक : शुभम चौधरी

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** बौंली खण्ड क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, शुद्ध पोष्टिक मध्याह्न भोजन सहित मनरेगा कार्यो का जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि वे बच्चों के शिक्षण व्यवस्था को आधुनिक तरीकों से सम्पादित करें! विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों में पढ़ने की आदत डालने के लिए वहां पुस्तकालय हो और वे अच्छी साहित्यिक, विज्ञान, गणित सहित पंचतंत्र आदि ज्ञानवर्धक व मनोरंजनात्मक हिन्दी-अंग्रेजी पुस्तकों, समाचार पत्रों से सुसज्जित हो।

जिला कलक्टर ने इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोड्याई में कक्षा-10वीं के विद्यार्थियों, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोतोड़ में कक्षा-11वीं के विद्यार्थियों, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा सहित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांसटोरड़ा में भी



विद्यार्थियों का अंग्रेजी विषय का भाषा ज्ञान परखा। उन्होंने इसमें इम्प्रूमेंट के लिए शिक्षकों को टिप्स दी। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा के ज्ञान में उसका बोलना, पढ़ना और लिखना आना विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों की हाजिरी भी ली। जिला कलक्टर ने इस दौरान कक्षा-1 से 8 तक के विद्यार्थियों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को जांचा। रसोई घरों में साफ-सफाई की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने गोतोड़ में मध्याह्न भोजन के लिए उपलब्ध कराए गए चावल व गेंहू की भी स्टोर में जाकर जांच की। उन्होंने यहां विद्युत कनेक्शन नहीं पाया, स्टोरों व अनाजों के ड्रमों में मकड़ी के जाले व ईल्लियां पाई जाने पर नाराजी व्यक्त करते हुए स्टोर प्रभारी एवं संस्था प्रधानों को विशेष रूप से इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए है।

**मनरेगा कार्यो का किया निरीक्षण :** जिला कलक्टर ने इस दौरान ग्राम पंचायत गोतोड़ में पौधारोपण, समतलीकरण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने 27 जून, 2023 से 15 लाख के स्वीकृत कार्य में से शेष रहे कार्यो को शीघ्र कराने के निर्देश विकास अधिकारी बौंली एवं जेटीए को निर्देश दिए। वहीं उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को अनुपस्थिति पाये जाने पर कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश भी दिए है। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत गोतोड़ में कचरा संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण कर कचरे का अलग-अलग विभिन्न भागों लोहा, कांच, प्लास्टिक, कागज, नाडेप आदि को भी जांचा। वहीं उन्होंने बांस टोरड़ा में नर्सरी संधारण, तारबंदी व समतलीकरण कार्यो को भी जांचा। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक दिनेश गुप्ता, एसडीएम बौंली सीपी वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा केन्द्र में घरेलू हिंसा के मामले में समझौता, पीड़िता को मिली राहत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में घरेलू हिंसा का परिवाद दर्ज हुआ है। सामाजिक परामर्श दाता डॉ. सुनिता शर्मा व विधि परामर्श दाता एडवोकेट शिप्रा शर्मा ने बताया कि खणदेवत रोड पर स्थित पांच कुआ कच्ची बस्ती निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी पडौसन उसके उसके साथ मारपीट करती है व उसे जान से मारने की धमकी देती है। जिससे वह परिवादी मानसिक तनाव व भय में जीवन व्यतित कर रही है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले को गम्भीरता से लेते हुए आरोपी महिला को महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में बुलाकर दोनों पक्षों को बैठाकर समझाईस करके राजीनामा करवाया जिससे परिवादी महिला को राहत मिली। उन्होंने बताया कि समझाईस से यदि आरोपी महिला नहीं मानती है तो उसके खिलाफ पुलिस थाने में घरेलू हिंसा का मामला दर्ज करवाया जाता है।

उन्होंने बताया कि अगर किसी भी महिला को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक या भावनात्मक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। तो वह महिला पुलिस थाने में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में घरेलू हिंसा का परिवाद दर्ज करवा सकती है।

# मतदान दिवस पर श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देना आवश्यक : सहायक श्रम आयुक्त


बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत बुधवार, 13 नवंबर को मतदान दिवस पर कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम में कार्य करने वाले श्रमिकों को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देना आवश्यक है। सहायक श्रम आयुक्त कमल सिंह चांदोलिया ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के तहत मतदान दिवस को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में कार्य करने वाले ऐसे व्यक्ति को, जो लोकसभा, विधानसभा चुनाव में मतदान करने का हकदार है उसका मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जावेगा। सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जावेगी। साथ ही, यदि कोई नियोजक उपधारा (1) या (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजन को जुर्माने से दंडित किया जाएगा। सहायक श्रम आयुक्त ने कहा कि समस्त विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के लिए निर्देशित किया जाता है, ताकि उनके द्वारा मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

# देवउठनी एकादशी पर श्रद्धा और उल्लास का माहौल देव दीपावली के साथ विवाह समारोहों की धूम

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** देवउठनी एकादशी पर लोगों ने घरों के दरवाजों के बाहर घी के दीपक जलाकर देव दीपावली मनाई। महिलाओं ने परम्परागत तरीके से देवों को उठाने की रस्म निभाई। इस दौरान देवी-देवों के जगाने के लिए महिलाओं ने घर के बाहर लिपना कर माण्डणे माण्डे। उसके बाद घी का दीपक जलाया और उठो देव, बैठो देव- फाटकडी फटकारो देव गाकर देवताओं को जगाया। महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर देवताओं के भोग भी लगाया। लोगों ने घर घर में अपने इष्ट देवो की पूजा अर्चना की तथा गोवर्धन पूजा के स्थान पर चौका लगाकर एवं घी का दीपक जलाकर सभी मांगलिक कार्यो के निर्विघ्न सम्पन्न होने की मनोकामना की गई। वहीं



मंदिरों में दीपावली की भांती भव्य रोशनी कर एवं रंगोलियां सजा कर अनेक धार्मिक अनुष्ठानो का आयोजन किया। ग्रामीण क्षेत्र में भी देव उठनी एकादशी को छोटी दीपावली के रूप में धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया। इस दौरान बच्चों ने व युवाओं ने पटाखे चलाकर आतिशबाजी का आनन्द लिया। देव उठने के साथ ही चार माह से बंद पडे मांगलिक कार्यो की भी शुरूआत हो गई। देवउठनी एकादशी पर शादी विवाह की शहनाईयां गूंज उठी। शादी समारोह को लेकर सभी मैरिज गार्डन, होटले, रिसोर्ट व धर्मशालाएं रोशनी से जगमगा गई। चारों और शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए हुए मेहमानों के चलते शहर में काफी चहल-पहल रही। शहर में स्थित सजावट की दुकानों पर दुल्हों के लिए गाडियां सजती दिखाई दी। गाडी सजाने वाले कलाकार सुबह से ही गाडियों को सजाने में लगे रहे। शाम को बारातों की गुजरती निकासी के चलते सडक मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। बारातों के आगे निकासी में शामिल बाराती महिला-पुरूष शादी के गानों पर झूमते हुए चल रहे थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने दिव्यांग सेवा संस्थान का किया निरीक्षण



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने यश दिव्यांग सेवा संस्थान सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया। दौराने निरीक्षण यश दिव्यांग सेवा संस्थान के सुपरवाइजर विकास कुमार गुर्जर मौके पर उपस्थित पाए गए, सचिव समीक्षा गौतम द्वारा संस्थान के रसोईघर का निरीक्षण कर आवासित बालकों को दी जाने वाली भोजन, पेयजल आदि सुविधाओं के संबंध में जांच की, साथ ही उन्हें प्रदान की जाने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। दौराने निरीक्षण कुल 39 आवासित बालक संस्थान में मौजूद पाएं गए। आवासित बालकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं संतोषजनक पाई गई तथा संस्थान में साफ-सफाई भी ठीक पाई गई ।

संस्थान के सुपरवाइजर विकास कुमार ने बताया कि संस्थान द्वार आवासित दिव्यांग बालको को व्हीलचेयर, बैसाखी, ट्राई साइकिल आदि उपलब्ध करवाए जाते है तथा आवासित बालको द्वारा विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए समय-समय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं आदि में भाग भी लिया जाता है।

### मोटर वाहन दुर्घटना दावा प्रकरणों के संबंध में बैठक

# क्लेम के प्रस्ताव जल्द बीमा कंपनियों को बनाकर भेजें - समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में 14 दिसम्बर, 2024 को आयोजित होने वाली चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना दावा प्रकरणों से संबंधित अधिकाधिक प्रकरणों का आपसी सहमति के माध्यम से निस्तारण करने एवं विचार-विमर्श हेतु बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं एवं क्लेमेन्ट अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजित की गई! जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं को जल्द से जल्द क्लेम के प्रस्ताव संबंधित बीमा कंपनियों को जमा करने के लिए निर्देशित करते हुए क्लेम प्रकरण के राजीनामा में होने वाले असुविधा के संबंध में जानकारी ली गई। क्लेम प्रकरणों में विलम्ब के कारण पीड़ित पक्षकारान को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है, इसके लिए सभी अधिवक्ताओं से अपील की गई कि क्लेम प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में आपसी समझौते से निस्तारण कराये जाने का प्रयास करें ताकि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या कम हो सकें एवं न केवल पक्षकारान बल्कि न्यायालय के कीमती समय की भी बचत हो सकें।

# राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज का निवाई में भव्य स्वागत, सिंधी समाज ने किया आदर-सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सिंधी समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज का निवाई आगमन पर बायपास पर स्वागत किया गया। इस दौरान महाराज का जुलूस गाडियों के काफिले के साथ झिलाय रोड होते हुए सिंधी कॉलोनी में पहुंचा। महराज को बैंड बाजों एवं भांगडा ढोल के साथ नाचते गाते श्रद्धालु जुलूस के साथ झूलेलाल मंदिर लेकर आए। हेमनदास फूलवानी ने बताया कि झुलेलाल मंदिर पहुंचने पर राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज का सिंधी समाज के अध्यक्ष दिलीप ईसरानी के नेतृत्व में सैंकडों लोगों ने भव्य स्वागत किया। महाराज ने



भगवान झुलेलाल के दरबार में मात्था टेककर मन्नत मांगी। सिंधी धर्मशाला में नवनिर्मित 5 कमरों का संत भगतप्रकाश महाराज ने फीता काटकर लोकार्पण किया। राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। तत्पश्चात नरेंद्र कुमार डासवाणी व दिलीप डासवाणी ने राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज सहित सभी संतों का भव्य स्वागत किया।

# सात जन्मों के पाप नष्ट करने वाला देवउठनी एकादशी का उपवास : दाधीच

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** भगवान चारभुजानाथ जी के मंदिर में देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर कथा वाचन करते हुए राजमिश्र पंडित राजेश दाधीच ने कहा कि देवउठनी एकादशी का उपवास रखने से सातों जन्मों के पाप नष्ट होते है। उन्होंने कहा कि धर्म को एक महत्वपूर्ण पुरूषार्थ माना गया है। धर्म व्यक्ति को कर्तव्य पथ पर आगे बढते और अपने दायित्वों को निभाने की प्रेरणा देता है। एकादशी पर्व को लेकर श्री राधा दामोदर मंदिर, चारभुजानाथ मंदिर, लक्ष्मीनाथ मंदिर, कृषि मंडी में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर, गणगौरी बाजार में स्थित सीताराम मंदिर, रघुनाथजी मंदिर, शिवाजी कॉलोनी स्थित श्रीराम मंदिर व श्याम मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर महिला श्रद्धालुओं का दर्शन व परिक्रमा लगाने के लिए तांता लगा रहा।

# प्रान्तपाल सुनिल अरोड़ा के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 की दूसरी कैबिनेट मीटिंग भरतपुर में सम्पन्न

## मीटिंग के दौरान लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्यों ने लक्की ड्रा में जीते ढेरो इनाम

बढ़ता राजस्थान

### रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता को मिला आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस अवार्ड तथा हाईएस्ट गदेरिंग अवार्ड

**अलवर ( का.स. )।** लायंस इंटरनेशनल प्रान्त 3233 ई 1 की भरतपुर में आयोजित दितीय प्रान्तीय कैबिनेट मीटिंग एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह सार्थक में 648 सदस्यों की उपस्तिथि में रचा इतिहास यह जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एम.जे.एफ. लायन ओ.पी.मंगल ने बताया कि प्रान्तपाल पी.एम.जे.एफ. लायन सुनील अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित प्रांतीय सभा लायंस क्लब भरतपुर ब्रज के आतिथ्य में सम्पन्न करवाई गयी एक एतिहासिक आयोजन की सफलता का श्रेय उपस्थित समस्त लायन सदस्यों को समर्पित करते हुए कहा कि प्रान्त द्वारा पूर्व में जारी किये कैलेन्डर के अनुसार ही बिना किसी फेरबदल के समस्त सेवा गतिविधियों व सेवा कार्यो का संचालन किया जाएगा । प्रांतीय सचिव पी.एम.जे.एफ. लायन के.सी.शर्मा ने पूरी प्रांतीय रिपोर्ट , प्रांतीय सचिव (एक्टिविटी) लायन प्रशांत जैन ने एक्टिविटी रिपोर्ट एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन प्रभु पाटिल ने वित्तीय रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत करी । मुख्य अतिथि एलसीआईएफ एरिया लीडर पी.एम.जे.एफ. टीवी श्रवण कुमार ने प्रान्तपाल लायन सुनील अरोड़ा की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया समस्त रीजन चेयरपर्सन एवं जोन चेयरपर्सन की अलग से भोजन अंतराल में मीटिंग करके महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए भोजन अंतराल पश्चात् रीजन एवं जोन चेयरपर्सन ने अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट्स सदन के समक्ष प्रस्तुत करी । पूर्व प्रान्तपाल एम.जे.एफ. लायन मानक चन्द गुप्ता, एम.जे.एफ जी.एल.भोजवानी, एम.जे.एफ. लायन सुनील गोयल सभी ने अपने अपने उद्बोधन में दितीय प्रान्तीय कैबिनेट मीटिंग की सराहना करते हुए सभी को बधाइयाँ प्रेषित करी । सेवा सप्ताह संयोजक राका पाठक ने सेवा सप्ताह की रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत करी सर्वश्रेष्ठ सेवा गतिविधियों के लिए 24 क्लब्स को सम्मानित किया गया ! प्रांतीय सभा में में पहली बार क्लब पदाधिकारियों सहित हर आम लायन सदस्य को सहभागिता मिलने से सभी उत्साहित नजर आये सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक पी.एम.जे.एफ. लायन रामकुमार गुप्ता, भरतपुर ब्रज के अध्यक्ष लायन सतीश गुप्ता, रीजन चेयरपर्सन लायन प्रवीण फौजदार एवं पूरी टीम का करतल ध्वनि से आभार व्यक्त किया गया । डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 की दूसरी कैबिनेट मीटिंग में लायंस क्लब अलवर मत्स्य का दिन बहुत यादगार रहा लक्की ड्रा में कोषाध्यक्ष लायन संध्या अग्रवाल को बिजली की प्रेस , सचिव लायन सुधा अग्रवाल को डिनर सेट , लायन लक्ष्मी अग्रवाल को इंडक्शन चूल्हा, रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता को हैण्ड ग्राइंडर, लायन घनश्याम अग्रवाल के माइक्रोवेव तथा अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल के वैक्यूमक्लीनर निकला परन्तु डॉ.मंजू कुछ



समय पूर्व ही सभागार छोड़कर जयपुर प्रस्थान कर गयी थी इसलिए उनका अवार्ड किसी दुसरे लक्की ड्रा विनर को दिया गया । रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता को डिस्ट्रिक्ट में आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया वही पूरे प्रान्त में सबसे ज्यादा सदस्यों के साथ शिरकत करने के लिए भी फर्स्ट प्राइज दिया गया वही प्रान्त द्वारा चलाये गए। डेज फिटनेस प्रोग्राम में भी बेहतरीन प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया । प्रान्त द्वारा । फ़रवरी से 15 फ़रवरी तक जाने वाले वियतनाम विदेश यात्रा में भी 120 सदस्यों में से 20 सदस्यों के साथ हाईएस्ट रजिस्ट्रेशन करने पर भी सम्मानित किया गया ।

# राष्ट्रीय बाल दिवस पर गोविंदगढ़ में विशेष शिविर का आयोजन, कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के लिए जागरूकता कार्यक्रम

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के न्यायाधीश होंगे मुख्य अतिथि



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** गोविंदगढ़ मे आयोजित शिविर में समाज के कमज़ोर,एवं उपेक्षित वर्गों के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और जानकारी के अभाव में जिन योजनाओं का लाभ कमज़ोर एवं उपेक्षित वर्ग प्राप्त नहीं कर पाता है उसके सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय बाल दिवस के उपलक्ष्य में तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति गोविंदगढ़ में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के सचिव एवं एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज मोहन लाल सोनी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। रा.बालिका उ0 मा0 विद्यालय गोविन्दगढ में राष्ट्रीय बाल दिवस पर बच्चों के बीच सकारात्मक माहौल फैलाने तथा उन्हें सभी बुराईयों से मुक्त समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा महसूस कराने के लिये स्कूलों में बड़े स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। पीएलवी/ अधिकार मित्र अनिल कुमार ने बताया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के मुख्य न्यायाधीश एवं भारत सरकार के कानून मंत्री द्वारा सम्मानित बेस्ट पी एल वी ऑफ़ इंडिया मुस्तफा खान एवं चाइल्ड हेल्पलाइन अलवर मिनी सचिवालय अलवर से डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मुकेश पोसवाल भी व्याख्यान देंगे ।

# रामगढ़ उप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना : 284 बूथों की पार्टियों को ईवीएम की दी ट्रेनिंग, सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** अलवर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को उप चुनाव होगा। वोटिंग के लिए अलवर के बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज से पोलिंग पार्टियां मंगलवार को रवाना हो गई। आखिरी ट्रेनिंग में सभी 284 बूथों की पार्टियों को अंतिम ट्रेनिंग में ईवीएम शुरू करने से वोटिंग कराने और समापन के बाद सील करने की पूरी प्रक्रिया को समझाया गया। ताकि बिना किसी बाधा के वोटिंग हो सकें।

### सुबह 7 से शाम 6 बजे बजे तक वोटिंग

रामगढ़ के विधानसभा उप चुनाव में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी। हालांकि अब सर्दियों के दिनों में शाम के समय वोटिंग के समय अंधेरा रहेगा। प्रशासन का दावा है कि बूथों पर पूरे इंतजाम किए हैं। रामगढ़ में 284 बूथों में से 154 बूथ क्रिटिकल हैं, जिसके कारण पुलिस जाब्ते का अतिरिक्त इंतजाम किया गया है। ताकि शांतिपूर्ण मतदान कराया जा सकें। ट्रेनिंग लेकर रवाना हो रहे मुकेश सिंघल ने बताया- मॉक पॉल वोटिंग से करीब 40 मिनट पहले होगा, जिसमें प्रत्याशियों के एजेंट आमंत्रित किए जाते हैं। समय पर नहीं आने पर पोलिंग पार्टी अपने स्तर पर ही मॉक पोल कराती है। इसके बाद ठीक 7 बजे वोटिंग शुरू हो जाती है। वोटिंग करने के लिए वोटर को 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक पहचान-पत्र लाना अनिवार्य है।

# सामाजिक सरोकार : बुजुर्ग कपड़ा व्यापारी की पहल, दुकान के ढाई लाख के कपड़े-साड़ियां अपनाघर आश्रम को भेंट किए



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल) ।** बयाना कस्बा के सराय गली निवासी बुजुर्ग व्यापारी मनोहर लाल पंजाबी ने मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया है। पिछले 55 सालों से शहर के गुरुद्वारा रोड पर कपड़े का कारोबार कर रहे मनोहर लाल ने अपनी बुजुर्ग अवस्था के कारण अपनी कपड़े की दुकान को बंद किया है। मनोहर लाल ने दुकान में रखे करीब ढाई लाख की लागत के कपड़े को पीड़ित मानवता की सेवा में जुटी ख्यातनाम सामाजिक संस्था को भेंट किया है। मंगलवार सुबह शहर के शीतला माता मंदिर पर भामाशाह बने बुजुर्ग व्यापारी ने अपनाघर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं को अपनी दुकान में रखे कपड़े से भरी पिकअप गाड़ी भेंट की। अपनाघर सेवा समिति शाखा बयाना के अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि समिति के वरिष्ठ सेवा साथी वेदप्रकाश अरौदा की पहल पर भामाशाह व्यापारी मनोहर लाल ने अपनी दुकान में रखे पैंट-शर्ट, कुर्ता- पायजामा और साड़ियां संस्था को भेंट की हैं। ये कपड़े और साड़ियां अपना घर आश्रम में आवासरत पुरुष-महिला प्रभुजनों के पहनने के काम आएंगे। भामाशाह मनोहर लाल ने बताया कि उनके पांच बेटे हैं, जो जीवन में अच्छी तरह सैटल हैं। जब उन्होंने दुकान में रखे कपड़े को संस्था को भेंट करने की बात बेटों से कही, तो वे सहर्ष तैयार हो गए और उनके निर्णय की सराहना की। इस अवसर पर संस्था से जुड़े कार्यकर्ता वेदप्रकाश अरौदा, योगेश सिंघल, धीरज चौधरी, कपिल शर्मा, साहबसिंह चौधरी, बॉली गर्ग, नीलू फौजदार, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नीमराना हाईवे पर एक साथ तीन वाहन भिड़े, साइड दबाने के चक्कर में ट्रॉला सवारी बस से टकराया, आगे चल रही कैंपर गाड़ी भी चपेट में आई

बढ़ता राजस्थान

**नीमराना ( नि.स. )।** नीमराना में एक के बाद एक तीन गाड़ियों की टक्कर हो गई। तेज रफ्तार ट्रॉले ने सवारी बस को टक्कर मारी और सवारी बस आगे चल रही कैंपर गाड़ी से टकरा गई। हादसे में किसी को चोट नहीं आई। हादसा मंगलवार सुबह करीब 5 बजे दिल्ली हाईवे पर पारले बिस्कुट कंपनी के सामने हुआ। ट्रॉला ड्राइवर संजीव कुमार ने बताया कि वो जयपुर से दिल्ली की तरफ जा रहा था। फ्लाई ओवर से नीचे उतरते समय दूसरे वाहन कंटेनर चालक ने ओवरटेक कर दिया।

# बयाना में धाकड़ समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन, 32 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

## गृहस्थी का सामान और गहने उपहार में दिए, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी पहुंचे

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** धाकड़ समाज बयाना की ओर से आज देवउठनी एकादशी पर समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में 32 जोड़े एक दूजे का हाथ थाम जिंदगी के हमसफर बने। इससे पहले बयाना कस्बे के व्यापार मंडल भवन से दूल्हों की सामूहिक बिंदोली बैंड बाजों के साथ मुख्य मार्गों से होकर निकली। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और स्थानीय विधायक डॉ ऋतु बनावत ने पहुंचकर नव विवाहित वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलनों से शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची पर अंकुश लगता है। इसके साथ ही सामाजिक समरसता का भाव भी बढ़ता है। इसके बाद विवाह स्थल कस्बे के सब्जी मंडी के पीछे स्थित ग्राउंड पर बनाए गए विशाल पांडाल में वरमाला और फेरों का कार्यक्रम हुआ। इसके साथ ही सम्मेलन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष सत्यभान सिंह धाकड़ और प्रगतिशील धाकड़ समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमन धाकड़ ने बताया कि समिति की ओर से सभी नव विवाहित वर-वधुओं गृहस्थी के सामान के रूप में एलईडी टीवी, फ्रिज, आलमारी, सूटकेस, कलाई घड़ियां, सिलाई मशीन, बेड, चौकी, गद्दे, चादर, पंखा, मिक्सी, प्रेस, बर्तन, कपड़े आदि दिए गए हैं। इसके अलावा दुल्हनों को सोने-चांदी मंगलसूत्र, नोजपिन, कुंडल, पायल आदि आभूषण भी दिए गए। करीब 10 हजार लोगों के लिए भोजन तैयार किया गया। इस दौरान बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, रमन बिहारी धाकड़, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विनोद सिंघल, जवाली धाकड़, डॉ महेश धाकड़, डॉ मनोज धाकड़, अग्रवाल समाज अध्यक्ष सुरेशचंद सिंघल, पिंटू धाकड़, सुरेंद्र धाकड़, रामबाबू धाकड़, कृष्ण मुरारी धाकड़, जयप्रकाश धाकड़, लक्ष्मण धाकड़, हनुमत धाकड़ आदि धाकड़ समाज के हजारों लोग मौजूद रहे।

# पूँछरी से राधारानी ब्रजयात्रा का प्रस्थान डीग की ओर



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** ब्रज मण्डल में राजस्थान के डीग और कामा का अत्यंत महत्व पूर्ण स्थान है क्योंकि काम वन को आदि वृंदावन कहते हैं और डीग क्षेत्र आदि बद्री जैसी दिव्य लीला स्थलियों के लिए प्रख्यात है ।डीग की और जाते हुए यात्री पूँछरी से निकलकर श्याम ढाक पहुँचे जहां आज भी कदंब वृक्षों से दौने के आकार के पत्ते गिरा करते हैं तभी कहावत भी बनी हुई है 'श्याम ढाक के दोना दही पीजा श्याम सलोना' । पुरातन समय में यहाँ ढाक के बहुत वृक्ष हुआ करते थे ।आज भी यह बड़ी रमडीक लीला स्थली है । श्याम ढाक में छाक लीला हुई थी श्याम ढाकतर छाक अरोगत लेकर थारी ठाड़ी ललिता । यहीं विट्ठल नाथ जी की बैठक भी है ।गोप तलैया आदि भी दर्शनीय है ।इनसभी दिव्य लीला स्थलियों के दर्शन कर यात्री सामइ खेरा पहुँचे ।यहाँ सूर्य कुंड है । यही सूर्य भगवान ने श्री कृष्ण आराधना की थी और श्री कृष्ण ने श्यामा सखी के रूप में मानिनी राधा का मान भंग किया था । त्रेता युग मे रावण से भयभीत सूर्य यहाँ गिरे थे ;इसलिए यहाँ सूर्यवपतन वन भी है ।उक्त लीला स्थलों के दर्शन कर यात्री अपने आज के पड़ाव स्थल पर पहुँचे ।कल यात्रा दीर्घ पूरी से निकल कर आगे बढ़ेगी ।यात्रा में राधा कान्त शास्त्री बाबा ब्रज शरण दास नर सिंह दास ब्रजदास राज कुमार प्रभु दास नीलमणि शंकर बाबा आदि भी चल रहे थे ।

# बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड से किया दंडित

## एडीजे मोहित द्विवेदी ने सुनाया फैसला

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** नाबालिग से बलात्कार के आरोप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वैर मोहित द्विवेदी ने अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार के आर्थिक दंड से दंडित करने का फैसला खुले न्यायालय में सुनाया।

लोक अभियोजक गुट्यारी सिंह गुर्जर ने बताया कि पीड़िता के चाचा ने थाना भुसावर मे गुमशुदगी की रिपोर्ट दिनांक 27 फरवरी 2011 को पेश की थी जिसमें उल्लेख किया गया कि पीड़िता को माडोनी थाना सेवर निवासी बृजमोहन उर्फ बिरजू हमारी लड़की को बहला फैसला कर ले जा सकता है पीड़िता ने अपने बयानों में बताया कि अभियुक्त बृजमोहन हमारे गांव में सिलाई का काम करता था जिसके साथ वह चली गई उसने उसकी इच्छा अनुसार शारीरिक संबंध बनाया जाना बताया लेकिन न्यायाधीश ने अपने फैसले में माना कि पीड़िता नाबालिग होने के कारण उसकी सहमति कानून के अनुसार कोई मायने नहीं रखती है अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से बलात्कार के आरोप की पुष्टि होने पर एडीजे मोहित द्विवेदी ने बृजमोहन उर्फ बिरजू को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50 हजार के आर्थिक दंड से दंडित करने का फैसला सुनाया।

# पंचायती मंदिर बयाना में शालिग्राम तुलसी विवाह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ, विवाह में उमड़ा जनसमूह

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** कस्बे के अग्रवाल पंचायती मंदिर में देवउठनी एकादशी के अवसर पर तुलसी-ठाकुर जी का विवाह धूमधाम के साथ किया. इस कार्यक्रम को लेकर कस्बे में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालुओं के बीच खासा जोश देखा जा रहा है. पंचायती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बैजनाथ दमदमा ने बताया कि विवाह की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इस भव्य आयोजन में वधु पक्ष की ओर से तुलसी जी का प्रतिनिधित्व गांधी चौक निवासी सतीश अग्रवाल ने किया. वहीं ठाकुर जी की लगन चढ़ाई की रस्म का आयोजित भी किया. गया में बड़े ही धूमधाम से बैंड-बाजों के साथ ठाकुर जी की भव्य बारात निकाली गई. ठाकुर जी की बारात कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए वधु पक्ष के घर पहुंची. इस बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और इसे देखने के लिए कस्बे के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी वहीं मंदिर में बारात के स्वागत के बाद तोरण मारने की रस्म पूरी की गई और इसके बाद गोधूलि बेला में फेरों की रस्म अदा हुई. इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ तुलसी-ठाकुर जी का पवित्र विवाह संपन्न हुआ, जो कस्बे में श्रद्धा और भक्ति का



विशेष पर्व बन गया. तुलसी और ठाकुर जी का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ हुआ. इस तरह तुलसी ठाकुर जी का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष बैजनाथ सरपंच,कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष विनय अग्रवाल, महंत गोविंद शुक्ला, सतीश, विशेष चन्द्र, पूरन मित्तल नत्थी गुप्ता, महेंत सतीश तिवारी, निरंजन और समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# बहरोड़ में पंचायत समिति में लगेगा शिविर : दिव्यांगों को दिए जाएंगे कृत्रिम अंग और उपकरण

## 6 पंचायत समिति में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( नि.स. )।** बहरोड़ पंचायत समिति में आज13 नवंबर बुधवार को संयुक्त सहायता अनुदान योजना के तहत दिव्यांगों को कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश बावता ने बताया प्रदेश सरकार की बजट घोषणा 2024- 25 में उप मुख्यमंत्री के द्वारा विशेष योग्यजनों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से दिव्यांगों को 20 हजार रुपए तक के कृत्रिम अंग और उपकरण उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर 10 हजार विशेष योग्यजनों को शिविर के माध्यम से अंग और उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। कोटपूतली-बहरोड जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने तीन दिन पहले आदेश जारी करते हुए जिले की 6 पंचायत समिति परिसर में शिविर लगाने के आदेश जारी किए। जिसमें नीमराना पंचायत समिति में आज 12 नवंबर को शिविर आयोजित होगा।

# आने वाले समय में प्रदेश में किसानों और उद्योगों को निर्बाध बिजली मिलेगी : ऊर्जा मंत्री

## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एक दिवसीय दौर पर बयाना उपखंड पहुंचे की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल) ।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एक दिवसीय दौर पर जिले के बयाना उपखंड पहुंचे जहां जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई के दौरान पूर्व में प्राप्त हुई समस्याओं के निराकरण की जानकारी लेकर आमजन को प्रदान की गई राहत के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने लोगों की सुनी समस्याएं सुनकर मौके पर ही निराकरण कराया। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को बजट घोषणा 132 केवी सबस्टेशन ग्राम सूपा और 220 केवी सबस्टेशन निभेरा के प्रगतिरत कार्य की जानकारी लेकर समय पर पूरे करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन बजट घोषणाओं में जमीन आवंटन हो चुका है टेंडर प्रक्रिया जल्दी पूरी करे जिससे आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सके। ऊर्जा मंत्री ने आमजन से रूबरू होते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिजली की सभी समस्याओं को दूर कर जनता को किसानों को सुलभ व सस्ती बिजली



उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा आने वाले 4 साल में किसानों को निर्बाध बिजली मिलेगी और उद्योगों को भी समय पर बिजली मिल सकेगी, इसके लिए राइजिंग राजस्थान में भी 5000 करोड़ के एमओयू होने जा रहे हैं। पूर्व में भी जो एमओयू हुए हैं उनको धरातल पर उतारा जा रहा है मुख्यमंत्रीजी का सपना है विकसित राजस्थान हो समृद्ध राजस्थान हो किसान समृद्ध हो इस मौके पर ब्रजमोहन वकील, कमल आर्य, प्रदीप आर्य, नरेश बरेठा, सतीश सिंघल, मणी अग्रवाल,सोरभ, आदि मौजूद रहे।

अतिक्रमण की जद में निम्बाहेड़ा शहर

# चारों तरफ बेतरबीब अतिक्रमण ने बिगाड़ा शहर का स्वरूप, प्रशासन मौन

प्रकाश खत्री

**निंबाहेड़ा (बढ़ता राजस्थान)।** चित्तौड़गढ़ जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका निम्बाहेड़ा शहर के हालात इस कदर बिगड़ेंगे की किसी ने सोचा नहीं होगा क्योंकि जैसे-जैसे शहर का विकास होता गया उतना ही अतिक्रमण भी बढ़ता गया जिसने निम्बाहेड़ा शहर का स्वरूप तो बिगड़ा ही साथ ही दुर्घटनाओं का जौन भी बना दिया । क्योंकि अतिक्रमण करने से शहर की सड़के तो छोटी हो गई और यातायात का दबाव ज्यादा बढ़ गया । सड़कों पर घूमटी ठेले वालों की खड़े रहने की वजह से सड़कों की चौड़ाई कम हो गई और आवागमन के साधन बढ़ गए जिससे सभी को दो-दो हाथ होना पड़ रहा है। आपको बता दे की नगर पालिका निम्बाहेड़ा द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर वेंडर जॉन का निर्माण कार्य कराया गया था जो कुछ दिनों में ही प्रशासन के ढुल मूल रवैया की वजह से फ़ैल हो गया और वापस बस स्टैंड पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया और तो और नगर पालिका द्वारा बनाए गए डिवाइडर पर भी इन अतिक्रमण करने वालों ने बीच सड़क पर ही अपनी घूमटिया रखकर सड़के जाम कर रखी है ।जिससे आए दिन









दुर्घटनाएं होती रहती है । नगर पालिका प्रशासन द्वारा इन बीच रोड पर पड़ी घूमतियों को हटाने की बजाय नई कोर्ट के बाहर चाय की गुमटी को हटाया गया जिससे ना तो कोई सड़क जाम हो रही थी और ना ही किसी को परेशानी हो रही थी । नई कोर्ट के बाहर चाय वाले को हटाने का कारण समझ से परे है । जबकि कुछ ही दूरी पर आरएसईबी चौराहे पर भारी तादाद मे रखी घूमटियों को नहीं हटाया गया जबकि ईदगाह चौराहा, आर एस ई बी चौराहा,जेके चौराहा पर अवैध घूमतियों और ठेलो वालों ने बीच सड़क पर ही अतिक्रमण कर सड़क की चौड़ाई कम कर दी है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है ना तो नगर पालिका प्रशासन का ध्यान है और ना ही जनप्रतिनिधियों का । बस स्टैंड जे के चौराहे पर यह आलम है कि बीच सड़क पर ही घूमटिया तो रख ही रखी है और वहीं दूसरी तरफ भारी वाहन भी सड़क पर खड़े कर उनकी रिपेयरिंग की जाती है जिसे आने जाने वालों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है । आखिर इन अवैध अतिक्रमण करने वालों पर प्रशासन कब कार्रवाई करेगा या फिर आमजन इन अवैध अतिक्रमण वालों के सामने ऐसे ही बेबस दिखाई देता रहेगा । जब जिला कलेक्टर ने कहा कि शहर को दुर्घटना मुक्त एवं जाम रहित यातायात व्यवस्था के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा जिसमें स्थानीय नागरिकों को सु-व्यवस्थित यातायात की सुविधा मिल सके और राज्य सरकार द्वारा शहर में आने का अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिस पर भी इन अवैध अतिकर्मियों ने बट्टा लगा दिया है ।

यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, नगर पालिका को शहर में लगने वाले जाम और दुर्घटना स्थलों को चिन्हित कर सुधारात्मक कदम उठाने की जरूरत है जहां पर स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं या टूट गए हैं उनको दोबारा रिपेयर करने की जरूरत है। जिन स्पीड ब्रेकर पर सफेद लाइन रेडियम मिट गई हो उसको सही करने की जरूरत है जहां पर प्लास्टिक के स्पीड ब्रेकर टूट गए उनके किले बोल्ट की वजह से कितने ही गाड़ियां पंचर हो गई । इन कीलो और बोल्ट को निकालने की जरूरत है इससे आमजन को कुछ राहत मिल सके, और शहर में बीच सड़क पड़ी घूमटियों को हटाकर सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जाए जिसे आवागमन में दिक्कत ना हो ।

## जेसीआई कोटा उड़ान ने जीते सर्वाधिक 26 अवार्ड्स

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** जेसीआई मंडल 5 की राज्य स्तरीय जोन कॉन्फ्रेंस में जेसीआई कोटा उड़ान ने अपनी स्थापना के पहले वर्ष में ही अपने नाम के अनुरूप उड़ान भरी और पूरे राजस्थान में सर्वाधिक 26 अवार्ड्स जीत कर अपने नाम का डंका बजावा दिया। अध्यक्ष नेहा जैन ने बताया कि ब्यावर में आयोजित की गई इस कॉन्फ्रेंस में नेशनल ओर राज्य स्तरीय अवार्ड्स दिए गए जिन्हें मंडल 5 के अध्यक्ष विभोर लोढ़ा द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि पूरे वर्ष 2024 में की गतिविधियों को देखकर यह सम्मान दिया गया। उन्होंने जेसीआई कोटा उड़ान के पिलर्स सीए निखिल जैन, सीए अनीश श्वेता माहेश्वरी, नवनीत प्रिया मोहता, विभोर दीपिका लोढ़ा और प्रियंक करिश्मा माहेश्वरी का भी साल भर मार्गदर्शन देने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर जेसीआई कोटा उड़ान से ही सर्वाधिक 16



सदस्य ब्यावर गए और अपनी एकजुटता पूरे मंडल 5 के सामने दिखाई। जेसीआई उड़ान को बेस्ट नए अध्याय, बेस्ट लेडी, बेस्ट जूनियर जेसी आदि विभिन्न कैटेगरी में अवार्ड्स दिए गए। इस मौके पर आयुष झवर, नवीन जैन, अतुल जैन, शुभम चौधरी, गौरव रक्षा गुप्ता, पंकज जैन, पूनम जैन दीपिका जैन, अंशुल अंजलि गट्टानी, अनिका माहेश्वरी , नुशा जैन प्रियम , नवधा आदि सदस्य उपस्थित थे। अध्यक्ष नेहा जैन को 2025 की गवर्निंग बोर्ड में जोन डायरेक्टर ट्रेनिंग के रूप में भी शामिल किया गया।

# अन्नकूट महोत्सव व वैश्य महासंगम 16 नवम्बर को

### वृद्धजनों व प्रतिभाओं का होगा सम्मान, कई संकल्पों के माध्यम से समाज में किए जाएंगे सेवा कार्य

**सभी घटकों को एक मंच पर लाकर, आपस में रिश्ते होंगे प्रगाड**

**ड्रोन से अन्नकूट परिसर में होगी पुष्पवर्षा, पर्यावरण फ्रेंडली होगा अन्नकूट**

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** अन्नकूट महोत्सव व वैश्य महासंगम -2024 का आयोजन सीएडी ग्राउंट में 16 नवम्बर हो आयोजित होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

वैश्य समाज का यह अन्नकूट देश में अपनी अलग पहचान रखता है और लोग देशभर से यहां आते हैं और एकता का परिचय देते हैं। यह अन्नकूट सभी घटकों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है जिसमें सामाजिक समरसता के साथ सभी घटकों को एक मंच पर लाकर आपस में रिश्तों को प्रगाड करने का प्रयास किया जा रहा है। अन्नकूट महोत्सव के मुख्य संयोजक प्रकाश चंद गुप्ता व अध्यक्ष दिनेश विजय ने बताया कि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जिला कोटा की ओर से आयोजित किए जा रहे अन्नकूट महोत्सव व महासंगम को लेकर



वैश्य समाज के सभी घटकों को जिम्मेदारियां सौंपने के साथ ही घर-घर पहुंचकर सम्पर्क कर पीले चावल बांटकर आमंत्रित किया गया है। दिनेश विजय ने कहा कि इस अवसर पर भोजन व्यर्थ नहीं जाए और सीमित मात्रा में बने इसका विशेष प्रयास किया गया है।

**श्री नाथ जी की झांकी होगी आकर्षण का केन्द्र, रक्तदान, देहदान, अंगदान को लेकर लगेगी स्टॉल :** जिला महामंत्री भुवनेश गुप्ता एवं जगदीश चुनेवाला ने बताया कि इस महाकुंभ में हर जाति धर्म को सामाजिकता का संदेश दिया जाएगा और उन्हें समाजसेवा से जोड़ते का प्रयास किया जाएगा ताकी मानव सेवा हो सके। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर श्रीनाथ जी की झांकी आकर्षण का केन्द्र होगी। इस दौरान भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें देर रात तक धार्मिक भजनों की बयार चलेगी। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस दौरान वैश्य गौरव सम्मान और वैश्य शिरोमणि सम्मान भी दिया जाएगा।

**100 सुकन्या योजना के खाते खुलवाए जाएंगे :** संभाग प्रभारी गायत्री मित्तल व संरक्षक पुष्पांजलि विजय ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न समाजों की निर्धन कन्याओं के सुकन्या खाते खालने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान 100 खाते खोले जाएंगे। युवा अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता एवं महामंत्री अनुपम गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर ड्रोन से पुष्पवर्षा की जाएगी।

### प्रशासन का फार्मूला चोर से कहे चोरी करे साहूकार से कहे जागते रहे

# रात के अंधेरे और दिन के उजाले में हो रहा अवैध खनन, नदी से निकाले जा रहे पत्थर और रेत

## रेती, पत्थर का अवैध खनन जोरों पर,बिना नंबर दौड़ रहे ट्रक

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )** सत्ता का क्या परिवर्तन हुआ खनन माफियाओ का चारों तरफ बिछ गया जाल नागदा, पालायथा, रायपुरिया, थिगोद, से बेधड़क झिझक हो रहा है । अधिकारियों से जब भी अवैध खनन की बात की जाती है एक ही रटी रटाई भाषा हमारी जानकारी में नहीं है जानकारी मिलने पर कार्यवाही की जाएगी और कार्यवाही के नाम पर करते हैं खानापूर्ति । वन एवं निजी भूमि से पत्थर तोड़कर बाजार में बेचे जाने से जिले में वन एवं पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। बावजूद इसके प्रशासन इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है ।जिले में अवैध पत्थर खनन का कारोबार जोरों पर है। इस कारोबार में लगे मिट्टी रेत पत्थर चोर करोड़ों रुपये की कमाई कर रहे हैं। नदी वन एवं निजी भूमि से पत्थर तोड़कर बाजार में बेचे जाने से जिले में वन एवं पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। बावजूद इसके प्रशासन इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। विदित हो कि इस धंधे में लगे लोग कल तक



कमीशन पर लोगों को पत्थर उपलब्ध कराते थे। आज वे इस अवैध धंधे का लाभ उठा रहे है। उनके पास आज जीवन की हर सुविधा उपलब्ध है। रोजाना 2 दर्जन ट्रक ट्रैक्टर से रेत मिट्टी पत्थर की ढुलाई की जा रही सोरसन, कालीसिंध, परवन नदी, पालयथा नागदा तिगोद आदि के आसपास स्थित वन भूमि व निजी भूमि पर रेत मिट्टी पत्थर तोड़ने का काम किया जाता है। उक्त स्थानों से पत्थर माफिया प्रतिदिन कई ट्रक ट्रैक्टर पत्थर विभिन्न स्थानों के लिए ले जाते हैं। ये पत्थर नजदीकी ठेकेदारों में खपाए जाते हैं। इसका उपयोग सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले पत्थर, घरों के लिए नींव एवं गिट्टी के रूप में होता है।

**अवैध खनन रोकने के लिए बनी टीम निष्क्रिय :** जिले में अवैध खनन व ट्रांसपोर्टिंग के खिलाफ बनाई गई टीम निष्क्रिय साबित हो रही है। दो तीन मामलों को छोड़कर टीम द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए कोई खास पहल नहीं की गई है। केवल दिखावेबाजी के लिए छुटपुट खानापूर्ति की जाती है। इसकी खानापूरी के बाद टीम द्वारा इस दिशा में पहल नहीं की गई। जबकि मिट्टी रेत पत्थर चोर इस धंधे में जोर शोर से लगे हुए हैं। अवैध कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद है कि भोजाखेड़ी रोड से बंबोरी खड़ी बरढ़िया होते हुए दर्जनों ट्रक ट्रैक्टर दौड़ रहे रेत पत्थरों के रायपुरिया से दिनभर चलती हैं । रेत पत्थर की ट्रेक्टर ट्रोलिया वही अवैध मिट्टी के लोडेड बिना नंबर के ट्रक दौड़ रहे हैं । अंता क्षेत्र मै रेत का उत्खनन अनवरत जारी है अंता सीसवाली मे खनन माफियाओं व पुलिस मे अच्छी तालमेल बिठा कर दिन रात अवैध खनन किया जा रहा है।

**नदी का सीना छलनी कर निकाल रहे रेत**
**कस्बे में लग रहे ढ़ेर,जप्ती के नाम पर खानापूर्ति**

**पौ फटते ते ही होती है मिट्टी पत्थर रेत की ढुलाई**

रेत मिट्टी पत्थर चोरों द्वारा अवैध रूप से रेत पत्थर ढोने का काम सुबह-सुबह किया जाता है। यह अवैध कारोबार जिला खनिज विभाग, स्थानीय पुलिस व वन कर्मियों की मिलीभगत से होता है।रेत मिट्टी पत्थर चोरों द्वारा इसके एवज में जिला खनिज विभाग, पुलिस व वन विभाग को बंधी बंधाई रकम दी जाती है।

सेटिंग हो जाने के बाद चोर मिट्टी रेत पत्थर की बेधड़क ढुलाई करते हैं। अवैध रेत मिट्टी पत्थर के कारोबार में लगे खनन चोर आर्थिक रूप से मजबूत हो चुके हैं तथा राजनीतिक रूप से भी अपनी पहुंच बनाए हुए हैं ।

## देवउठनी एकादशी पर विदेशी पर्यटकों व श्रद्धालु

### भक्तजनों ने श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर किया संकीर्तन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** बूंदी में देवउठनी एकादशी पर विदेशी पर्यटकों व श्रद्धालु, भक्तजनों ने श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर संकीर्तन किया, बूंदी महोत्सव 2024 की सफलता के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की। श्री चारभुजा विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की देवउठनी एकादशी की पूर्व संध्या पर विदेशी पर्यटकों ने तिलक चौक स्थित जन जन के आराध्य श्री चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन किए तथा भक्त जनों के साथ सीताराम सीताराम, राधेश्याम राधेश्याम का संकीर्तन किया तथा सभी ने सामूहिक रूप से बूंदी महोत्सव की सफलता को लेकर जयकारे लगाए, कथा व्यास सम्राट पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने वैदिक मंत्रो के साथ बूंदी महोत्सव दिव्यं एवं भव्य हो इसके लिए प्रार्थना की तथा पुजारी पंडित अमित शर्मा ने आरती उतार कर चरणामृत, प्रसाद दिया इस मौके पर शिक्षाविद श्रीमती नीलम मेहता, समाजसेवी द्वारका बिरला, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय मेहता, आशुतोष शर्मा सहित श्रद्धालु एवं भक्तजनों ने भी बूंदी महोत्सव सुंदर एवं प्रभावी बने इसके लिए कामना करते हुए प्रार्थना की। पारीक ने बताया देवउठनी एकादशी पर प्रात: 6ः00



बजे मंगला आरती के समय श्री चारभुजा नाथ की प्रतिमा पंचामृत से स्नान करवा कर नए वस्त्र धारण करवा कर पुष्प मालाओं से श्रृंगार किया और पुजारी पंडित पूर्ण चतुर्वेदी ने आरती उतारी इस अवसर पर श्री चारभुजा विकास समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गर्ग, संगठन मंत्री कौशल शर्मा, देवेंद्र सोनी लालचंद्र विजयवर्गीय सुरेश पारीक सहित श्रद्धालु महिला एवं पुरुषोंने सामूहिक रूप से ओम जय जगदीश की आर्तियां गाकर भगवान को रिझाया तथा केसर, बादाम, पिस्ता युक्त दूध का प्रसाद, केला,एवं पंचमेवा का प्रसाद वितरित किया गया।

## भव्य रूप में मनाया जा रहा साहिब श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 555वां प्रकाश गुरु पर्व

### नगर कीर्तन में उमड़ा आस्था का सैलाब, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत व सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** समूह संगत एवं प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा कोटा जं. (रजि.) के तत्वावधान में साहिब श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 555वां प्रकाश गुरू पर्व भव्य रूप में मनाया जा रहा है। मंगलवार को भव्य, विशाल व अनुशासित नगर कीर्तन निकाला गया जिसमें आस्था का सैलाब उमड़ गया। सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और गुरू नानक देव जी का गुणगान करते चल रहे थे। सभा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह माखीजा ने बताया कि गुरूद्वारा साहिब स्टेशन से नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ जो स्टेशन क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होता हुआ पुनः गुरूद्वारा साहिब पर सम्पन्न हुआ। सबसे आगे गुरू नानक देव जी का संदेश प्रसारित करते हुए पंच प्यारे चल रहे थे। गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश पालकी साहिब मे शोभायमान रहा जहां लोगों ने मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। नगर कीर्तन का स्वागत द्वार लगाकर, आतिशबाजी कर, पुष्प वर्षा कर और खाने की स्टॉल लगाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नन्हें बच्चों ने भी अपने सेवा और कला का प्रदर्शन किया।




**वीर खालसा ग्रुप कोटा द्वारा नगर कीर्तन में एक से बढ़कर एक हैरतंगेज गतका कला दिखाई :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रबन्धक अमरप्रीत सिंह मखीजा ने बताया कि वीर खालसा ग्रुप कोटा द्वारा नगर कीर्तन में एक से बढ़कर एक हैरतंगेज गतका कला दिखाई गई जो आकर्षण का केन्द्र रही। अनुशासित बच्चों से लेकर बडों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। किसी ने चर्क्र चलाया तो किसी ने तलवारबाजी में अपने हुनर को दिखाया। इसके साथ ही कई जान जोखिम में डालने वाले करतब दिखाए गए जो लोगों के लिए आकषण का केन्द्र रहे। इस दौरान महिलाओं और पुरुष का कीर्तन जत्थे गुरु की वाणी का गुणगान करता रहा।

## दाधीच समाज में दीपावली मिलन एवं अन्नकूट समारोह का हर्षोल्लासपूर्ण से सम्पन्न

### गायक अनुराग मित्तल ने बहाई ठाकुर जी के भजनों की सरिता, ठाकुरजी को लगाया छप्पन भोग का प्रसाद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** महर्षि दधीचि छात्रावास प्रांगण में दाधीच समाज द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत माँ दधिमती और महर्षि दधीचि के चित्रों के पूजन, दीप प्रज्वलन तथा राधा-कृष्ण के विग्रह के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। समारोह में महर्षि दधीचि छात्रावास समिति के अध्यक्ष रविंद्र जोशी, महामंत्री निमेष पुरोहित, कोषाध्यक्ष रामकल्याण दाधीच, मुख्य सलाहकार नागेश दाधीच, उपाध्यक्ष नरेंद्र मोहन दाधीच और आशीष व्यास, राजेश दाधीच, गोपाल दाधीच (नृसिंह ),रामेश्वर दयाल दाधीच आदि समाज समाज के अन्य प्रमुख बंधुओं ने सामूहिक रूप से पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया। अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में भजनों की रसधारा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध भजन गायक अनुराग मित्तल ने एक के बाद एक मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। समाज के सभी सदस्य—महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग—भजनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आए।



# पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज, भरतपुर राहुल प्रकाश ने जिला पुलिस का किया वार्षिक निरीक्षण

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, कार्यालय वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर शहर एवं थाना निहालगंज का किया निरीक्षण





बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश आईपीएस मंगलवार को एक दिवसीय धौलपुर दौरे पर रहें, इस दौरान उन्होंने जिला पुलिस का वार्षिक निरीक्षण किया। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर के कार्यालय पहुंचने पर सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा द्वारा अगवानी की और फिर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश से पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने अन्य पुलिस अधिकारियों से परिचय करवाया। इसके बाद उन्होंने फरियादियों की जनसुनवाई कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। तत्पश्चात महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश ने उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की क्राइम मीटिंग लेकर जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और पुलिस अधिकारियों को आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर की तर्ज पर कार्य किये जाकर आमजन को सुविधाएं दी जाने की बात कही। इसके उपरांत कार्यालय की शाखाओं का भ्रमण कर उपस्थित स्टाफ से कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए साफ सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया7 इसके पश्चात महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर श्री राहुल प्रकाश ने थाना निहालगंज और वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर कार्यालय में पहुंच कर निरीक्षण किया7 इस दौरान उन्होंने मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रुम, मैस आदि का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर ने कहा पुलिस थाना में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए तथा उसका समय से निस्तारण किया जाए।

इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा जाए। साथ ही उन्होंने पुलिस थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए तथा थाना प्रभारी बिजेन्द्र सिंह को पुलिस गश्त व्यवस्था मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने सहित आदि को लेकर दिशा निर्देश दिए। वृत्ताधिकारी कार्यालय धौलपुर का निरीक्षण कर वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर मुनेश मीणा से विभिन्न मामलों में जानकारी प्राप्त की। दौरे के समय पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मनोज शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़, वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर मुनेश मीणा, वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर ग्रामीण (सैंपऊ) अनूप सिंह, वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी महेंद्र कुमार, वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा नरेन्द्र मीणा, वृत्ताधिकारी वृत्त मनियां राजेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक एसटी/एससी सैल धौलपुर राजेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहें।



## भरतपुर आईजी के आने पर ट्रैफिक पुलिस का एक्शन

# चौराहों पर वाहनों की जांच, रूल्स फॉलो नहीं करने पर काटे चालान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भरतपुर डीआईजी राहुल प्रकाश के धौलपुर आगमन पर मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस एक्शन मोड पर नजर आई। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर वाहनों को रोक अचानक जांच की गई। रूल्स फॉलो नहीं करने वाले वाहनों के चालान काटे गए एवं एमबी एक्ट में कार्रवाई की गई।

बाड़ी शहर ट्रैफिक इंचार्ज राम वकील गुर्जर ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के निर्देश और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार एवं कोतवाली एसएचओ शिवलहरी मीणा के सुपरविजन में लगातार वाहनों की जांच की जाती है। आज विशेष रूप से अभियान चलाकर शहर के बसेड़ी रोड चौराहा और महाराज बाग सर्किल पर जांच की गई। जिसमें एमबी एक्ट में एक दर्जन वाहनों के चालान काटे हैं। वहीं बिना नंबर की बाइक और ट्रैक्टर के चालान किए गए हैं साथ में टेंपो जो क्षमता से अधिक सवारियों को ले जाते हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की है।

### लगातार हो रही दुर्घटनाएं, नहीं कोई ध्यान

जिले में ट्रैफिक पुलिस के एक्शन नहीं लेने के चलते लगातार दुर्घटनाएं सामने आ रही है। वाहनों के ओवरलोड होने के चलते एक्सीडेंट हो रहे हैं। जिसमें लोग अकाल मौत का शिकार हो रहे हैं। सोमवार को शहर के सरमथुरा रोड पर सुनीपुर गांव के पास एक बाइक पर बैठे चार लोगो को अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी। जिनमें तीन की मौके पर मौत हो गई।

वह एक घायल गंभीर हालत में धौलपुर अस्पताल भर्ती है। इसी प्रकार सुनीपुर गांव पर ही 19 अक्टूबर को ओवरलोड टैंपो को स्लीपर कोच बस ने टक्कर मारी थी।

जिसमें 14 सवारियां बैठी हुई थी। जिनमें से 12 लोगों की अकाल मौत हो गई। उक्त हादसों से स्पष्ट होता है कि ट्रैफिक पुलिस हो या प्रशासन हादसों के बाद ही एक-दो दिन एक्शन में रहते हैं। आज धौलपुर में भरतपुर आईजी आए हुए हैं ऐसे में पुलिस एक्शन मोड पर है।

# पार्वती नदी में नहाने गई नाबालिग डूबी : सिविल डिफेंस की टीम कर रही तलाश, अचानक गहरे पानी में जाने से हादसा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के मनियां थाना क्षेत्र स्थित कैलाशपुरा गांव के पास बहने वाली पार्वती नदी में नाबालिग डूब गई। नाबालिग अपनी सहेलियों के साथ नदी में नहाने के लिए गई थी।

जिसके डूबने पर पुलिस के साथ सिविल डिफेंस की टीम को सूचना दी गई। जो नदी में नाबालिग की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि सरिता (16) पुत्री भगवान सिंह बघेल निवासी कैलाशपुरा अपने गांव की सहेलियों के साथ नदी में नहाने गई थी। नदी में नहाते समय अचानक गहरे पानी में चली गई। नाबालिग के पानी में डूबने पर उसकी सहेलियों ने शोर मचाया। जिसे सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। नदी में नाबालिग के डूबने की खबर ग्रामीणों के साथ पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाया है। जिसकी देखरेख में नदी में नाबालिग की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। घटना की सूचना उच्च अधिकारियों के साथ एसडीआरएफ की टीम को भी दी गई है। जिनके आने के बाद नदी में बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा।

# सरोवर के पास मिला नाबालिग : 3 दिन से घर से था गायब, पुलिस ने काउंसलिंग कराकर परिजनों को सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मचकुंड चौकी पुलिस को 3 दिन से गायब नाबालिग सरोवर के पास घूमता हुआ मिला। लावारिस हालत में मिले नाबालिग को डिटेन कर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद मासूम को उसके परिजनों को सौंप दिया है। मचकुंड चौकी प्रभारी कृष्णअवतार ने बताया कि 3 दिन पूर्व 7 नवंबर को बाड़ी थाना क्षेत्र का रहने वाला एक 11वीं कक्षा का छात्र घर से गायब हो गया था। छात्र के गायब होने के बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। चौकी प्रभारी ने बताया कि सोमवार को मचकुंड सरोवर के पास 16 साल का नाबालिग परेशान हालत में घूमता हुआ नजर आया। पूछताछ के बाद पुलिस को नाबालिग के घर से 7 नवंबर से गायब होने की सूचना मिली।

जिसकी सूचना नाबालिग के परिजनों को दी गई। पुलिस से मिली सूचना के बाद नाबालिग के पिता मचकुंड चौकी पर पहुंचे। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ के बाद नाबालिग को उसके पिता को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि नाबालिग काफी परेशानी की हालत में नजर आ रहा था। जिसको लेकर चौकी पर उसकी काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है।

# पुलिस पर हमला करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार : बजरी कारोबारी को छुड़ाकर ले गए थे, ट्रैक्टर-ट्रॉली की थी जब्त



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के आंगई थाना क्षेत्र में 4 नवंबर को अवैध खनन को लेकर पुलिस की बजरी कारोबारियों से मुठभेड़ कर एक आरोपी को छुड़ाकर भगाने के आरोप में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया था। आंगई थाना प्रभारी रामअवतार मीणा ने बताया कि 4 नवंबर को हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने फायरिंग करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपियों को सोमवार को पुलिस ने धोंध के जंगलों से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बजरी कारोबारी को छुड़ाकर ले जाने और पुलिस पर हमला करने के आरोप में फरार आरोपी रामविलास (25) पुत्र हाकिम सिंह और राधेश्याम (30) पुत्र सिरदार सिंह निवासी राम बक्श का पुरा को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर हेड कॉन्स्टेबल अशोक सिकरवार ने थाने में मामला दर्ज कराया था। मामले में हेड कॉन्स्टेबल अशोक सिकरवार के नेतृत्व में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए टीम दबिश दे रही है।

## बाड़ी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# बाल विवाह को लेकर लोगों को किया जागरूक, कहा-इसे समाप्त करना जरूरी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी देव उठनी एकादशी के मौके पर शादी समारोह का दौर शुरू हो रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इन शादी समारोह के दौरान बाल विवाह ना हो इसको लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है।

जिसके तहत आज शहर के किला परिसर में सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे नीरज कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य हरिओम सिकरवार ने बताया-बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है। इसको जड़ से समाप्त करना जरूरी है। जिसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत यह रैली आयोजित की गई। एडीजे नीरज कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली किला गेट से शहर के घंटाघर, सदर बाजार, सराफा बाजार होते हुए शहर के मुख्य रास्तों से पंचायत समिति परिसर में जाकर संपन्न हुई।

इस दौरान रैली के साथ स्कूल के व्याख्याता शरण बिहारी पाराशर, मुकेश कुमार शर्मा, माधो सिंह मीणा, भंवर सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा सहित एडीजे कोर्ट का स्टाफ और विधिक सेवा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शहर के जिला अस्पताल में मनाया गया मरीजों के बीच खाटू श्याम बाबा का जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के जिला हॉस्पिटल में मंगलवार को देव उठावनी एकादशी को हारे के सहारे बाबा श्याम का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मरीजों के साथ सभी स्टाफ ने बाबा खाटूश्याम का जन्मदिन मनाया।

अस्पताल के लैब टेक्नीशियन जयंत शर्मा ने बताया की हारे के सहारे खाटूश्याम बाबा के भक्त हर जगह मौजूद है। ऐसे में आज श्याम बाबा के जन्मदिन का आयोजन हॉस्पिटल परिसर में मरीजों के बीच आयोजित हुआ। बाबा श्याम की पूजा अर्चना और आरती के बाद सभी स्टाफ द्वारा मरीजों को चाय और बिस्कुट वितरण किया गया। इस दौरान बजरंग दल के सोनू गोस्वामी,समाज सेवी ऋषभ शर्मा,शुभम शर्मा,शिवकुमार जगरिया,नर्सिंग ऑफिसर राहुल शर्मा,नीरज गौर,भगीरथ शर्मा,पुनीत जिंदल, दिनेश,चेतन,राजू मीणा,मुकेश,मनीष मीणा,विजय गौर सभी ने एक साथ मिलकर मनाया बाबा श्याम का जन्मदिन मनाया।

## विपरपुर क्लस्टर कैंप में नवाचार

# मतदाता पंजीयन क्लस्टर कैंप में मतदातारंभ संस्कार का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (नि.स.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के शत प्रतिशत मतदाता पंजीकरण के लक्ष्य को पूरा करने हेतु नित नए नवाचार मतदान केन्द्रों पर आयोजित किए जा रहे हैं। 11 और 12 नवंबर को निर्वाचन साक्षरता क्लब विपरपुर में दिवस को नव मतदाताओं का मतदातारंभ संस्कार उत्सव के रूप में मनाया गया। आयोजन प्रभारी एवं ईएलसी नोडल अतुल चौहान ने बताया कि जिस प्रकार व्यक्ति के 16 संस्कार में विधि विधान के अनुरूप कार्य किए जाते हैं जिससे उस कार्य के उद्देश्यों की प्रति सहज हो जाती है, उसी प्रकार 16 संस्कारों के साथ हम सभी लोगों का यह भी कर्तव्य है कि 18 वर्ष आयु पूरी होने पर हम लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करायें। इसके लिए मतदाता पंजीकरण संस्कार को मतदातारंभ संस्कार का नाम देकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 15 छात्र-छात्राओं का प्रपत्र 6 भरवाने एवं फोटो तथा आधार कार्ड प्राप्त कर पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।

# 7 जुआरी और एक शराब तस्कर गिरफ्तार

## दुकान में रखकर बेच रहा था, पूछताछ कर रही पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर की सदर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगह जुआरियों और शराब तस्कर के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने शराब तस्कर के पास से भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ 7 जुआरियों के कब्जे से 4750 की जुआ राशि और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। जिनके खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बरेह मोरी गांव में एक युवक लोहे की दुकान में शराब का ठेका चला रहा है। सूचना पर डीएसटी टीम के हेड कॉन्स्टेबल ईश्वरी दयाल के साथ थाने की टीम ने छापा मारकर शराब बेच रहे आरोपी पप्पू (50) पुत्र बैजनाथ निवासी बरेह मोरी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी और देसी शराब के साथ बीयर की बोतलें बरामद की हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के पास से दुकान में अवैध रूप से रखी हुई 249 बीयर की बोतलों के साथ देसी शराब के 551 क्वार्टर और अंग्रेजी शराब के 224 क्वार्टर, हाफ और बोतल बरामद किए हैं।

जिसके पास से शराब बिक्री के 9450 रुपए भी जब्त किए हैं। जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई करते हुए डीएसटी टीम के साथ सदर थाना पुलिस ने फराकपुर गांव में जुए के अड्डे पर छापा मारा। जहां से पुलिस ने 7 जुआरियों को गिरफ्तार कर 4750 की जुआ राशि बरामद की है। जिनके खिलाफ जुआ एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित हुआ जिला स्तरीय मंथन शिविर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (नि.स.)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग धौलपुर के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत मंगलवार को जिला स्तरीय मंथन शिविर का आयोजन जिला परिषद के सभागार में किया गया। जिला स्तरीय मंथन शिविर में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल गाँवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता कवरेज अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना तथा उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनका लाभ दिलवाना है। इस दौरान जिला कलक्टर ने अभियान में भाग लेने वाले सभी 17 विभागों के अधिकारियों को निर्धारित मानकों के आधार पर उनको आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियान के क्रियान्वयन में जिले को अव्वल बनाने के लिए प्रयास करें।

# अम्बेडकर डीबीटी योजना में छात्र 30 नवम्बर तक करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** अम्बेडकर डीबीटी योजनान्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र जो कि जिला मुख्यालय पर संचालित समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के राजकीय महाविद्यालयों के शैक्षणिक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस एवं माइनॉरिटी समुदाय के छात्र जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये तक हो और जो घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराये पर लेकर अध्ययन करते हैं उनके लिए आवास, भोजन एवं बिजली-पानी सुविधाओं के पुनर्भरण राशि के रूप में अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजनान्तर्गत 2000 रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। योजनान्तर्गत इच्छुक छात्र ई-मित्र या एसएसओ आईडी के माध्यम से 30 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

# बढ़ता राजस्थान के पत्रकार व मेघवाल महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी( नि.स. )।** बढ़ता राजस्थान के पत्रकार एवं मेघवाल महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल को उदयपुर संभाग एवं कोटा संभाग के तत्वाधान में आयोजित मेघवाल महासभा के दीपावली स्नेह मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष इंद्रराज सिंह मेघवाल, प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल, प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल कोला वाले के द्वारा सम्मान पत्र व दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया । जानकारी के लिए बता दे महेश कुमार वर्तमान में बढ़ता राजस्थान अखबार के रामगंज मंडी तहसील संवाददाता है और मेघवाल महासभा के राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी है। उनके समाज हित के कार्य को देखते हुए सम्मान पत्र देखकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष इंद्रराज सिंह मेघवाल ने बताया कि महेश कुमार हमेशा जन सेवा के लिए तैयार रहते हैं जब भी इन्हें कोई कार्य सौंपा जाता है तो तन मन से उसे कार्य को पूरा करते हैं।

वही महेश कुमार के कार्यों की प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल, प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल कोला वाले ने भी सराहना की ।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों ने डॉ. नेहा मोदी को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में भरतपुर की लाडली बिटिया डॉ. नेहा मोदी का अपने परिवार व भरतपुर जिले का नाम रोशन करने पर, भरतपुर स्थित खंडेलवाल धर्मशाला में दुपट्टा पहनाकर पुष्पगुच्छ एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई । सभी प्रतिनिधियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । लाडली बिटिया डॉ. नेहा मोदी ने भी चिकित्सा के क्षेत्र में मानवीय योगदान देने का आश्वासन दिया। श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि भरतपुर की लाडली बिटिया ने यह सिद्ध कर दिखाया कि यदि साध्य मजबूत हो तो साधन कोई मायने नहीं रखते । विषम पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद भी बच्ची ने अपने इरादे मजबूत रखें और अपने लक्ष्य को साबित कर दिखाया । सभी परीक्षार्थियों को ऐसे होनहार व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए । कार्यक्रम में इष्टदेव गणेश जी का भोग लगाकर सभी सदस्यों को स्वल्पाहार करवाया गया । कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समाजसेवी सेवानिवृत अध्यापक बृज किशोर शर्मा, खण्डेलवाल समाज के अध्यक्ष रमेश चन्द खण्डेलवाल, राज.रोडवेज संघ के पूर्व संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, श्री ब्राह्मण समाज,तिलक नगर के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, समाजसेवी कृष्ण गोपाल शर्मा, समाजसेवी आनन्द भारद्वाज, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर प्रसाद शर्मा,निर्मल शर्मा आदि ने भी नर्सिंग-ऑफीसर महेन्द्र कुमार शर्मा का सम्मान किया। डॉ.नेहा मोदी के पिताजी ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया ।



# गाजे बाजे के साथ निकाली खाटू श्याम निशान यात्रा

महेश कुमार

**रामगंजमंडी( बढ़ता राजस्थान )।** शहर में 12 नवंबर को खाटूश्याम बाबा की विशाल निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा का आयोजन श्री श्याम सेवा समिति और श्याम फाउंडेशन की ओर से किया गया। निशान यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर से सुबह 10 बजे प्रारंभ हुई। जहां श्याम प्रेमियों ने निशानों की पूजा अर्चना की। इसमें 301 फीट और 15 फीट का निशान भी शामिल हुए। निशान यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी की गई। और श्रद्धालु निशान यात्रा में डीजे पर बाबा खाटू श्याम के भजनों पर नाचते गाते चलते नजर आए। श्री श्याम सेवा समिति और श्याम फाउंडेशन की ओर से श्री श्याम परिवार, श्याम प्रेमियों और विभिन्न संगठनों के सहयोग से भव्य विशाल निशान यात्रा का ऐतिहासिक आयोजन किया निशान यांत्रा के दौरान व्यापारियों और समाजसेवी ने पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी की गई। श्री श्याम सेवा समिति और श्याम फाउंडेशन की ओर से पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा व आतिशबाजी की गई। इसमें हजारों श्रीश्याम निशान धारक व माताएं बहने व श्याम प्रेमियों का अपार जनसमूह शामिल हुआ यात्रा पंचमुखी हनुमानजी मंदिर से शुरू होकर स्टेशन चौराहा, माल गोदाम चौराहा, बाजार नंबर 4, सरकारी कुआं चौराहा, पन्नालाल चौराहा, बाजार नंबर 3, नारायण टॉकीज चौराहा से होते हुए सुविधा नगर में स्थित श्याम मंदिर प्रांगण में पहुँची।

वहां यात्रा का समापन किया। निशान यात्रा का विराम सुविधा नगर में स्थित खाटू श्याम मंदिर पर आरती के साथ हुआ। निशान यात्र के बाद आज रात्रि 8 बजे भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें रामगंजमंडी के कुशाल सिंह राठौड़, मनीष अवाना भजनों की प्रस्तुति देने की जानकारी दी गई।

# खाद्य सुरक्षा सूची से अपात्रों का नाम हटाने को चलेगा अभियान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपात्रों की छंटनी के लिए अभियान चलाया जायेगा। इसमें जो भी परिवार योजनान्तर्गत प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं, माप दण्डों के पूरा नहीं करने वाले स्वविवेक से खाद्य सुरक्षा से नाम हटाये जाने का प्रार्थना पत्र सम्बंधित उपखण्ड अधिकारी जिला रसद अधिकारी को दे सकते हैं।

जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित पात्र लाभार्थियों को प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण कराया जाता है। राज्य सरकार द्वारा एनएफएसए सूची से अपात्र परिवारों का नाम हटाने के लिए सम्बंधित उपखण्ड अधिकारी जिला रसद अधिकारी को आवेदन लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहे परिवार जो पात्रता पूरी नहीं करते हैं वे स्वविवेक से खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटाने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ये है पात्रता जिला रसद अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के सम्बंध में पात्रता के चार मापदण्ड प्रमुख हैं जिनमें परिवार में से कोई भी व्यक्ति आयकरदाता नहीं हो, परिवार का कोई भी सदस्य सरकार, गैर सरकारी अथवा स्वायत्तशाषी संस्थाओं में अधिकारी कर्मचारी नहीं हो, परिवार की वार्षिक आय 1 लाख रूपए से अधिक नहीं हो।

इसी प्रकार परिवार के किसी भी सदस्य के पास ट्रैक्टर आदि को छोडकर चार पहिया वाहन नहीं होना चाहिए।

# जिला कलक्टर ने किया जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था में सुधार एवं कार्मिकों की समय की पाबंदी के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने मंगलवार को राजकीय जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था में सुधार करने एवं स्टाफ को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने की हिदायत दी।

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दीवारों पर पीक के निशान एवं परिसर में जगह-जगह गंदगी को देखकर अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि सफाई ठेकेदार को व्यवस्था में सुधार के लिए पाबंद करें। उन्होंने चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों के समय पर उपस्थित नहीं होने को गम्भीरता से लेते हुए कहा कि समय का पालन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कदम उठायें। उन्होंने चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करते हुए अस्पताल में ड्यूटी के दौरान एप्रिन और नेम प्लेट लगाना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पाबंद करें कि गुटखा-खैनी खाकर प्रवेश नहीं करें, दीवारों पर पीक थूकने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए चालान बनायें। उन्होंने अस्पताल परिसर में चिकित्सा उपकरणों एवं स्टाफ के बैठने की व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में निःशुल्क दवा काउंटर एवं ओपीडी में आने वाले रोगियों के लिए सरकार की मंशानुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के समय अस्पताल में उपस्थित रोगियों से वार्डों में जाकर अस्पताल प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि वार्डों में मौसम के मद्देनजर सर्दी से बचाव के लिए अभी से व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। प्रसुताओं एवं नवजात शिशुओं के लिए सर्दी से बचाव एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अनुपस्थित कार्मिकों एवं निर्धारित ड्रेस कोड का पालन नहीं करने वालों के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।




# 2 साल बाद हुआ पेंशन का सत्यापन बुजुर्ग महिला की बंद पेंशन चालू

## बुजुर्ग महिला का खिल उठा चेहरा

सुनील मेघवाल



**केशोरायपाटन ( बढ़ता राजस्थान )।** केशोरायपाटन क्षेत्र के चरडाना ग्राम पंचायत के अरडाना गांव निवासी बुजुर्ग महिला कैलाशी बाई की पेंशन सत्यापन की वजह से 2 साल से बंद पड़ी थी। महिला सभी विभागों में चक्कर लगा चुकी थीं पंचायत समिति विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह के पास मामला आते ही मामले को गंभीरता से लेकर बंद पड़ी पेंशन को चालू करवाया । पंचायत समिति विकास अधिकारी ने कहा आम जन को समय पर लाभ मिले। सुनील मेघवाल संवाददाता केशोरायपाटन बूंदी

# बंशीवाल सेवा-धर्म फाउंडेशन द्वारा 11 नवविवाहित जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर के बंशीवाल सेवा-धर्म फाउंडेशन द्वारा देवउठनी ग्यारस पर 11 नवविवाहित जोड़ों का उनकी रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया। उक्त सम्मेलन का कार्यक्रम लक्ष्मण वाटिका मैरिज होम, भरतपुर में कराया गया जिसमें मुख्य अतिथि बनय सिंह अध्यापक द्वारा संस्था के कार्यों की सराहना की गई एवं उनके द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया गया। संस्था के उपाध्यक्ष हरिओम पोहिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन कर आगामी सम्मेलन 02 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी) को कराया जायेगा के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पुष्पेन्द्र बंशीवाल, राकेश जया, अमित बंशीवाल, पंकज बंशीवाल, दिगम्बर कुम्हेर, दिनेश सूपावस, रजत, डॉ0 निधि गोडेला, शुभम चाहर, श्याम सुन्दर वर्मन, मुनीम बंशीवाल, करतार बंशीवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. गर्ग ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का किया दौरा

## विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर विकास को लेकर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर आये। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन की समस्याओं को सुना साथ ही विभिन्न सामाजिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में शिरकत की।

डॉ. गर्ग मंगलवार को भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के जाटौली रथभान, बाघई, महचौली, नूरपुर, बरसो, जाटौली घना सहित अन्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित हुये विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान लोगों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिनका शीघ्र ही समाधान कराने का विश्वास दिलाते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये।

# भ्रष्टाचार निरोधक अत्याचार निवारण न्यास सिंह वाहिनी के चाय के विशाल भंडारे की बैठक सम्पन्न

सुनील मेघवाल



**केशोरायपाटन ( बढ़ता राजस्थान )।** धार्मिक नगरी केशोरायपाटन में हर साल की तरह इस साल भी भ्रष्टाचार निरोधक अत्याचार निवारण न्यास सिंहवाहिनी द्वारा विशाल चतुर्थ चाय भंडारा लगाया जाएगा और जिसकी बैठक रखी गई ।

बैठक में संस्था के शशी सोनी ने बताया कि भंडारा कार्तिक पूर्णिमा को प्रात: 5 बजे से शुरू होगा। और संस्था के सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई । बैठक में संस्था के विजय मिलिंद ने सभी व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार करके संस्था को प्रस्तुत की । और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यक्रम को संपन्न करना है तथा कई सामाजिक कार्यों पर भी चर्चा की गई जिनको संस्था द्वारा आगे किया जायेगा । बैठक में उमेश गर्ग, नितेश शर्मा ,गोपाल गुप्ता, विकास सेन, संजय मुखिया, हिमांशु शर्मा, तन्मय शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# आदर्श विद्या मंदिर चारभुजा में किया तुलसी विवाह



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा व्यास ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आशा व्यास कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील मोहनपुरिया प्रधानाचार्य आदर्श विद्या मंदिर ने मां शारदा के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । विद्यालय की आचार्य मन भरत मीणा ने तुलसी विवाह की जानकारी दी। मंत्र उच्चारण के साथ भगवान शालिग्राम व तुलसी जी का विवाह किया गया । भगवान के मेहंदी हल्दी लगाई गई । व ढोल बाजे के साथ भगवान शालिग्राम जी की बारात विद्यालय में आई विद्यालय के अभिभावक व भैया बहनों ने बहुत हीआनंद मय वातावरण के साथ भगवान का विवाह संपन्न किया।

भगवान की आरती करके प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बिनु पंचोली नीलम राघव रिचा शर्मा भावना जयसवाल कुमोद कंवर संतोष कंवर गोविंद वर्मा मौजूद रहे । संचालन उत्सव जयंती प्रमुख मीनाक्षी परमार ने किया।

# उमराह से लौटे नाहर दंपति, खैरीयत के साथ हुई जियारत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( नि.स. )।** सुभाष नगर मलाण के प्रमुख समाजसेवी नाहर खां कायमखानी उमराह के सफ़र से कल रात सोमवार को खैरियत के साथ अपने मुकाम पर पहुंचे, जहां आज सुबह बस्ती के मौतबिरान मोहम्मद खान पठान, उस्मानिया मस्जिद के संस्थापक सदर शहजाद खान, मस्जिद के इमाम अब्बू जफर सिद्दीकी, नवाब खान कायमखानी, डॉक्टर फखरुद्दीन मंसूरी, मास्टर यासीन खान, फखरुद्दीन शेख, बाबू भाई मंसूरी, फूल खां कायमखानी, हाजी सलीम खां कायमखानी ने उन्हें बधाई के साथ मुबारकबाद दी । अपने 20 दिवसीय मजहबी सफर में उन्होंने मक्का मौअजमा सहित मदीना शरीफ की जियारत के साथ सभी मुकद्दस मुकामों पर पहुंचकर इबादत की और अपने देश में अमन और शांति के साथ भारत की तरक्की और उन्नति के लिए उन्होंने सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की बारगाह में दुआ मांगी ।

# पर्थ टेस्ट में रोहित नहीं खेले तो ओपनिंग कौन करेगा : राहुल, ईश्वरन, शुभमन दावेदार; सुंदर-जडेजा में कौन होगा भारतीय प्लेइंग-11 का हिस्सा

**नई दिल्ली। गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रोहित शर्मा अगर पहला टेस्ट नहीं खेल सके तो केएल राहुल या अभिमन्यु ईश्वरन उनकी जगह लेंगे। भारतीय कोच के इस बयान से साफ है कि कप्तान रोहित का पर्थ टेस्ट खेलना मुश्किल है। मैच 22 नवंबर से शुरू होगा। गंभीर ने यह भी बताया कि रोहित नहीं खेले तो जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। हालांकि, रोहित के नहीं होने से टीम इंडिया की प्लेइंग-11 भी बिगड़ती है।**

**जिससे जुड़े 5 सवालों के जवाब स्टोरी में जानेंगे।**
रोहित की जगह ओपनिंग कौन करेगा?
जुरेल या सरफराज, मिडिल ऑर्डर बैटर कौन?
जडेजा या सुंदर, स्पिन ऑलराउंडर कौन?
नीतीश या हर्षित, पेस बॉलिंग ऑलराउंडर कौन?
**प्रसिद्ध या आकाश दीप, तीसरा पेसर कौन?**



**1. ओपनिंग स्पॉट पर 3 दावेदार, राहुल सबसे मजबूत रोहित अगर नहीं खेले तो यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत किसी और प्लेयर को करनी होगी। इस पोजिशन के लिए 3 दावेदार हैं, जिनमें केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन और शुभमन गिल शामिल हैं।**

**राहुल:** ओपनिंग स्पॉट के लिए सबसे मजबूत दावेदार हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में ड्रॉप कर दिए गए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका में सेंचुरी लगाने वाले इकलौते भारतीय ओपनर हैं। पेस और स्विंग को खेलने की काबिलियत है। विदेश में औसत कमजोर है, लेकिन अनुभव के आधार पर राहुल ही रोहित के बेस्ट रिप्लेसमेंट हैं।

**ईश्वरन:** 18 सदस्यीय स्क्वॉड में ईश्वरन को बतौर बैकअप ओपनर रखा गया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दोनों फर्स्ट क्लास मैच में ओपनिंग भी की, लेकिन वह एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। हालांकि, घरेलू रिकॉर्ड के आधार पर वह भी रेस में बने हुए हैं।

**शुभमन:** टेस्ट करियर में गिल ने ओपनर बनकर ही शुरुआत की, वह 2021 में ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट सीरीज हराने वाली टीम इंडिया का हिस्सा भी थे। यशस्वी की एंट्री के बाद उन्होंने नंबर-3 की पोजिशन संभाली और खूब रन बनाए। अगर राहुल-ईश्वरन नहीं खेल सके तो शुभमन भी ओपनिंग कर सकते हैं। हालांकि, वह अगर ओपनिंग उतरे तो टीम को बैटिंग ऑर्डर बदलना पड़ेगा। ऐसे में वह नंबर-3 पर ही बैटिंग करते नजर आएंगे।

**2. जुरेल या सरफराज, कौन खेलेगा मिडिल ऑर्डर में? शुभमन के नंबर-3 पर उतरने के बाद विराट कोहली नंबर-4 और विकेटकीपर ऋषभ पंत का नंबर-5 पर खेलना कन्फर्म है। नंबर-6 की पोजिशन के लिए ध्रुव जुरेल और सरफराज खान में रेस है।**

**सरफराज:** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सरफराज ने सभी मैच खेले। उन्होंने एक सेंचुरी भी लगाई, लेकिन आखिरी 2 टेस्ट में फ्लॉप हो गए। फॉर्म के आधार पर उन्हें मौका मिलना मुश्किल है, लेकिन टीम उन्हें ज्यादा मौके देना चाहे तो वह नंबर-6 पर बैटिंग कर सकते हैं।

**जुरेल:** न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ ध्रुव एक भी मैच नहीं खेल सके। उन्होंने दुलीप ट्रॉफी में रन बनाए, फिर ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ फर्स्ट क्लास मैच की दोनों पारियों में फिफ्टी लगा दी। दोनों ही पारियों में टीम ने शुरुआती 4 विकेट 40 रन के पहले ही गंवा दिए थे। इस फॉर्म के आधार पर उन्हें सरफराज से पहले मौका मिल सकता है।

**3. स्पिन ऑलराउंडर कौन होगा? भारत ने पर्थ में आखिरी टेस्ट 2018 में खेला था, तब टीम एक भी स्पिनर के साथ नहीं उतरी थी। जबकि ऑस्ट्रेलिया के इकलौते स्पिनर नाथन लायन ने 8 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता था। हालांकि, तब हनुमा विहारी ने ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाई थी। इस बार भारत के टॉप-6 बैटर्स में एक भी पार्ट टाइम स्पिनर नहीं है। इसलिए टीम को एक स्पिनर खिलाना ही होगा, इस पोजिशन के लिए रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर और रविचंद्रन अश्विन दावेदार हैं।**

**जडेजा:** टीम इंडिया के सामने जब भी विदेश में एक स्पिन ऑलराउंडर खिलाने का सवाल खड़ा होता है तो टीम जडेजा के साथ ही जाती है। बैटिंग और फील्डिंग उन्हें बाकी 2 ऑलराउंडर्स से बेहतर भी बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के टॉप-8 में 5 राइट हैंड बैटर्स भी हैं, इसलिए जड्डू प्लेइंग-11 का हिस्सा बन सकते हैं।

**सुंदर:** न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी 2 टेस्ट में सुंदर ने 16 विकेट लिए थे, वह दोनों तरह के बैटर्स के खिलाफ खतरनाक साबित हुए। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने 2021 के गाबा टेस्ट में 4 विकेट लिए थे। उन्होंने तब 2 पारियों में अहम 84 रन भी बनाए थे। टीम अगर रिस्क लेना चाहे तो सुंदर को प्लेइंग-11 का हिस्सा बना सकती है।

**अश्विन:** स्क्वॉड के तीसरे स्पिन ऑलराउंडर रवि अश्विन हैं। हालांकि, बैटिंग को देखते हुए उनका जडेजा और सुंदर से पहले प्लेइंग-11 का हिस्सा बनना मुश्किल है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में बॉलिंग से भी कुछ खास नहीं कर सके थे। ऑस्ट्रेलिया में 10 टेस्ट में वह 39 विकेट ले चुके हैं, फिर भी उन्हें मौका मिलना मुश्किल ही है।

**4. पेस ऑलराउंडर कौन होगा? 2021 में शार्दूल ठाकुर टीम इंडिया का हिस्सा थे, उन्होंने गाबा में फिफ्टी लगाकर भारत को मजबूत स्थिति तक पहुंचाया था। इस बार उन्हें स्क्वॉड में जगह नहीं मिली, शार्दूल की जगह नीतीश रेड्डी और हर्षित राणा को शामिल किया गया है। इसलिए इन्हीं 2 में से किसी एक प्लेयर को नंबर-8 पोजिशन पर बैटिंग करने के लिए शामिल किया जाएगा।**

**नीतीश:** ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ 2 फर्स्ट क्लास मैचों की सीरीज में रेड्डी को खेलने का मौका मिला। वह 4 पारियों में एक ही विकेट ले सके, जबकि बैट से उन्होंने 71 रन बनाए। उन्होंने अब तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है, लेकिन बैटिंग डेप्थ बढ़ाने के लिए टीम रेड्डी को प्लेइंग-11 में शामिल कर सकती है।

**हर्षित:** 22 साल के ऑलराउंडर राणा ने अब तक भारत के लिए किसी भी फॉर्मेट में डेब्यू नहीं किया। उन्हें आरपीएल और इंडिया-ए के लिए अच्छा परफॉर्म करने के बाद स्क्वॉड में जगह मिली। अब तक खेले 10 फर्स्ट क्लास मैचों में उन्होंने 43 विकेट लिए। जबकि बैट से एक सेंचुरी और 2 फिफ्टी लगाई। वह दौरे पर डेब्यू कर सकते हैं, लेकिन उनका पहला टेस्ट खेलना मुश्किल है।

**5. प्रसिद्ध या आकाश दीप कौन होगा तीसरा पेसर? जसप्रीत बुमराह टीम के लीड पेसर होंगे। उनके साथ मोहम्मद सिराज पारी की शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन सवाल तीसरे पेसर का है। इस पोजिशन के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप दावेदार हैं।**

**प्रसिद्ध:** इंडिया-ए से खेलते हुए प्रसिद्ध ने दोनों मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया-ए के बैटर्स को अपनी पेस से परेशान किया। उन्होंने 4 पारियों में 10 विकेट लिए। इतना ही नहीं उन्होंने बैट से 43 रन भी बनाए। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल उन्होंने टेस्ट डेब्यू किया था, लेकिन उन्हें तब 2 ही विकेट मिले थे। ऑस्ट्रेलिया की उछाल लेती पिचों पर वह भारत के ट्रंप कार्ड बन सकते हैं।

**आकाश:** न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में आकाश दीप ने गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराकर कीवी ओपनर्स को परेशान किया था। वह घरेलू कंडीशन में विकेट लेना जानते हैं, इसलिए विदेश की पेस फ्रेंडली कंडीशन में भी कारगर हो सकते हैं। हालांकि, वह विदेश में अब तक एक भी मैच नहीं खेल सके हैं। इसलिए पहले मैच में उनका खेलना मुश्किल है।

## पीसीबी ने आईसीसी को लिखा-पाकिस्तान क्यों नहीं आ सकता भारत


### ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड, इंग्लैंड आ चुके, तो टीम इंडिया क्यों नहीं; चैंपियंस ट्रॉफी 2 महीने बाद

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम इंडिया के पाकिस्तान न जाने को लेकर आईसीसी से जवाब मांगा है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी स्पोक्सपर्सन ने मंगलवार को बताया कि अगर सुरक्षा मामलों की वजह से भारत, पाकिस्तान नहीं आ रहा है तो पिछले दिनों न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पाकिस्तान का दौरा किया है। फिर टीम इंडिया को क्यों परेशानी हो रही है।

पाकिस्तान फरवरी 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने वाला है, लेकिन टीम इंडिया ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया है, जिसके बाद टूर्नामेंट को यूएई और साउथ अफ्रीका में कराने की खबरें भी आ रही हैं।

पिछले साल पाकिस्तान को एशिया कप की मेजबानी भी मिली थी। भारत ने यहां भी खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। पाकिस्तान जाने से इनकार के बाद एशियन क्रिकेट काउंसिल ने हाइब्रिड मॉडल पर ये टूर्नामेंट कराया था।



पाकिस्तान से छिन सकती है मेजबानी पाकिस्तान से अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी भी छिन सकती है। भारत, पाकिस्तान जाकर यह टूर्नामेंट खेलने से इनकार कर चुका है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इस बात की ऑफिशियल जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को दे दी है। पाकिस्तान ने इस मामले पर अपनी सरकार से सलाह मांगी है।

पाकिस्तान के अखबार द डॉन ने पीसीबी के एक सूत्र के हवाले से कहा- अगर पाकिस्तान से मेजबानी छीनी जाती है तो वह टूर्नामेंट में खेलने से भी इनकार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो साउथ अफ्रीका और यूएई को मेजबानी दी जा सकती है। तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के चलते भारतीय टीम 2008 के बाद पाकिस्तान में खेलने नहीं गई है।

भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार किया बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया ने पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने से इनकार कर दिया है। आईसीसी ने इस बात की जानकारी आधिकारिक मेल से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को दे दी है।

हाइब्रिड मॉडल से पाकिस्तान ने इनकार किया पीसीबी पहले ही साफ कर चुका है कि वह हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी नहीं कराएगा। हाइब्रिड मॉडल यानी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर हों और बाकी टूर्नामेंट पाकिस्तान में खेला जाए।

## इंडियन बैटर्स के लिए पर्थ की पिच चुनौती

### क्यूरेटर बोले- बाउंस-पेस होगा, घास भी रहेगी; यहां 12 बार टीमें ऑलआउट हो चुकीं



**पर्थ।**

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा रही टीम इंडिया के बल्लेबाजों के सामने पहले ही मुकाबले में पर्थ की तेज और बाउंसी पिच की चुनौती होगी। पर्थ में 22 नवंबर से टेस्ट शुरू होगा। पिच क्यूरेटर इसाक मैकडोनाल्ड ने कहा है- हम पिच को थोड़ा मसालेदार (तेज) बनाने के लिए उस पर थोड़ी घास छोड़ना चाहते हैं। घास 10 एमएम तक होगी। यानी यहां एक्स्ट्रा उछाल और रफ्तार देखने को मिलेगी।

भारतीय टीम ने यहां 2018 में आखिरी टेस्ट मैच खेला था। यहां टेस्ट से पहले एक प्रैक्टिस मैच भी होना था, जिसे कैंसिल कर दिया गया है। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। आखिरी टेस्ट 3-7 जनवरी के बीच खेला जाएगा।

क्यूरेटर कैसी पिच बना रहे? वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के हेड क्यूरेटर मैकडोनाल्ड ने कहा, यह ऑस्ट्रेलिया है, यह पर्थ है...मैं ऐसी पिच तैयार कर रहा हूं, जिसमें शानदार गति, उछाल हो। मैं चाहता हूं कि इस मैच का परिणाम पिछले साल खेले गए मैच की तरह ही हो। मैं चाहता हूं कि थोड़ी मसालेदार पिच हो।

मैकडोनाल्ड ने कहा- यह (पिच) ठीक वैसी होगी, जैसी पिछले साल नवंबर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में थी। उस मैच में पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में 89 रन पर सिमट गई थी। पाकिस्तान के 8 बल्लेबाज दहाई तक नहीं पहुंच सके थे। ऑस्ट्रेलिया ने वह मुकाबला 360 रनों से जीता था। उस मुकाबले में उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को बॉल लगी थी। पर्थ में 73% विकेट तेज गेंदबाजों को मिल रहे पर्थ स्टेडियम की पिच पर 73 फीसदी विकेट तेज गेंदबाजों को मिल रहे हैं। यहां अब तक 4 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इनमें गेंदबाजों ने 139 विकेट लिए, पेसर्स को 102 और स्पिनर्स को 37 विकेट मिले, यानी पेसर्स को 73.38% और स्पिनर्स को 26.62% विकेट मिले।

पर्थ की पिच पर केएल कर सकते हैं ओपनिंग भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का निजी कारणों की वजह से पर्थ टेस्ट में खेलना मुश्किल है। ऐसे में उनकी जगह केएल राहुल ओपनिंग कर सकते हैं, हालांकि दावेदारों में अभिमन्यु ईश्वरन और शुभमन गिल के भी नाम हैं।

## पाकिस्तान के नोमान अली आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

### सैंटनर-रबाडा को पीछे छोड़ा; विमेंस कैटेगरी में अमेलिया को मिला अवॉर्ड

**नई दिल्ली।**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को आईसीसी प्लेयर्स ऑफ द मंथ की घोषणा कर दी है। मेंस कैटगिरी में पाकिस्तानी स्पिनर नोमान अली को प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया गया है। जबकि विमेंस में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को यह अवॉर्ड दिया गया है।

नोमान के साथ न्यूजीलैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर मिचेल सैंटनर और साउथ अफ्रीका के पेसर कगिसो रबाडा भी रेस में थे। सैंटनर ने भारत और रबाडा ने बांग्लादेश के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

नोमान ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में लिए थे 20 विकेट नोमान अली ने अक्टूबर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 20 विकेट लिए। उन्होंने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ रहे पाकिस्तान को बाकी के दो मैचों में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 101 रन देकर 3 विकेट लिए।

वहीं दूसरी पारी में 46 रन देकर 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे टेस्ट में पहली पारी में 88 रन देकर 3 विकेट लिए। जबकि दूसरी पारी में 42 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 45 रन भी बनाए। टी-20 वर्ल्ड कप में केर ने किया था शानदार प्रदर्शन न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। केर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं। उन्होंने 6 मैचों में 15 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में 29 रन बनाए और चार विकेट लिए।

वहीं श्रीलंका के खिलाफ मैच में 34 रन बनाने के साथ ही 2 विकेट लिए। पाकिस्तान के खिलाफ 14 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में 14 रन देकर 2 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में उन्होंने 38 गेंदों पर 43 बना कर टीम की टॉप स्कोरर रहीं। इसके अलावा उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए। उसके बाद भारतीय के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्होंने अहमदाबाद में चार विकेट लिया।

## अफगानी ऑलराउंडर नबी ने संन्यास का ऐलान किया

### कहा- चैंपियंस ट्रॉफी मेरा आखिरी टूर्नामेंट; 2009 में डेब्यू किया था

अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2025 में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद नबी वनडे क्रिकेट से रिटायरमेंट लेंगे। हालांकि नबी टी-20 क्रिकेट खेलते रहेंगे। नबी हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज थे। उन्होंने 3 मैच में 135 रन बनाए साथ ही 2 विकेट भी लिए।

**2023 वर्ल्ड कप के बाद से ही मेरे दिमाग में रिटायमेंट: नबी**-अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान ने बताया कि 2023 वर्ल्ड कप के बाद से ही मेरे दिमाग में रिटायमेंट की बात चल रही थी, लेकिन हम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई कर गए और मैंने सोचा की अगर मैं यहां खेला तो टीम और मेरे दोनों के लिए अच्छा होगा। बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से उन्होंने कहा, मैंने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से इस बारे में बात की है और मैं टी-20 क्रिकेट खेलते रहूंगा।

**2009 से वनडे क्रिकेट की शुरुआत**-38 वर्षीय नबी ने अफगानिस्तान के लिए 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट की शुरुआत की थी। वे वनडे के 167 मैच में अब तक 3600 रन बना चुके हैं। उन्होंने 17 फिफ्टी और 2 शतक भी लगाए हैं। बॉलिंग में नबी 172 विकेट ले चुके हैं। वे अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले प्लेयर है। नबी अभी ह्ष्ठ्ठ ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले स्थान पर है।



**अफगानिस्तान पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी खेलेगा**-2025 चैंपियंस ट्रॉफी अफगानी टीम के लिए पहली चैंपियंस ट्रॉफी होगी। टीम 2023 वर्ल्ड कप में छठे पोजिशन पर थी, जिस वजह से उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का मौका मिल रहा है।

चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 8 टीम खेलेंगी, जिसमें से टॉप-7 टीम पिछले वर्ल्ड कप से चुनी गई है। अफगान टीम को सभी फॉर्मेट में पहचान दिलाने में नबी ने अहम रोल निभाया है। उन्होंने अफगानिस्तान के पहले 2015 वनडे वर्ल्ड कप में कप्तानी की थी। नबी ने 2019 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेल सकते हैं शमी : भारतीय टीम मैनेजमेंट ने रणजी खेलने को कहा; फिटनेस परखने एक चयनकर्ता को भी भेजा



**नई दिल्ली।**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेल सकते हैं। उन्हें 25 अक्टूबर को जारी स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया था।

भास्कर के सूत्रों ने बताया है कि भारतीय टीम मैनेजमेंट ने 34 साल के तेज गेंदबाज को मध्यप्रदेश के खिलाफ 13 नवंबर से इंदौर में होने जा रहे बंगाल के रणजी मैच में खेलने को कहा है। इतना ही नहीं, इस मुकाबले में शमी की फिटनेस को परखने के लिए एक चयनकर्ता को भी भेजा है। यदि शमी 4 दिनी मुकाबले में अपनी फिटनेस साबित कर देते हैं, तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बुलाया जाएगा।

360 दिन बहुत लंबा समय: शमी शमी ने अपनी वापसी को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, 360 दिन बहुत लंबा समय है। रणजी ट्रॉफी के लिए पूरी तरह तैयार हूं। डोमेस्टिक स्टेज पर अब उसी जुनून और एनर्जी के साथ खेलूंगा। आइए इस सीजन को यादगार बनाए।

शमी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में चुने जाने की उम्मीद थी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले शमी की फिटनेस पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। हालांकि, उन्हें पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया। टीम चुने जाने से ठीक पहले शमी ने कहा था कि उन्हें बंगाल से एक या दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया जाने की उम्मीद है।

भारतीय क्रिकेट और बंगाल रणजी ट्रॉफी के लिए अच्छी बात: ष्टक्क बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से बयान में कहा गया, यह भारतीय क्रिकेट और बंगाल रणजी ट्रॉफी के लिए अच्छी बात है कि मोहम्मद शमी अपना कमबैक करने जा रहे हैं। वे बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी मैच में खेलने वाले हैं।

19 नवंबर को खेला था आखिरी मैच शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के रूप में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। शमी ने इसी साल जनवरी में इंग्लैंड जाकर अपनी एंकल की सर्जरी कराई थी। उन्होंने पिछले कई महीने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैबिलिटेशन किया। वह इंडिया की ओर से 64 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। शमी के नाम 229 टेस्ट विकेट हैं।

भारत को 2014-15 से हरा नहीं सका ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 सीरीज से हरा नहीं पाई है। टीम को पिछली जीत 2014-15 के सीजन में मिली थी। तब स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 2-0 से हराया था। उसके बाद की चारों सीरीज में भारतीय टीम को 2-1 से जीत मिली।

# सांसद कंगना रनोट को नोटिस

## आगरा कोर्ट ने जवाब तलब किया

### अभिनेत्री ने कहा था-किसान आंदोलन के समय रेप-मर्डर हुए



किसानों के अपमान मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनोट के खिलाफ आगरा कोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को कोर्ट ने उन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। कहा- कंगना अपना पक्ष रखें। 28 नवंबर को अगली सुनवाई होगी। दरअसल, इसी साल 24 अगस्त को कंगना ने कहा था- किसान आंदोलन के समय रेप-मर्डर हुए। बिल वापसी न होती तो प्लानिंग लंबी थी। इसके बाद अभिनेत्री के खिलाफ आगरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा ने एमपी-एमएलए कोर्ट में 13 सितंबर को याचिका दाखिल की। आरोप लगाया कि कंगना ने धरने पर बैठे लाखों किसानों पर अभद्र टिप्पणी की। उन पर राष्ट्रद्रोह का केस हो।

### कंगना के बयान से किसानों की भावनाएं आहत हुईं

**एडवोकेट रमाशंकर शर्मा ने कहा- मैं भी किसान परिवार से हूं। 30 साल तक खेती-किसानी की। किसानों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति सम्मान रखता हूं। कंगना ने हमारी और लाखों किसानों की भावनाएं आहत की है। 31 अगस्त को उन्होंने पुलिस कमिश्नर और थाना न्यू आगरा को शिकायत भेजकर कार्रवाई करने की मांग भी की थी।**

# पुष्पा री-रिलीज

## अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 3 साल बाद फिर हो रही है रिलीज! पर है एक ट्विस्ट



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा 2 अगले महीने थिएटर्स में दस्तक देने जा रही है। डायरेक्टर सुकुमार की फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ये 5 दिसबंर 2024 को रिलीज होगी। लेकिन इससे पहले मेकर्स ने पहले पार्ट यानी पुष्पा को रिलीज करने की प्लानिंग की है। पुष्पा फिल्म री-रिलीज हो रही है। इसमें अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के अलावा फहाद फासिल, सुनील, अजय, अनुसूया सहित कई स्टार्स हैं। फैंस 17 नवंबर को रिलीज होने वाले पुष्पा 2 के ट्रेलर में इसकी झलक देख सकते हैं। बता दें कि फिल्म का ट्रेलर रविवार को शाम 6 बजकर 3 मिनट पर पटना में लॉन्च होगा। अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर इसका ऐलान किया है। फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाने के लिए मेकर्स 19 नवंबर 2024 से यूएसए भर के सिनेमाघरों में पुष्पा: द राइज को फिर से रिलीज कर रहे हैं। हालांकि, तेलुगू राज्यों में फिर से रिलीज पर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट सामने नहीं आया है।

# अमित टंडन ने दिया था पत्नी को धोखा, कहा- कुछ वक्त तो उसको कुछ पता भी नहीं था, मौनी रॉय पर साधा था निशाना



क्योंकि सास भी कभी बहू थी एक्टर अमित टंडन इन दिनों इंडस्ट्री से गायब हैं। हाल हीं में सिद्धार्थ कन्नन के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया। इस बातचीत में अमित ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी रूबी को कई बार धोखा देने की बात स्वीकार की है और बताया कि कैसे इन चीजों ने उनके रिश्ते को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। क्योंकि सास भी कभी बहू थी के अलावा अमित दिल मिल गए और ये है मोहब्बतें जैसे शोज में भी नजर आ चुके हैं, लेकिन ये अब लाइमलाइट से काफी दूर रह रहे हैं। वाइफ से बिगड़े रिश्ते पर उन्होंने खुलकर बात की और अपनी गलती भी स्वीकार की।

**अमित टंडन ने कहा- कुछ वक्त तो उसको कुछ पता भी नहीं था :** अमित ने अपनी पर्सनल लाइफ में उतार-चढ़ाव के बारे में बातें की। एक्टर से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी बेवफाई की है? उन्होंने जवाब देते हुए कहा, हां, मैंने किया था। अब मैं क्या कहूं। हां, कुछ ऐसे मोमेंट्स थे जहां... मैं सोच रहा हूं कि इसे सम्मानपूर्वक कैसे कहूं, लेकिन इसे कहने के लिए कोई सम्मानजनक तरीका नहीं है। मैंने अपनी इच्छाओं को खुद पर हावी होने दिया। उन पलों में मैंने अपने अतीत के कुछ हिस्सों को आगे बढ़ने दिया। जाहिर है, कुछ वक्त तो उसको कुछ पता भी नहीं था। लेकिन आखिरकार, जब उसे पता चला, तो इसने सब बर्बाद कर दिया।

**लगता था कि बच्चा होने से सब ठीक हो जाएगा :** उन्होंने कहा, यह आपके रिश्ते में दरार पैदा करता है और कभी-कभी इसे ठीक नहीं किया जा सकता है। यह बस बढ़ता रहता है। तेजी से आगे बढ़ते हुए... हमारे पास एक बच्चा था, लगता था कि बच्चा होने से सब ठीक हो जाएगा (एक बच्चा सब कुछ ठीक कर सकता है)। ऐसा नहीं होता।

**2019 में दोनों के बीच फिर से सुलह हो गई :** अमित ने 2007 में रूबी के साथ शादी रचाई थी और 2017 में दोनों अलग हो गए। बाद में साल 2019 में दोनों में सुलह हो गई। साल 2018 में, अमित टंडन की पत्नी रूबी भी कुछ सरकारी अधिकारियों को धमकाने के लिए दुबई की जेल में रिमांड पर लेने को लेकर चर्चा में थीं। साल 2019 में दोनों के बीच फिर से सुलह हो गई। हालांकि, तब अमित टंडन ने अपनी क्योंकि सास भी कभी बहू थी की को-स्टार मौनी रॉय की आलोचना की थी और कहा था कि उनकी वजह से उनकी पत्नी रूबी मुश्किल में पड़ गई थीं।


**मौनी पर लगाया था आरोप, कहा- उन्होंने रूबी टंडन का इस्तेमाल किया :** बता दें कि अमित टंडन ने ऐक्ट्रेस मौनी रॉय पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उनकी पत्नी रूबी टंडन का इस्तेमाल किया। उनपर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा था कि जब रूबी टंडन मुसीबत में थी तो मौनी रॉय ने उसे छोड़ दिया। अमित टंडन ने यहां तक कहा था कि वो मौनी रॉय को कभी माफ नहीं करेंगे और न ही कभी उनका चेहरा देखना चाहेंगे।

### टीवी शो कसम तेरे प्यार की में नजर आए थे

अमित टंडन ने 2005 में कैसा ये प्यार है से शुरुआत की और बाद में क्योंकि सास भी कभी बहू थी, साथ निभाना साथिया आदि में अपने किरदारों से प्रसिद्धि हासिल की। वो आखिरी बार टीवी शो कसम तेरे प्यार की में नजर आए थे।

# शाहरुख को धमकाने वाला वकील रायपुर से गिरफ्तार

## कहा था- 50 लाख दो वरना जान से मार दूंगा, पहले गुमराह किया, फिर गुनाह कबूला



शाहरुख खान को धमकी देने वाले आरोपी मोहम्मद फैजान खान को मुंबई पुलिस ने मंगलवार को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। एक्टर की टीम ने धमकी देने वाले के खिलाफ बांद्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद पुलिस जांच शुरू हुई थी। जिस नंबर से शाहरुख धमकी दी गई थी, वह रायपुर में रहने वाले वकील फैजान खान के नाम पर रजिस्टर्ड था। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार सुबह मुंबई पुलिस के सीएसपी अजय सिंह और उनकी टीम ट्रांजिट रिमांड के लिए रायपुर पहुंची। यहां फैजान को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। धमकी मिलने के कुछ दिनों बाद ही पुलिस फैजान खान तक पहुंच गई थी। हालांकि, फैजान ने कहा था कि वह 14 नवंबर को अपना बयान दर्ज करवाने मुंबई आएगा। फैजान ने शुरुआती बयान में बताया था कि जिस नंबर से शाहरुख को धमकी दी गई, वह उसी का है, धमकी दिए जाने के 3-4 दिन पहले ही 2 नवंबर को उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया था।

**परिजन का दावा- फैजान को भी धमकियां मिल रहीं :** फैजान के परिजन का दावा है कि मुंबई पुलिस पहले ही उन तक पहुंच गई थी, लेकिन उसने 14 नवंबर को बांद्रा पुलिस स्टेशन आकर अपना बयान दर्ज करवाने की अपील की थी। फैजान को पिछले कुछ दिनों से जान से मारने की धमकी दी जा रही है। फैजान ने मुंबई पुलिस कमिश्नर से रिक्वेस्ट की थी कि वह सुरक्षा के मद्देनजर मुंबई न आकर, ऑडियो-वीडियो के जरिए पेश होगा। हालांकि, मुंबई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

**धमकी में कहा गया- शाहरुख को मार दूंगा :** बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अनजान नंबर से कॉल आया था। इसमें कॉलर ने धमकी देते हुए कहा, बैंड स्टैंड वाले शाहरुख को मार दूंगा। अगर मुझे 50 लाख नहीं दिए गए तो शाहरुख खान को जान से मार दूंगा। जब कॉलर से उसका नाम पूछा गया तो जवाब मिला- मेरे लिए ये मैटर नहीं करता, मेरा नाम हिंदुस्तानी है। शिकायत मिलने के बाद मुंबई से तीन पुलिस अफसर रायपुर पहुंचे।

# रुपाली गांगुली ने सौतेली बेटी को भेजा लीगल नोटिस

## मानहानि होने पर 50 करोड़ और माफी की मांग की, बेटी ने लगाए थे धमकी देने के आरोप



पॉपुलर टीवी शो अनुपमा की एक्ट्रेस रुपाली गांगुली बीते कई दिनों से विवादों में हैं। कुछ समय पहले ही उनकी सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने उन पर हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे। ईशा के आरोप थे कि पिता को कॉल करने पर रुपाली उन्हें जान से मारने की धमकी देती हैं और पिता को गलत दवाइयां देती हैं। ईशा द्वारा लगाए गए संगीन आरोपों के जवाब में रुपाली गांगुली ने उनके खिलाफ 50 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। रुपाली ने नोटिस में कहा है कि ईशा के आरोपों के चलते उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट लेना पड़ा है, वहीं उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट निकल गए हैं। रुपाली गांगुली की वकील सना रईस खान ने हाल ही में इंडिया टुडे से बातचीत कर बताया है, हमने उनकी सौतेली बेटी को उसके झूठे और नुकसान पहुंचाने वाले बयानों के जवाब में मानहानि का नोटिस भेजा है। रुपाली ने अपनी सुरक्षा के लिए ये कदम उठाया है। बेटी के आधारहीन बयानों ने रुपाली की छवि को नुकसान पहुंचाया है और उनकी सार्वजनिक प्रतिष्ठा का फायदा उठाया है। इन आरोपों ने उन्हें न सिर्फ इमोशनली दिक्कत हुई हैं, बल्कि उनकी निजी और प्रोफेशनल इमेज भी खराब की गई है।

**50 करोड़ मुआवजे और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग :** ईशा वर्मा को भेजे गए नोटिस में लिखा गया है कि उनके द्वारा रुपाली गांगुली के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है, जिससे उनकी प्रतिष्ठा और गरिमा को नुकसान पहुंचा है। इससे उनके करियर पर भी गलत असर पड़ा है, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। अब ईशा वर्मा तुरंत माफी मांगे और उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए 50 करोड़ रुपए का मुआवजा दे। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी।

**ईशा को एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम दिलाने की जद्दोजहद कर रही थीं रुपाली :** ईशा वर्मा को भेजे गए लीगल नोटिस में ये भी जिक्र किया गया है कि वो जब भी न्यू जर्सी से भारत आती हैं, तब रुपाली गांगुली ने उनसे अच्छा व्यवहार किया है। साथ ही रुपाली उन्हें फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में काम दिलाने में भी उनकी मदद कर रही थीं। रुपाली ने अपने लिंक्स की मदद से उनके कई फोटोशूट और ऑडिशन करवाए थे।

**क्या है पूरा मामला :** कुछ समय पहले ईशा वर्मा की साल 2020 में की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट सुर्खियों में आ गई, जिसमें उन्होंने लिखा था, ये बेहद घटिया है, क्या कोई रुपाली गांगुली की असल कहानी नहीं जानता है। उनका अश्विन के. वर्मा से 12 सालों तक रिलेशनशिप रहा, जिस वक्त वो अपनी शादी में थे। अश्विन वर्मा की पिछली शादी से 2 बेटियां हैं। वो एक क्रूर महिला है, जिसने मुझे और मेरी बहन को अलग करने की कोशिश की। आगे ईशा ने लिखा था, मैं ये सब इसलिए बता रही हूं क्योंकि वो हर तरफ दिखावा करती है कि वो एक खुशहाल शादी में है। हालांकि असल में वो मेरे पिता के लिए कंट्रोलिंग और साइकोटिक है। जब भी मैं अपने पिता को कॉल करती हूं वो चिल्लाना शुरू कर देती हैं और मुझे और मेरी मां को जान से मारने की धमकियां देती है। ये ठीक नहीं है कि उसने मेरे पिता की लाइफ बर्बाद कर दी और ऐसा दिखाती है कि उसने लव मैरिज की है। सच कहूं तो वो वैसा ही बिहेव करती है जैसा रिया चक्रवर्ती ने सुशांत सिंह राजपूत के साथ किया था। वो मेरे पिता को अजीब दवाइयां देती है और उन्हें कंट्रोल करती है। बताते चलें कि रुपाली गांगुली ने साल 2013 में अश्विन के. वर्मा से शादी की थी। शादी से पहले दोनों 12 सालों तक रिलेशनशिप में रहे थे। इस शादी से कपल को एक बेटा है। वहीं ईशा अश्विन की पहली पत्नी की बेटी हैं।

**गुगल पर ट्रेंड हो रही हैं रुपाली गांगुली :** विवादों में आने के बाद अनुपमा शो एक्ट्रेस रुपाली गांगुली लगातार ट्रेंड कर रही हैं। बीते कुछ दिनों में रुपाली गांगुली को जमकर सर्ज किया गया है।

# अर्जुन कपूर की ट्रोलिंग पर रोहित शेट्टी का रिएक्शन

## बोले- इससे डील करना उसके लिए आसान नहीं था, खुशी है लोगों का नजरिया बदला



रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में अर्जुन कपूर ने विलेन का रोल निभाया है, जिसकी काफी तारीफ हो रही है। हालांकि, फिल्म की रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर एक्टर को काफी ट्रोल भी किया गया था। इसको लेकर अब रोहित शेट्टी ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि ट्रोलिंग से डील करना अर्जुन के लिए आसान नहीं था, लेकिन अब उन्हें खुशी है कि हर कोई अर्जुन के काम और एक्टिंग की तारीफ कर रहा है। शुरुआत में अर्जुन कपूर को किया गया था शोशा से बातचीत के दौरान रोहित शेट्टी ने कहा, 'सिंघम अगेन के ट्रेलर के बाद सोशल मीडिया पर अर्जुन कपूर को काफी ट्रोल किया गया था। लोग कहते थे कि उनसे निपटने के लिए पांच लोगों की टीम चाहिए होगी। मैं उन्हें दोष नहीं देता, क्योंकि ये उनकी राय थी। लेकिन मुझे खुशी है कि फिल्म को देखने के बाद लोगों का नजरिया बदला है। सभी ने अर्जुन के काम और उनकी एक्टिंग की तारीफ की।' रोहित शेट्टी ने बताया, 'जब अर्जुन कपूर सिंघम अगेन की शूटिंग कर रहे थे, तो वे एक मुश्किल दौर से गुजर रहे थे। उनकी फिल्में ठीक नहीं चल रही थीं और लगातार उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था। किसी के लिए भी ट्रोल्स से जूझते हुए अच्छा काम करना आसान नहीं होता। लेकिन अर्जुन ने ऐसा किया। उन्होंने अपने काम में कोई कमी नहीं छोड़ी। इसी का रिजल्ट है कि लोग आज सिंघम अगेन में इतनी बड़ी कास्ट होने के बाद भी अर्जुन कपूर की तारीफ कर रहे हैं। 1 नवंबर को रिलीज हुई थी सिंघम अगेन बता दें, सिंघम अगेन 1 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, सलमान खान के अलावा बॉलीवुड के कई बड़े सितारे शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंघम अगेन फिल्म 350 करोड़ रूपये के भारी बजट में बनाई गई है। वहीं, इस फिल्म का क्लैश कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया-3 से हुआ था।

# मिसबिहेव के आरोपों को ड्वेन जॉनसन ने बताया बेबुनियाद

## बोले- ईमानदार हूं, सेट पर 8 घंटे लेट नहीं पहुंचा; बोतलों में पेशाब जरूर की



कुछ वक्त पहले हॉलीवुड एक्टर ड्वेन जॉनसन पर फिल्म रेड वन के सेट पर देर से आने का आरोप लगा था। साथ ही कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था कि एक्टर सेट पर मिस बिहेव करते हैं। अब इन सभी आरोपों पर जॉनसन ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह कभी-कभी सेट पर देर से पहुंचते हैं, लेकिन उतने भी लेट नहीं होते जितना कि मीडिया में बताया गया था। इसके अलावा, जॉनसन ने स्वीकार किया कि उन्होंने सेट पर पानी की बोतलों में पेशाब किया है।

जीक्यू मैगजीन के साथ इंटरव्यू में ड्वेन जॉनसन ने अपनी देर से आने की आदतों पर उठे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'जो रिपोर्ट्स आई थीं, वे पूरी तरह से सही नहीं थीं। लेकिन कुछ बातें सही थीं। मैंने हमेशा कहा है कि मैं यहां हूं, आओ मुझसे पूछो, और मैं तुम्हें सच बताऊंगा। जॉनसन ने कहा, हां, मैंने काम के दौरान पानी की बोतलों में पेशाब किया है। लेकिन जो रिपोर्ट में यह बताया गया है कि मैं कभी-कभी आठ घंटे देर से सेट पर आता हूं, तो ऐसा कुछ नहीं होता है। यह पूरी तरह से बकवास है। मुझे काम की जिम्मेदारी लेना पसंद है।

रेड वन के डायरेक्टर जेक कैसडन ने ड्वेन जॉनसन का समर्थन करते हुए कहा, 'जॉनसन कभी अपने काम को नहीं छोड़ते हैं। हां, वह कभी-कभी सेट पर देर से पहुंच सकते हैं। उन्हें कई कात होते होंगे। लेकिन सेट पर देर से पहुंचना हॉलीवुड में आम बात है। हर किसी के साथ ऐसा होता है।

ड्वेन जॉनसन के को-एक्टर क्रिस इवांस ने भी उनका समर्थन किया और कहा कि पूरी टीम को यह अच्छे से पता होता है कि जॉनसन कब आएंगे, इसलिए समय की बर्बादी नहीं होती।

# माधुरी दीक्षित के साथ डांस पर विद्या बालन बोलीं : मेरे लिए उनके स्टेप्स मैच करना बहुत बड़ी बात थी, दिनभर बस रिहर्सल करती थी

विद्या बालन ने 17 साल बाद भूल भुलैया 3 में अपने फेमस किरदार मंजुलिका को फिर से निभाया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने माधुरी दीक्षित के साथ डांस करने को लेकर अपने डर के बारे में बात की। साथ ही यह भी शेयर किया कि फिल्म की सफलता उनके लिए कितनी जरूरी है। विद्या ने कहा कि वह चाहती हैं कि महिला-केंद्रित फिल्में लोगों को ज्यादा से ज्यादा पसंद आएं।

विद्या बालन ने फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर कहा, 'जितना मैंने सोचा था, उससे कई ज्यादा अच्छा महसूस हो रहा है। ईमानदारी से कहूं तो मैंने यह कभी सोचा ही नहीं था कि 17 साल बाद मैं फिर से भूल भुलैया करूंगी और मंजुलिका को जिंदगी में वापस लाऊंगी। मुझे यह भी उम्मीद नहीं थी कि मुझे इसके लिए इतनी मोहब्बत मिलेगी। मैं बहुत खुश हूं, बहुत खुश हूं कि फिल्म इतनी अच्छी तरह से चल रही है। यह अब तक मेरी सबसे बड़ी सफलता है।'

विद्या की मानें तो इस फिल्म को करने से उन्हें दो बड़े मौके मिले हैं। पहला तो उन्होंने अपना फेमस किरदार मंजुलिका को फिर से निभाया। दूसरा



उन्हें जीवन में एक बार मशहूर डांसर और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ डांस करने का मौका मिला।

विद्या बालन ने कहा, 'मैं खुद को डांसर नहीं मानती। लेकिन अगर मुझे एक्टर के तौर पर डांस करना पड़े, तो मैं उस पर मेहनत करूंगी। जब डांस माधुरी दीक्षित के साथ करना हो, तो और भी मेहनत करनी पड़ती है, क्योंकि यह जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है। जो लोग पहले माधुरी के साथ डांस कर चुके हैं, जैसे ऐश्वर्या राय और करिश्मा कपूर, वे सभी डांसर हैं। तो मैंने सोचा, अगर मुझे यह मौका मिल रहा है, तो मुझे दोगुनी मेहनत करनी चाहिए।

अपनी नजर सिर्फ उसी चीज़ पर रखो जिसे तुम पाना चाहते हो, उस पर नहीं जिसे तुम खो चुके हो!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# मटकी गले में डालकर अनोखे अंदाज में वोट मांगते दिखे निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश प्रजापत

## नंगे पांव गली-गली घूमकर मतदाताओं को लुभा रहे दिनेश प्रजापत, 2000 वोट पाने के बाद फिर से मैदान में




बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां देवली विधानसभा के उपचुनाव का प्रचार प्रसार थमने के बाद से ही चुनावी मैदान में खड़े सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने-अपने अंदाज में हाथ जोड़कर वोट मांगने के लिए अपील करते दिखाई दिए। इसी क्रम मे मंगलवार को शाम 8.30 बजे को देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिनेश प्रजापत ने अपने चुनाव चिन्ह मटकी को गले में पहनकर अपने समर्थकों के साथ नंगे पांव गली-गली घरों में पहुंचकर अपने चुनाव चिन्ह मटकी के निशान पर वोट डालने की अपील की। निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश प्रजापत के इस अनूठे अंदाज से लोगों का मनोरंजन होता चला आ रहा है इसलिए की दिनेश प्रजापत कभी तो हाथ फैला कर तो कभी झोली फैला कर भिखारी के समान तो कभी गले में मटकी पहनकर अपने पक्ष में लोगों से वोट मांगने के अनूठे अंदाज मे यहां मशहूर होते चले जा रहे हैं। यहां लोगों द्वारा बताया जाता है कि अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भी दिनेश प्रजापत ने जहाजपुर कोटडी विधानसभा चुनाव से भी चुनाव लड़ा था। उक्त दौरान विधानसभा चुनाव में जहाजपुर कोटडी विधानसभा क्षेत्र से दिनेश प्रजापत को लगभग 2000 मत प्राप्त हुए थे। अब यहां देखने वाली और समझने वाली बात तो यह है कि गहलोत सरकार के राज्य मंत्री धीरज गुर्जर कांग्रेस प्रत्याशी जहाजपुर कोटडी विधानसभा चुनाव में लगभग 350 मतों से हार गए थे यहां से भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा को दोबारा अजीत प्राप्त हुई थी। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश प्रजापत फिर से देवली उनियारा विधानसभा के उपचुनाव में जिस अंदाज और अनूठे तरीकों से लोगों के बीच घर-घर पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। तो फिर कहीं ना कहीं किसी के भाग्य पर कुंडली मारकर नहीं बैठ जाएं इसलिए की जहां भी दिनेश प्रजापत इस अंदाज में पहुंचते हैं वहां लोग दिनेश प्रजापत को फूलों की माला पहनकर उनके पक्ष में वोट करने की बात कहते हैं ऐसे में देखना यह होगा कि दिनेश प्रजापत को मिलने वाले मतों से किस दिग्गज नेता के भाग्य पर ग्रहण लगने वाला है। इसलिए कि दिनेश प्रजापत को अभी हाल ही में विधानसभा चुनाव दौरान लगभग जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से 2000 मत प्राप्त हुए थे। और यही से कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज गुर्जर भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा से मात्र 350 वोटो से हार गए थे।

# चीन-तलाक से परेशान बुजुर्ग ने लोगों पर कार चढ़ाई, 35 की मौत, 43 घायल

## पत्नी के साथ संपत्ति के बंटवारे से नाराज था



बढ़ता राजस्थान

**बीजिंग ( एजेंसी )।** चीन के झुहाई शहर में सोमवार रात को 62 साल के एक बुजुर्ग ने कार से कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में 35 लोगों की मौत हो गई, जबकि 43 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फैन नाम का आरोपी अपने तलाक के बाद पत्नी के साथ संपत्ति के बंटवारे को लेकर नाराज था। ये घटना एक स्पोर्ट सेंटर के पास हुई, जहां लोग एक्सरसाइज करने पहुंचे थे। ये हमला था या एक्सीडेंट, अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है। फैन को कार में एक चाकू के साथ पकड़ा गया था। उसके गले पर खुद को चोट पहुंचाने के निशान थे। जब उसे पकड़ा गया तब वह बेहोश था, फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। चीन ने खबर को सेंसर किया झुहाई में मंगलवार को सेना की प्रदर्शनी का आयोजन होना था। इसके चलते चीन सरकार ने लोगों की मौत की खबर को सेंसर कर दिया। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार सुबह इस खबर से जुड़े कई आर्टिकल चीनी मीडिया से हटाए गए। इसके अलावा जो आर्टिकल पब्लिश भी हुए, उन्हें बिना फोटो और वीडियो के पब्लिश किया गया। हालांकि घटना से जुड़े वीडियो और फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर वायरल हो गए। इन्हें यंग ली नाम के एक यूजर ने पोस्ट किया था।

चीन में पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं चीन में लोगों पर हमले की ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। अक्टूबर में एक शख्स ने राजधानी बीजिंग में एक स्कूल पर हमला किया था। जिसमें 5 लोग घायल हुए थे। हमले के आरोप में पुलिस ने 50 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा ऐसी ही एक घटना सितंबर में भी हुई थी। चीन की पोर्ट सिटी शंघाई के एक सुपर मार्केट में एक व्यक्ति ने लोगों पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में 3 लोगों की मौत हो गई थी।

# ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार केस में सुनवाई टली

## सजा रद्द करने की अपील की थी; पैसे देकर पोर्न स्टार को चुप कराने का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** पोर्न स्टार केस में दोषी पाए डोनाल्ड ट्रम्प की सजा रद्द करने के मामले में सुनवाई टल गई है। न्यूयॉर्क की कोर्ट में मंगलवार को ट्रम्प की सजा रद्द करने पर सुनवाई होनी थी। न्यूयॉर्क कोर्ट के जज जुआन एम. मर्चन ने कहा कि वो इस मामले में 19 नवंबर तक के लिए सुनवाई टाल रहे हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते इस मामले में ट्रम्प के वकीलों ने कोर्ट से सुनवाई टालने के लिए कहा था। ट्रम्प ने हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। इस साल 30 मई को कोर्ट ने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने में दोषी करार दिया था। दोषी पाए जाने के बाद ट्रम्प ने अगस्त में फेडरल कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप करने के लिए कहा था। इसके बाद फेडरल कोर्ट ने मामला वापस न्यूयॉर्क कोर्ट में भेज दिया था।

### 2016 में राष्ट्रपति बनने से पहले का मामला

ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और इलेक्शन कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के केस चल रहे थे। यह मामला 2016 में उनके अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। इसके खुलासे के बाद पहली बार ऐसा हुआ था जब अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी प्रेसिडेंट पर आपराधिक केस चलाया गया।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कोर्ट ने 6 सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल्स भी शामिल थीं। फैसले के बाद ट्रम्प ने अपना रिएक्शन भी दिया था।

# राजस्थान में 19 नवंबर से सर्दी तेज होने की संभावना

## माउंट आबू में पारा 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में में सुबह बीकानेर और आसपास के क्षेत्रों में कोहरा छाने लगा है। मंगलवार को भी कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम रही। वहीं, श्रीगंगानगर में स्मॉग रहा। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में जबकि सबसे कम तापमान हिल स्टेशन माउंट आबू में दर्ज हुआ। वहीं, सबसे खराब एयर क्वालिटी गंगानगर में 282 रिकॉर्ड की गई।

मौसम विशेषज्ञों ने बताया- 19-20 नवंबर से राजस्थान में सर्दी बढ़ने की संभावना है। क्योंकि 14 नवंबर से एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के एरिया में एक्टिव होगा। इससे वहां बारिश के साथ कुछ स्थानों पर हल्का स्नो फॉल (बर्फबारी) हो सकती है। इस सिस्टम प्रभाव से ही उत्तरी और मध्य भारत के राज्यों में सर्दी की शुरुआत होने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। जैसलमेर, जोधपुर, चूरू, जालोर, धौलपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जयपुर में कल अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया। राज्य के सभी शहरों में कल दिन में धूप रही और हल्की गर्मी रही।

शाम होने के बाद अधिकांश शहरों में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुए। अजमेर, भीलवाड़ा, सीकर, उदयपुर, सिरोही, फतेहपुर और जालोर में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज हुए। जोधपुर में भी कल न्यूनतम तापमान गिरकर 16.7 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

# कश्मीर-लद्दाख में सीजन की पहली बर्फबारी

## ऐतिहासिक मुगल रोड बंद, स्की रिसॉर्ट में पर्यटक उमड़े; कुछ दिन हल्की बर्फबारी का अनुमान

बढ़ता राजस्थान



**श्रीनगर/नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कश्मीर घाटी के कई पहाड़ी और मैदानी इलाकों सोमवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। कुपवाड़ा जिले के साधना टॉप, गुरेज, पीर पंजाल रेंज, पीर की गली, सोनमर्ग सहित लद्दाख के जोजिला दर्रे में भी बर्फबारी हुई। इसके बाद गुलमर्ग और सोनमर्ग के स्की रिसॉर्ट में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। बर्फबारी के कारण श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में कोहरा छाया रहा, जिससे सड़क और हवाई यातायात बाधित रहा। मौसम विभाग ने उत्तर और मध्य कश्मीर के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के साथ हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया है।

# 'झरिया में कमल का बटन दबाएं; करंट इटली में लगे'

## शाह बोले- इंदिरा गांधी भी आएगी तो ऑर्टिकल 370 वापस नहीं आएगा

बढ़ता राजस्थान




**धनबाद ( एजेंसी )।** झारखंड में पहले फेज का चुनाव प्रचार थमने के बाद दूसरे फेज का जोर पकड़ने लगा। धनबाद के झरिया और बाघमारा में मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जनसभा की। उन्होंने कहा- भाजपा की सरकार बनी तो किसी भी हालत में मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं किया जाएगा। आर्टिकल 370 तो राहुल गांधी क्या इंदिरा जी भी आएंगी तो वापस नहीं हो सकता।

# गिरिराज बोले- राहुल देश में गृह युद्ध कराना चाहते हैं

## वे अशांति फैला रहे; खड़गे ने कहा था- बीजेपी-आरएसएस वाले बांटने-काटने की बात करते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर देश में गृह युद्ध उकसाने के आरोप लगाए हैं। न्यूज एजेंसी को दिए एक बयान में सिंह ने कहा- अगर देश को किसी से कोई खतरा है तो कांग्रेस पार्टी से है, जो देश में गृह युद्ध करवाना चाहती है। गिरिराज ने ये भी कहा राहुल गांधी देश में अशांति पैदा कर न सिर्फ गृहयुद्ध कराना चाहते हैं, बल्कि गृह युद्ध में देश को बर्बाद भी करना चाहते हैं। गिरिराज सिंह ने यह बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान के जवाब में दिया जहां उन्होंने देश को आरएसएस-बीजेपी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह से खतरा बताया था। खड़गे ने कहा बीजेपी-आरएसएस बांटने और मारने की बात करते हैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को संविधान बचाओ सम्मेलन में बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधा था। उन्होंने बीजेपी के बटेंगे तो कटेंगे नारे की भी आलोचना की।

# यूक्रेन-जंग में रूस का साथ दे सकता है नॉर्थ कोरिया

## दोनों देशों के बीच रक्षा समझौता, एक दूसरे को सैन्य मदद देंगे

बढ़ता राजस्थान



**प्योंगयांग ( एजेंसी )।** नॉर्थ कोरिया और रूस के बीच रक्षा समझौता हुआ है। इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे को सैन्य मदद मुहैया करवाएंगे। इस साल जून में नॉर्थ कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में दोनों देश के बीच हुए शिखर सम्मेलन के दौरान इस समझौते पर सहमति बनी थी। रूस की न्यूज एजेंसी के मुताबिक 9 नवंबर को पुतिन ने इस पर हस्ताक्षर किए। रूस की संसद ने भी इसे मंजूरी दे दी है। जिससे अब यह समझौता कानून बन गया है। इसके बाद 11 नवंबर को नॉर्थ कोरिया ने भी इस समझौते की पुष्टि कर दी है।

यह कोल्ड वॉर के बाद दोनों देशों के बीच होने वाला सबसे बड़ा समझौता है। इसके मुताबिक अगर दोनों में से किसी देश पर हमला होता है, तो एक-दूसरे को सैन्य मदद दी जाएगी। इसके बाद से रूस-यूक्रेन जंग में नॉर्थ कोरिया के शामिल होने के आसार बढ़ गए हैं। दावा- नॉर्थ कोरिया ने 12000 सैनिकों को युद्ध में भेजा अमेरिका, दक्षिण कोरिया और यूक्रेन की खुफिया एजेंसियों का कहना है कि नॉर्थ कोरिया ने 12000 सैनिकों को यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद करने के लिए भेजा है। यह फैसला प्योंगयांग में हुए शिखर सम्मेलन के बाद ही लिया गया था। यूक्रेनी सैनिकों की रूस के कुर्स्क इलाके में नॉर्थ कोरियाई सैनिकों के साथ छोटे स्तर पर लड़ाई भी हुई थी। पिछले हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी कहा था कि नॉर्थ कोरिया के सैनिक रूस के साथ जंग में शामिल हैं, जिनसे यूक्रेनी सैनिकों की झड़प हुई है। इसके अलावा 2023 के बाद नॉर्थ कोरिया ने रूस को 13 हजार हथियारों के कंटेनर भी दिए है। जिनका इस्तेमाल रूस यूक्रेन के खिलाफ कर रहा है।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# कांग्रेस देश को कमजोर करने का मौका नहीं छोड़ती : पीएम

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर पहुंचे। यहां उन्होंने चिमूर में कहा- कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी वाले देश को पीछे करने का और कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। ये हमारी सरकार है जिसने नक्सलवाद पर लगाम लगाई। पीएम बोले- हमने जम्मू-कश्मीर से 370 को खत्म किया। कश्मीर को भारत और भारत के संविधान से पूरी तरह जोड़ा, लेकिन कांग्रेस और उसके साथी कश्मीर में फिर से 370 लागू करने के लिए प्रस्ताव पास कर रहे हैं। ये लोग वो काम कर रहे हैं जो पाकिस्तान चाहता है।

## पीएम ने क्या कहा....

1. **नक्सलवाद** पर प्रधानमंत्री ने कहा- हमारे चंद्रपुर के इस क्षेत्र ने भी दशकों तक नक्सलवाद की आग को झेला है। यहां नक्सलवाद के कुचक्र में कितने ही युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। हिंसा का खूनी खेल चलता रहा, औद्योगिक संभावनाओं ने यहां दम तोड़ दिया।

कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। हमारी सरकार ने नक्सलवाद पर लगाम लगाई। आज ये पूरा क्षेत्र खुलकर सांस ले पा रहा है। अब चिमूर और गढ़चिरौली के क्षेत्र में नए अवसर बन रहे हैं। इस क्षेत्र में नक्सलवाद फिर से हावी न हो जाए, इसके



लिए आपको कांग्रेस और उसके साथियों को यहां फटकने भी नहीं देना है।

2. **कांग्रेस** और उसके सहयोगियों पर पीएम ने कहा- कांग्रेस और अघाड़ी वाले देश को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। जम्मू-कश्मीर दशकों तक अलगाववाद-आतंकवाद में जलता रहा। महाराष्ट्र के कितने ही वीर जवान मातृभूमि की रक्षा करते-करते जम्मू-कश्मीर की धरती पर शहीद हो गए। जिस कानून की आड़ में, जिस धारा की आड़ में ये सब हुआ, वो धारा थी 370।